ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● आश्विन शुक्ल पक्ष 08 ● विक्रम संवत 2080 ● रविवार, 22 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 259 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

## नवरात्र : आठवां दिन मां गौरी



### स्तुति मंत्र

**श्वेत वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।**
**महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा॥**

ध्यान मंत्र- जो श्वेत वृष पर आरूढ़ होती हैं, श्वेत वस्त्र धारण करती हैं, सदा पवित्र रहती हैं तथा महादेव जी को आनन्द प्रदान करती हैं, वे महागौरी दुर्गा मंगल प्रदान करें।

## मां के दर्शन को पंडालों में उमड़ रही भक्तों की भीड़



बिरसा चौक स्टेशन रोड



बकरी बाजार



चर्च रोड



पंच मंदिर, हरमू



सेल सैटेलाइट कॉलोनी



चन्द्रशेखर आजाद

## गागर में सागर

### झारखंड में ठंड की दस्तक, रात में बढ़ी सिहरन

**रांची।** राज्य में ठंड ने दस्तक दे दी है। रांची और आसपास के क्षेत्रों में रात के दौरान सिहरन बढ़ने लगी है। न्यूनतम तापमान में गिरावट आ रही है। शनिवार को रांची का अधिकतम 27 तापमान और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया। शहर के तापमान से कांके और आसपास का तापमान करीब दो डिग्री नीचे आ गया है। हालांकि, दिन में आसमान साफ होने के कारण धूप खिल रही है। अन्य शहरों के तापमान में भी गिरावट आ रही है। रांची मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि पूरे राज्य से मानसून की विदाई हो चुकी है। दुर्गा पूजा में लोग घूमने फिरने का आनंद ले सकते हैं। मौसम बढ़िया रहेगा। वर्षा होने की कोई संभावना नहीं है। इसके अलावा राज्य के बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। रांची में 20 से 23 अक्टूबर को आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। इसके बाद राज्य के तापमान में गिरावट होगी, जिससे राज्य में ठंड का प्रकोप बढ़ेगा। राज्यवासियों को सुबह और शाम ठंड परेशान करेगी।

### पश्चिमी सिंहभूम में तीन आईईडी बम बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) पुलिस ने टोंटो थाना के पाटातोरब के पास सर्च अभियान के दौरान तीन आईईडी और एक स्पाइक हॉल बरामद किया गया है। एसपी आशुतोष कुमार ने शनिवार को बताया कि नक्सलियों के खिलाफ सर्च के दौरान आईईडी और स्पाइक हॉल बरामद किया गया। बरामद आईईडी में आठ किलो का एक, पांच किलो का दो और एक स्पाइक हॉल शामिल है। तीनों को सुरक्षाबलों ने डिफ्यूज कर दिया। उन्होंने बताया कि लगातार इलाके में नक्सलियों के सफाये तक सर्च अभियान जारी रहेगा।

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा

# पलामू के 5 की मौत, 3 गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के शिकार हुए सभी लोग मूल रूप से झारखंड के पलामू के थाना हुसैनाबाद के जपला कचरा गांव के रहने वाले थे। सभी दुर्गा पूजा के मौके पर दिल्ली से पलामू स्थित घर लौट रहे थे। बताया गया है कि वाहन में कुल आठ लोग सवार थे, जिसमें से पांच की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन बच्चे घायल हुए हैं। घायलों को कैलाश हॉस्पिटल जेवर में भर्ती



कराया गया है। मरने शेष पृष्ठ 11 पर

## इसरो ने लॉन्च की गगनयान की पहली टेस्ट फ्लाइट

**एजेंसी। श्रीहरिकोटा**

भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन/गगनयान के पहले रॉकेट हिस्सा - परीक्षण वाहन-डी1 (टीवी-डी1) का कुछ विलंब के बाद शनिवार सुबह 10 बजे सफल प्रक्षेपण किया गया। इसका प्रक्षेपण सुबह 8 बजे निर्धारित था, लेकिन मौसम की स्थिति और खराब दृश्यता के कारण इसे सुबह 8.45 बजे के लिए पुनर्निर्धारित किया गया था। लेकिन तकनीकी खामियों के चलते आखिरकार सुबह 10 बजे इसका प्रक्षेपण किया गया। इसरो अध्यक्ष एस.सोमनाथ ने कहा फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) क्रू एस्केप सिस्टम का प्रदर्शन करेगा और शनिवार का मिशन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा नियोजित चार ऐसी परीक्षण उड़ानों में से पहला है। दूसरे



शब्दों में, अगर क्रू मॉड्यूल में अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने वाले रॉकेट में कुछ गड़बड़ हो जाती है, तो उन्हें बचाना होगा, क्योंकि उनकी जान को खतरा होता है। क्रू एस्केप सिस्टम को अंतरिक्ष यात्रियों को समुद्र में सुरक्षित रूप से नीचे लाकर उनके जीवन की रक्षा करने के लिए डिजाइन किया गया है। लड़ाकू विमान से बाहर निकलने वाले लड़ाकू पायलट की तरह, अंतरिक्ष यात्रियों के साथ क्रू मॉड्यूल अलग हो जाएगा और पैराशूट की मदद से समुद्र में गिर जाएगा। योजनाओं के अनुसार, भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन या गगनयान की उड़ान 2025 में होने की उम्मीद है और क्रू एस्केप सिस्टम का परीक्षण उसी का हिस्सा है। इसरो के अनुसार, शनिवार की उड़ान प्रदर्शन और परीक्षण वाहन उप प्रणालियों, विभिन्न पृथक्करण प्रणालियों और चालक दल मॉड्यूल विशेषताओं, उच्च ऊंचाई पर मंदी प्रणालियों के प्रदर्शन और इसकी पुनर्प्राप्ति सहित चालक दल भागने प्रणाली के उड़ान प्रदर्शन और मूल्यांकन के लिए है। लगभग 35 मीटर लंबा और लगभग 44 टन वजनी, परीक्षण वाहन/रॉकेट एक संशोधित विकास इंजन का उपयोग करता है, जो तरल ईंधन द्वारा संचालित होता है। क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम रॉकेट के अगले सिरे पर लगे होते हैं। संपूर्ण उड़ान अनुक्रम परीक्षण रॉकेट के प्रक्षेपण से लेकर क्रू मॉड्यूल के पैराशूट की तैनाती के साथ समुद्र में उतरने तक लगभग 531 सेकंड या लगभग नौ मिनट लगेंगे। इसरो के अनुसार, क्रू मॉड्यूल का द्रव्यमान 4,520 किलोग्राम है शेष पृष्ठ 11 पर

## आईसीसी वर्ल्ड कप 2023

नीदरलैंड्स - 262/10 (49.4 ओवर)
श्रीलंका - 263/5 (48.2 ओवर)

द. अफ्रीका - 399/7 (50 ओवर)
इंग्लैंड - 170/9 (22 ओवर)

**आज का मैच**

भारत बनाम न्यूजीलैंड धर्मशाला (2 बजे से)

### पूर्व आईपीएस अधिकारी के फर्जी फेसबुक एकाउंट से ठगी, केस दर्ज

**रांची।** हेहल बगीचा टोली के रहने वाले सेवानिवृत आईपीएस डॉ अरूण उरांव के नाम से फर्जी फेसबुक एकाउंट बनाकर साइबर ठगी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इस संबंध में रिटायर आईपीएस डॉ अरूण ने मंगलवार को पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि उनके नाम से साइबर ठगों ने एक फर्जी एकाउंट खोला है। एकाउंट बनाने वाला खुद को सीआरपीएफ अधिकारी बताकर कुछ फर्नीचर की तस्वीर डाली है। उसमें कहा जा रहा है कि उनका स्थानांतरण हो गया है।

### दुमका में सामूहिक दुष्कर्म का मामला

## हाईकोर्ट ने सिविल कोर्ट के फैसले को पलटा, कहा- दोबारा ट्रायल करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने दुमका सिविल कोर्ट के एक फैसले को पलट दिया है। हाई कोर्ट ने दोषियों की फांसी की सजा को पलटते हुए दोबारा ट्रायल करने का आदेश दिया है। दरअसल, दुमका सिविल कोर्ट ने गैंगरेप के तीन आरोपितों को वर्ष 2020 में दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। साथ ही 25-25 हजार का जुमार्ना लगाया था। सिविल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखने के लिए हाई कोर्ट में डेथ रेफरेंस याचिका दाखिल की गयी थी। मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की डेथ रेफरेंस याचिका खारिज कर दी। साथ ही तीनों के खिलाफ दोबारा ट्रायल शुरू करने का आदेश दिया है।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जिस कोर्ट ने तीनों आरोपितों को दोषी करार दिया था, उस कोर्ट में ट्रायल न किया जाये, बल्कि दूसरे कोर्ट में इस मामले का ट्रायल किया जाये। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से लोक अभियोजक पंकज कुमार ने पक्ष रखा। हाई कोर्ट ने इस मामले के लिए अधिवक्ता कुमार वैभव को अमेकस क्यूरी (न्याय मित्र) के रूप में शेष पृष्ठ 11 पर

### अवैध खनन मामला

## दाहू यादव के भाई सुनील के खिलाफ आरोप पत्र दायर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साहिबगंज में हुए एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले के आरोपित दाहू यादव के भाई सुनील यादव के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दी है। आरोप पत्र ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दाखिल की गई है। आरोप पत्र में अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग में सुनील यादव की भूमिका की विस्तृत जानकारी दी गयी है। ईडी के विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने शनिवार को बताया कि आरोप पत्र दाखिल किया गया है। दाहू और सुनील यादव सगे भाई हैं। इनपर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के साथ मिलकर अवैध खनन, अवैध परिवहन और साहिबगंज में गंगा नदी पर अवैध तरीके से जहाज परिचालन का आरोप है।

## व्यवसायी से 50 लाख की धोखाधड़ी, तुलसी भंडार के संचालक के खिलाफ केस दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के महावीर मंदिर के समीप रहने वाले जीतू कुमार गुप्ता 50 लाख की धोखाधड़ी कर ली गई है। इस संबंध में जीतू कुमार ने सुखदेवनगर थाने में तुलसी भंडार के संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। जीतू की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि सात अक्तूबर को उनकी पत्नी नेट बैंकिंग के माध्यम से 25-25 लाख रुपए दो बार में दूसरे के खाते में गलती से राशि ट्रांसफर कर दी। इसकी जानकारी मिलने के बाद वह सीधे बैंक गए और पता चला कि जिस खाते में राशि गई है, वह तुलसी भंडार के संचालक का है। इसके बाद नौ अक्तूबर को वह संचालक से मिले और मामले की जानकारी दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि राशि उनके खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी। दो दिन बीतने के बाद भी जब राशि उनके खाते में ट्रांसफर नहीं की गई तो वह बैंक गए और पता किया। इस दौरान उन्हें यह जानकारी मिली कि संचालक ने उस राशि को दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद वह फिर संचालक से मिले और राशि लौटाने का आग्रह किया। पहले तो संचालक ने टालमटोल किया। फिर राशि देने से इंकार कर दिया। इसके बाद वह 12 अक्तूबर को सीधे सुखदेवनगर थाना पहुंचे और संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### ठगी का आरोपी गिरफ्तार

सुखदेव नगर थाना पुलिस ने महिला समूह को लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोपित विकास सत्यम को शनिवार को गिरफ्तार किया है। आरोपित बिहार के पश्चिमी चम्पारण का रहने वाला है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि विकास सत्यम पर सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में लगभग 30 से 40 महिला से करीब दो लाख रुपये की ठगी का आरोप है।

### झारखंड में दो सियासी मुलाकातों पर चर्चा गर्म

# लालू से मिले बंधु और रघुवर से बन्ना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सियासत में हर बात और मुलाकात के मायने होते हैं। झारखंड में शनिवार को ऐसी ही दो सियासी मुलाकातों को लेकर तरह-तरह की चर्चा गर्म है। झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री-विधायक बंधु तिर्की ने शनिवार को पटना में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और झारखंड सरकार के कांग्रेसी कोटे के मंत्री बन्ना गुप्ता ने ओडिशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुवर दास से जमशेदपुर में मुलाकात की।

इन दोनों मुलाकातों को भले औपचारिक तौर पर शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है, लेकिन राज्य के सियासी हलकों में इन्हें भावी राजनीतिक समीकरणों का संकेतक माना जा रहा है। झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की की गिनती



राज्य के कद्दावर आदिवासी नेताओं में होती है। वह राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। उनके राजनीतिक करियर की शुरूआत लालू प्रसाद यादव के संरक्षण में राजद से ही हुई थी, लेकिन बाद में वह राजद छोड़कर कई पार्टियों से होते हुए वर्ष 2020 से कांग्रेस में हैं।

बंधु वर्ष 2019 में रांची के मांडर विधानसभा से विधायक चुने गए थे, लेकिन एक आपराधिक मामले में दो साल से ज्यादा की सजा हो जाने की वजह से उनकी विधायकी चली गई। इसके बाद उनकी सीट से उनकी पुत्री शिल्पी नेहा तिर्की विधायक चुनी गईं। बंधु झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष बनने के लिए लंबे समय से लॉबिंग कर रहे हैं।

लालू यादव से पटना जाकर उनकी मुलाकात को इसी संदर्भ में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि लालू यादव के जरिए उनकी दावेदारी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाई जा सकती है।

लालू यादव और राहुल गांधी के बीच हाल के महीनों में बेहतरीन केमिस्ट्री विकसित हुई है। ऐसे में लालू ने कांग्रेस में बंधु के लिए पैरवी की तो बंधु की ख्वाहिश पूरी हो सकती है। संभव यह भी है कि शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### नव पत्रिका प्रवेश के साथ पूजा प्रारंभ



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली मुरी क्षेत्र मे शनिवार की सुबह महासप्तमी की पूजा को लेकर ढाक-ढोल एवं गाजे बाजे के साथ सिल्ली मुरी के मां दुर्गा पंडालों से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सप्तमी की सुबह ही बच्चियां एवं महिलाएं मंदिर परिसर पहुंचने लगीं। इसके साथ ही कलश यात्रा पूजा पंडाल से स्वर्णरेखा नदी तक पहुंची, साथ ही विधिवत कलश में जल भरकर नव पत्रिका लेकर मंदिर में प्रवेश किया। कलश यात्रा मे शामिल सबों के द्वारा जय माता दी जय मां अंम्बे जय जगदम्बे मां शेरोवाली का जयकारा लगाते हुए मंदिर पहुंचे। नव पत्रिका प्रवेश के साथ ही महासप्तमी की पूजा प्रारंभ हुआ।

### दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली मुरी क्षेत्र में, दुर्गा पूजा को लेकर सिल्ली मुरी के प्रशासन ने शनिवार की शाम क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकला।एवं हर पुजा पंडाल का निरीक्षण किया साथ ही सभी से अपील करते हुए कहा की पुजा को शांति एवं सोहरद पूर्ण तरिके से मनाए। किसी भी तरह का अफवाह में ध्यान ना दें। नशापान से दुर रहें। शराब पिकर मंदिर मे प्रवेश ना करे। अगर किसी तरह भी किसी पर शक हो तो इसकी सुचना तुरंत प्रशासन को करे पुलिस उसपर कानुनी कारवाई करेगी।इस मौके पर शामिल सिल्ली थाना प्रभारी आकाश दीप, ओपी प्रभारी विपुल कुमार ओझा, राजकीय रेल थाना प्रभारी जमादार मुंडा,एस आई रंजीत कुमार, समेत पुलिस बल मौजूद थे।

### रातू में बाईक चोर गिरोह का आतंक

**रातू।** थाना क्षेत्र में बाईक चोर गिरोह का आतंक बढ़ गया है। चोर लगातार बाईक चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस की लाख कोशिश के बाद भी गिरोह पुलिस के हाथ नहीं लग रहे हैं। एक महीने के अंदर चोरों द्वारा दर्जनों बाइक की चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है। शनिवार को भी चोरों ने कमड़े व काठीटांड से बाईक व एक स्कूटी की चोरी कर फरार हो गये। पंडरा पंचसील नगर के रहने वाले निवेश चौधरी शाम 5 बजे अपनी यामहा कंपन्नी के आरवन 5 बाइक जेएच01इभी- 1464 को कमड़े स्थित महिंद्रा शोरूम के बाहर खड़ा कर शोरूम के अंदर चले गये। करीब एक घंटे के बाद 6 बजे जब शो रूम से बाहर निकले तो बाइक को गायब पाया। वहीं दूसरी चोरी काठीटांड चौक में हुई। भुक्तभोगी कचहरी रोड स्थित खटाल निवासी सुरेंद्र कच्छप के अनुसार वह पेशे से डाब कारोबारी है। शनिवार की शाम 7 बजे अपनी स्कूटी जेएच01सिटी-5745 से काठीटांड पहुंचे।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय से कम्प्यूटर और टैब चोरी मामले में छह धराये

**रांची।** नगड़ी थाना पुलिस ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय बालालोंग के कम्प्यूटर लैब से कम्प्यूटर, टैब और अन्य उपकरणों की चोरी मामले में छह नाबालिग को पकड़ा है। चोरी किये गये 18 पीस लेनोबो कम्पनी का टैब, सात पीस लेनोवो कम्पनी का मोनिटर, छह पीस की-बोर्ड, छह एसर कम्पनी का मोनिटर, सात पीस एसर कम्पनी का सीपीयू (थीन कलाईन), चार पीस बीजीएल कैबल और एक पीस एसर कम्पनी का माऊस बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो शनिवार को बताया कि 14 सितम्बर को उत्क्रमित उच्च विद्यालय बालालोंग के प्रधानाध्यापिका आबिदा हसन ने थाने में चोरी का मामला दर्ज कराया था।

### बाबूलाल मरांडी ने दुष्कर्म के आंकड़ों पर राज्य सरकार के घेरा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में दुष्कर्म के आंकड़ों को लेकर हेमंत सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने शनिवार को ट्विट कर कहा कि जिसके चरित्र पर दाग हो, जो दुष्कर्मियों का संरक्षक बन बैठा है, जिसने नारियों के सम्मान, अभिमान और पहचान को ठेस पहुंचाई है, ऐसी सरकार को अब डूबकर मर जाना चाहिए। बाबूलाल ने कहा कि आधिकारिक आंकड़े के अनुसार वर्ष 2020 में दुष्कर्म की कुल 1794 घटनाएं हुईं। वर्ष 2021 में 1617 और 2022 में 1612 दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। इन तीन वर्षों के दौरान झारखंड में औसतन पांच महिलाएं प्रतिदिन दुष्कर्म का शिकार हुईं। इस सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के बजाय अपराधियों और बलात्कारियों को संरक्षण देना उचित समझा है।

# हिंडाल्को ने मेदिनी बरटोला में ग्रामीण बच्चों के बीच स्कूली बैग का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। मूरी**

हिंडालको सी एस आर विभाग मुरी द्वारा सिल्ली प्रखंड के पिस्का पंचायत अंतर्गत मेदिनी बरटोला में ग्रामीण बच्चों के बीच स्कूली बैग के साथ कॉपी, पेंसिल ,रबर का वितरण किया गया ।कार्यक्रम का शुरूआत शिक्षा को लेकर ग्रामीणों के बीच प्रोत्साहित करते हुए हिंडाल्को एचआर हेड अरुण राय ने कहा शिक्षा का व्यापक प्रसार होनी चाहिए ।आज शिक्षा बहुत जरूरी है शिक्षा आप लोगों की सुझाव के साथ हमें यह कहना है कि हम लोग आपको पैरों पर खड़ा करना चाहते हैं लेकिन हम अपने ऊपर आश्रित नहीं करना चाहते हैं आश्रित करने का काम दूसरे लोग करते हैं उन्होंने कहा इस क्षेत्र से मेरा भावनात्मक लगाव है जब मैं यहां आता हूं तो मुझे लगता है कि यह मेरा घर है। स्कूली बच्चों को शिक्षित करने का उद्देश्य से ग्रामीणों ने अपनी सहमति से कौशल्या देवी और सोनू कुमार को शिक्षक के रूप में नाम सुझाया , जिसे हिंडालको विभाग ने स्वीकृति देते हुए कहा कि शिक्षकों की मानदेय की व्यवस्था विभाग करेगी। गांव में सबसे ज्यादा पढ़ी-लिखी लखी मनी कुमारी जो एम ए की हुई थी। जिसे तालियां बजाकर से स्वागत किया गया। पढ़ने लिखने को लेकर ग्रामीण में काफी उत्साह था। सभी चाहते थे कि हमारे बच्चे पढे और आगे बढ़े। हिंडालको विभाग के ई आर हेड कुमार अभिषेक, चिकित्सा विभाग के डॉक्टर सौरभ, सीएसआर हेड अनिल कुमार सिंह,संदीप ,सौरभ ईँ१३ ३ल्लँउपस्थित ग्रामीणों के बच्चों को शिक्षा के ऊपर दो शब्द बोलते हुए हौसला बढ़ाया। परेश बेदिया ने गांव के सभी बच्चों को बारी-बारी से लिस्ट पढ़कर स्कूली बैग दिलाते हुए सभी अधिकारी स परिचय करवाया। मौके पर नारायण बेदिया,भारती देवी, त्रिदेव माझी एवं गांव के सभी ग्रामवासी उपस्थित होकर कार्यक्रम के प्रति आभार जताया।

### गोरखा शक्ति पूजा - डोली में निकली मां दुर्गा

# महासप्तमी के दिन हुई फुलपाती पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गोरखा जवानों की दुर्गा पूजा अपने आप में बेहद विशेष होती है। नवरात्र में हर दिन विभिन्न तरीकों से मां शक्ति की पूजा गोरखा जवान करते हैं। महासप्तमी के अवसर पर गोरखा जवान नव पत्रिका प्रवेश के साथ फुलपाती पूजा करते हैं। इस दौरान गोरखा जवान पेड़ पौधों की पूजा करते हैं ताकि जंग या फिर किसी मुठभेड़ के दौरान जंगलों में पेड़ पौधे भी उनके जवानों की रक्षा करें।

**फुलपाती पूजा हुई सम्पन्न :** महासप्तमी के अवसर पर झारखंड आर्म्ड फोर्स वन परिसर में पूरे सैनिक सम्मान के साथ माता को डोली में बिठाकर फुलपाती की रस्म अदायगी की गई। इस दौरान गोरखा जवानों के परिवारों के बीच हर्ष का माहौल देखने को मिला। गोरखा परिवार की महिलाएं नवरात्र के पर्व को महा उत्सव के तौर पर मानते हैं। दरअसल गोरखा जवान नक्सलियों के खिलाफ या फिर वीआईपी की सुरक्षा का मामला हो हर जगह वे बहादुर के साथ कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। ऐसे में उनका विश्वास है कि अगर वह मां शक्ति, मां दुर्गा की पूजा श्रद्धापूर्वक करें तो उनके ऊपर आने वाली विपदा को मा शक्ति खुद से हर लेती है। यही वजह है कि फूलपति के दिन भी गोरखा परिवारों का उत्साह अपने चरम पर होता है नाचते गाते , नौ कन्या रूपी माता को सिंगार करना। उसके बाद माँ को डोली में बिठाकर पूरे परिसर में यात्रा निकाली जाती है।इस दौरान बैंड बाजे के साथ नौ कन्याएं आगे-आगे नौ विभिन्न रंगों के ध्वज लेकर निकाली थी। यात्रा में डोली को भी शामिल किया गया था, फुलपाती यात्रा में शामिल गोरखा परिवार पूर्व से चली आ रही है परंपरा के अनुसार नौ जगहों पर पेड़ की पूजा करते हैं। इस दौरान पूजा अर्चना के साथ-साथ फायरिंग भी की गई। यात्रा संपन्न होने के बाद भतुआ की बलि भी दी गई।

### योगेंद्र तिवारी भी प्रेम प्रकाश जैसे सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार का सरगना : भाजपा

**रांची।** भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने शनिवार को राज्य सरकार पर फिर हमला बोला। षाडंगी ने कहा कि योगेंद्र तिवारी की गिरफ्तारी से राज्य सरकार के सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार की कई परतें खुलेंगी। योगेंद्र तिवारी भी प्रेम प्रकाश सहित अन्य सत्ता दलालों की तरह ही भ्रष्टाचार का सरगना है, जिससे ईडी की पूछताछ में कई राज खुलेंगे। उन्होंने कहा कि आखिर तिवारी द्वारा कई मेल मैसेज को डिलीट किया जाना भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी होने का ही संकेत करता है। आखिर तीन साढ़े तीन वर्षों से राज्य सरकार ने योगेंद्र तिवारी पर मुकदमा दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं की? उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को योगेंद्र तिवारी का भूत कुछ दिन पहले से ही परेशान करने लगा था जिसके कारण झामुमो की बौखलाहट बढ़ गई थी। झारखंड का शराब घोटाला छत्तीसगढ़ शराब घोटाला से भी बड़ा साबित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य के सत्ता पक्ष की चुप्पी का रहस्य जनता जानना चाहती है।

# टेट पास पारा शिक्षकों ने किया राजद के प्रदेश कार्यालय का घेराव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के टेट पास पारा शिक्षक वेतनमान की मांग को लेकर अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय का घेराव कर रहे हैं। 61 दिनों से राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन कर रहे पारा शिक्षक राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय का घेराव करने से पहले मंत्री मिथिलेश ठाकुर, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के आवास और कांग्रेस प्रदेश कार्यालय का घेराव कर चुके हैं। टेट पास पारा शिक्षकों की वेतनमान की मांग को सही और सत्ताधारी तीनों दलों के घोषणापत्र में होने की बात स्वीकारते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव न सिर्फ खुद शिक्षकों के साथ धरना पर बैठ गई, बल्कि सरकार से पारा शिक्षकों के मांग पूरा करने की अपील भी की। 01 नवंबर से फिर आंदोलन का तीसरा चरण शुरू करने की तैयारीः आंदोलित टेट पास पारा शिक्षकों ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने उनसे वेतनमान का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद वेतनमान पर सरकार ने चुप्पी साध ली है। आंदोलित टेट पास पारा शिक्षकों ने कहा कि पहले हम लोगों ने रघुवर दास की सरकार को सत्ता से बेदखल किया था। अब अगर मांग पूरी नहीं हुई तो 2024 में महागठबंधन की सरकार भी सत्ता से बाहर होगी। टेट पास पारा शिक्षकों का आरोप है कि सरकार उनके साथ वादाखिलाफी कर रही है।मांगें पूरी नहीं हुई तो राज्य स्थापना दिवस पर बड़े आंदोलन की तैयारीः आंदोलित टेट पास पारा शिक्षक (सहायक अध्यापकों) ने कहा कि मांगें पूरी नहीं होने पर 01 नवंबर से 15 नवंबर तक अलग-अलग तरह के कार्यक्रम होंगे। वहीं, आत्मदाह से लेकर राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर को राजकीय कार्यक्रम के दौरान रांची में बड़ा प्रदर्शन करने की योजना है। क्या है टेट पास पारा शिक्षकों की मांगः राज्य में टेट पास 14 हजार 42 पारा शिक्षकों का आरोप है कि सरकार ने पारा शिक्षकों को सहायक अध्यापक का दर्जा तो दिया पर वेतनमान नहीं दिया।

# रेल प्रशासन ने शशि रंजन के कार्यक्रम का किया विरोध

**नवीन मेल संवाददपाता। मूरी**

ज्ञात रहे कि माननीय अलीपुर न्यायालय द्वारा शिवरंजन मिश्रा और शशि मिश्रा को भ्रष्टाचार के मामले में दोषपूर्ण पाते हुए फरवरी 2023 से प्रतिबंधित कर चुकी है। इसके विपरित जब शिव रंजन मिश्रा और शशि मिश्रा चक्रधरपुर मंडल के आदित्यपुर में रेलवे मेंस कांग्रेस के बैनर तले कार्यक्रम करने की बात कही, जिसके परिणाम स्वरूप रेलकर्मियों द्वारा काला झंडा दिखाते हुए उनका जोरदार विरोध किया तब यह सूचना मंडल प्रशाशन को मिली की शशिरंजन मिश्रा जो शिव रंजन मिश्रा के साथ ही कर्मचारियों के बीच रेल अधिकारियों के खिलाफ बोलते हुए कर्मचारियों को गुमराह कर रहे है तब चक्रधरपुर मंडल प्रशासन ने तत्काल इनके खिलाफ एक पत्र जारी करते हुए. इन्हे न्यायालय की आवमाना सहित रेलवे सेवा आचरण का उलंघन करने से बचने की हिदायत देते हुए इन्हे मंडल समन्वयक चक्रधरपुर के रूप में प्रतिबंधित कर दिया है नोटिस देते हुए आदेश दिया है कि माननीय अदालत के आदेश के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के किसी भी कार्यालय समेत मेंस कांग्रेस के पद का इस्तेमाल प्रतिबंधित है और संगठन की गतिविधियों से दूर रहना है। अगर किसी पद व मेंस कांग्रेस के किसी भी कार्यालय का शिव रंजन मिश्रा द्वारा इस्तेमाल किया जाता है या ऐसा प्रतीत हुआ व रेलवे प्रशासन को मालूम होता है तो यह माननीय न्यायालय के आदेश का उल्लंघन पाया जाएगा साथ ही रेलवे एक्ट का उल्लंघन माना जाएगा। इस आदेश के बाद रेल कर्मचारियों में खुशियों की लहर दौड़ गई है क्योंकि मिश्रा बन्धुओं पर पहले भी परिवारवाद भाई भतीजावाद के आरोप और मेंस कांग्रेस की अनियमित इस्तेमाल करते हुए अपने करीबियों को फायदा पहुंचाने के लिए इस्तेमाल करते हुए पाया गया है।

# 251 कुंवारी कन्याओं का पूजन को लेकर मंदिर में तैयारियां पूरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एवं धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। रविवार 22 अक्टूबर को संस्था के सदस्यों के सामुहिक रूप से 251 कुंवारी कन्याओं का पूजन पूर्ण आस्था के साथ किया जायेगा। कन्या पूजनके साथ संस्था के द्वारा 115 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का भी भव्य आयोजन किया जायेगा। श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के सदस्यों द्वारा कन्या पूजन का कार्यक्रम प्रत्येक बार की तरह किया जा रहा है। पूजन कार्य की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। निमार्णाधीन मंदिर परिसर की साफ-सफाई का कार्य जोर-शोर से हो रहा है। पूरे मंदिर परिसर को गंगा जल से धुलाई करया जा रहा है। संस्था के सभी सदस्य कन्या पूजन महोत्सव के कार्यक्रम को सफल बनाने में तनमन-धन से लगे हुए हैं। सभी 251 कन्याओं को पूजन एवं भोजन प्रसाद के पश्चात संस्था के सदस्यों द्वारा उपहार स्वरूप नये वस्त्र, पढाई करने और स्कूल बैग, लंच बाक्स, वाटर बोतल, कापी, पेन्सिल कलर पेंसिल, इरेजर बगैरह दो तरह के फल मिक्कर का पैकेट भेट स्वरूप दिया जायेगा। इसकी भी सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर को माता के पूजन के लिए फूलों एवं गुबारों से सजाया जा रहा है।

### एसआईटी से पहले एफआईआर दर्ज क्यों नहीं करती राज्य सरकार : भाजपा

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने शनिवार को बयान जारी कर झामुमो प्रवक्ता से सवाल करते हुए कहा कि झामुमो योगेंद्र तिवारी मामले में एसआईटी गठित करने से पहले एफआईआर दर्ज करने की मांग क्यों नहीं करती? उन्होंने कहा कि आखिर योगेंद्र तिवारी को शराब का ठेका किसने दिया? किसने टेंडर में ऐसे नियम जोड़े, जिसके कारण कोई साधारण ठेकेदार टेंडर भर ही नही पाए। आखिर शराब के टेंडर में 25 लाख रुपये का नॉन रिफंडेबल राशि का नियम किसके इशारे पर बनाया गया था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कौन कौन पदाधिकारी इस साजिश में शामिल थे और किसके इशारे पर शराब के टेंडर की शर्तें बदली जा रही थी। उन्होंने कहा कि ईडी की जांच चल रही है। सच सामने आएगा ही लेकिन जिसपर शंका की जा रही आखिर मुकदमा दर्ज क्यों नहीं कराती राज्य सरकार। उन्होंने कहा कि झामुमो को पता है कि अब सच जल्दी उजागर होने वाला है।

### आगामी 2024 में पार्टी सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ने का किया ऐलान

# जन अधिकार पार्टी हमेशा इंसानियत सेवा की भाव रखती है : गुलाम मुर्तजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश में जिस तरह यहां के लोगों को राजनीतिक दलों ने छलने और ठगने का काम किया है। हमारी पार्टी इस मुद्दे पर क्लियर है। यहां के लोगों को छलने और ठगने नहीं दिया जाएगा। झारखंड जब से अलग हुआ है यहां के लोग राजनीति दंश झेल रहे हैं। झारखंड जिस उद्देश्य से अलग हुआ था उसमें आज भी झारखंड पिछड़ा हुआ है। यहां के स्थानीय लोगों को यहां के सरकार ने छलने का काम किया है। उक्त बातें जन अधिकार पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष गुलाम मुर्तजा आलम ने कहीं। वह रांची के हटिया गेस्ट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के नेता और नौजवानों के दिलों कि धड़कन मानव सेवा भाव में समर्पित रहने वाले हमारे नेता पप्पू यादव जी के तरफ से हम आप सभी का स्वागत करते हैं। आज हम यहां प्रदेश अस्तर की कमेटी का गठन करने के लिए आए हैं। हमारे नेता पप्पू यादव जी ने मुझको अपना सिपासालार बनाकर रांची भेजा है। झारखंड सरकार ने जनता को झूठा प्रलोभन देकर बेवकूफ बनाने का काम किया है। 2024 से पहले यहां के सभी राजनीतिक दलों को जन अधिकार पार्टी लोहा के चना चबाने पर मजबूर कर देगी। हमारी पार्टी यहां के मूलभूत समस्याओं को लेकर आएगी और जनता के बीच जाने का कार्य करेगी। लगभग 22 वर्षों से झामुमो ने सभी दलों के साथ सत्ता पर काबिज रहा। झामुमो के नेतृत्व में ही यहां के लोगों को छलने और ठगने का काम हुआ है। आने वाला समय में जन अधिकार पार्टी जन-जन तक जाएगी और यह बताने का काम करेगी की जितनी भी सरकार बनी है सभी ने आप लोगों को छलने और ठगने का काम किया है। इसलिए आप लोग एक बार जन अधिकार पार्टी को कामयाब बनाए।

## पुलिस संस्मरण दिवस : बलिदान देने वाले शहीदों को किया गया याद

# शहीद जवानों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता : अजय कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड पुलिस परिवार के द्वारा शनिवार को पुलिस संस्मरण दिवस मनाया गया। राज्य और देश की रक्षा करने वाले वीर शहीदों को राजधानी रांची सहित पूरे प्रदेश में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राजधानी में जैप ग्राउंड,पुलिस लाइन और सीआरपीएफ कैम्प सहित कई स्थानों पर पुलिस अधिकारियों और जवानों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। झारखंड में इस वर्ष नक्सलियों से लोहा लेते हुए 05 जवान शहीद हुए थे, जिन्हें डीजीपी सहित तमाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने श्रद्धांजलि दी।

**21 अक्टूबर 1959 को शहीद हुए 20 जवान :** 21 अक्टूबर 1959 को भारत के लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में चीनी सेना के आक्रमण में सीआरपीएफ अधिकारी कर्म सिंह अपने 20 साथियों के साथ शहीद हुए थे, तब से ही हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस संस्मरण दिवस मनाया जाता है। इस दौरान पिछले एक साल में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी जाती है। रांची के जैप वन ग्राउंड में डीजीपी अजय कुमार सिंह सहित तमाम पुलिस अधिकारियों ने एक साल के भीतर देश की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मौके पर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि शहीद होने वाले पुलिसकर्मी हमेशा ही कर्तव्यपथ पर बेहतर करने की प्रेरणा देते हैं।आज के दिन सिर्फ और सिर्फ शहीदों को याद करना चाहिए उनके परिवार वालो की मदद कैसे की जाय यह सोचनी चाहिए ।

**झारखंड में इस वर्ष 5 जवान हुए हैं शहीद :** झारखंड में इस वर्ष नक्सलियों से लोहा लेते हुए चार जवान और एक अफसर शहीद हुए थे।14 अगस्त की रात नक्सलियो के द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में कोबरा के सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी और सिपाही गौतम शहीद हो गए ,जबकि 11 अगस्त को सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल निशांत शहीद हो गए थे।इस वर्ष झारखण्ड पुलिस को सबसे ज्यादा नुकसान कोल्हान में उठाना पड़ा है।पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर पांचों वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

झारखंड गठन के बाद नक्सली वारदातों में 545 से ज्यादा पुलिसकर्मी वही 1887 आमलोग मारे गए हैं। वहीं, झारखंड पुलिस ने साल 2001-23 के बीच 344 नक्सलियों को भी मुठभेड़ों में मार गिराया है। झारखण्ड में भाकपा माओवादियों के हुए बड़े हमलों में पाकुड़ के एसपी अमरजीत बलिहार, डीएसपी स्तर के

### कपिल सिंह और संदीप भगत को पुलिस प्रशासन मीडिया के सामने प्रस्तुत करे : मार्टिन

**लापुंग।** पीएलएफआई के हार्डकोर उग्रवादी मार्टिन केरकेट्टा ने संवाददाता को फोन कर बताया कि असम के कपिल सिंह और लोहरदगा के संदीप भगत को पुलिस प्रशासन ने पिछले 16 अक्टूबर को उठा लिया है। पुलिस ने दोनों को कहां रखा है। पहले दोनों संगठन से जुड़े थे लेकिन बाद में जेल जाने के बाद दोनों सुधर गए और एक नंबर हैं। दोनों निर्दोष हैं। दोनों गुमला की ओर घुमने गए थे लेकिन पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। मार्टिन केरकेट्टा ने कहा कि दोनों को पुलिस प्रशासन गुप्त स्थान पर रखी है। उसने कहा कि मिडिया के सामने दोनों को प्रस्तुत करें अन्यथा पीएलएफआई संगठन झारखंड बंद कराएगा। उधर मार्टिन केरकेट्टा ने मोबाईल पर ही यह पूछे जाने पर कि इटकी थाना क्षेत्र के गढ़गांव में शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह सहित तीन लोगों के ऊपर हुई गोली कांड में क्या पीएलएफआई का हाथ है ऐसा पूछे जाने पर मार्टिन केरकेट्टा ने बताया कि नहीं उसमें पीएलएफआई का कोई हाथ नहीं है।

# जेएसएससी प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता का जारी हुआ रिजल्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता के लिखित परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। यह परीक्षा 27 जुलाई से 12 अगस्त तक राज्य में आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन कर देख सकते हैं। प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा में सफल 802 अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक नामकुम स्थित आयोग कार्यालय में दो पालियों में की जाएगी। 690 प्रयोगशाला सहायकों की भर्ती के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने इस साल 5 अप्रैल से 4 मई तक ऑनलाइन आवेदन मांगा था। आवेदन के जांच के क्रम में करीब 4000 आवेदन को विभिन्न कारणों से रद्द कर दिए गए थे।ये प्रमाण पत्र दिखाना होगा अनिवार्यः झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को सभी प्रमाण पत्रों के साथ आयोग कार्यालय में निर्धारित तिथि को उपस्थित होने का निर्देश दिया है। जिन प्रमाण पत्रों को आयोग कार्यालय लेकर जाना है उसमें परीक्षा के लिए निर्गत प्रवेश पत्र, शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र जिसमें मैट्रिक और इंटरमीडिएट के प्रमाण पत्र के साथ अंक पत्र भी होना आवश्यक है। आरक्षण और स्थानीयता संबंधी प्रमाण पत्र जिसमें जाति या आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र और स्थानीयता प्रमाण पत्र शामिल है। अगर खेलकूद कोटा आरक्षण का लाभ लेने के लिए जो अभ्यर्थी आवेदन कर रखा है उसे प्रमाण पत्र दिखाना होगा। इसी तरह दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र और भूतपूर्व सैनिक आरक्षण का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों को संबंधित प्रमाण पत्र देना होगा।



हरीमति मंदिर लालपुर पंडाल में मां की दर्शन के लिए भक्तों की भीड़



बंगला मंडल हिनू का भव्य पंडाल

# मां की दर्शन के लिए पंडालों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## पूर्व मंत्री ने हटिया रेलवे स्टेशन पंडाल का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व केंद्र मंत्री सुबोधकांत सहाय ने शनिवार को हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का उदघाटन किया। समिति के अध्यक्ष नंदन यादव ने कहा कि समिति का इस वर्ष 59वां साल है। बड़े धूमधाम से इस वर्ष पूजा का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर सुबोधकांत सहाय ने पूरे समिति को बधाई देते हुए कहा कि हटिया स्टेशन दुर्गा पूजा ने इस वर्ष और भी भव्य पूजा का आयोजन किया है। हर वर्ष वो यहां उद्घाटन करते है। प्रत्येक वर्ष कुछ न कु छ नया ही थीम पर पंडाल एवं मूर्ति बनाई



जाती है। समिति के सचिव इंदरजीत सिंह ने कहा कि इस वर्ष समिति ने भव्य पहाड़ों के बीच नव दुर्गा का रूप दशार्या गया है एवं अंदर गुफा में घुसते हुए विष्णु जी के दस अवतार को दिखाया गया है। पूरे पूजा परिसर में सुरक्षा को देखते हुए सीसीटीवी एवं सिक्योरिटी गार्ड रखे गए हैं। अष्टमी की पुष्पंजी सुबह 11 बजे होगी एवं उसके बाद भव्य भोग भंडारा का आयोजन होगा जो शाम 6 बजे चलेगा। अष्टमी के शाम सात बजे से गंगा आरती का आयोजन है। नवमी के आरती के बाद शाम में डांस कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया है। दशमी को जागरण का भी आयोजन है। बच्चों के लिए मनोरंजन के लिए झूले का भी इंतजाम है। उद्घाटन के मौके पर अरुण बाउरी, सौरव पांडेय, सोमनाथ, चंदन यादव, आकाश रजवार एव समिति के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में रांची में इस समय दुर्गापूजा का उत्साह चरम पर देखा जा रहा है। मां की दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। पंडालों में दर्शन के लिए महिला व पुरुषों का कतार देखा जा रहा है। हालांकि पूजा समिति के वायलेंटियर भी वहां मुस्तैदी से मौजूद हैं और पुलिा का भी काफी सख्त निगरानी देखने को मिल रही है। शाम होते ही सड़कों पर पैर रखने की जगह नहीं मिल पाती है। वाहनों के कारण भी रोड जाम दिखाई देता है। हालांकि पुलिस की मौजूदगी में लोगों को सुरक्षा के साथ निकलने का मौका भी मिल जाता है। सड़कों के कटे रास्तों को भी बंद कर दिया दिया गया है ताकि लोग वाहन लेकर न निकल जायें।

दुर्गा पूजा के अवसर पर लोग उत्साह के साथ मेला देखने का आनंद उठा रहे हैं। मेले में लगने वाले झूले पंडालों में घूमने आने वाले लोगों को सबसे ज्यादा आकर्षित करते हैं। दुर्गा पूजा के मौके पर राजधानी के विभिन्न पंडालों में बड़े-बड़े झूले लगाये गये हैं। पंडालों में बड़ों से लेकर बच्चों तक सभी के लिए ऐसे कई झूले लगाए गए हैं। बच्चे और युवा इन पर सवारी करने का इंतजार करते हैं। लेकिन झूला झूलते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना जरूरी है, क्योंकि कई ऐसे झूले होते हैं, जहां थोड़ा खतरा रहता है। लापरवाही भी लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर सकती है। राजधानी के पूजा पंडालों में ब्रेक डांस, ज्वाइंट हिल, टोरा-टोरा जैसे कई झूले लगे हैं। इन पर झूलते समय लोगों को कई सुरक्षा मानकों का ध्यान रखना चाहिए।

जिला प्रशासन द्वारा झूला संचालकों के लिए सुरक्षा परिप्रेक्ष्य दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं कि शारीरिक रूप से कमजोर और नशे में धुत्त व्यक्तियों को झूला पर झूलने की अनुमति न दी जाये।रांची एसडीओ दीपक कुमार दुबे ने बताया कि मेले में लोगों की सुरक्षा के लिए मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गयी है। यदि कोई व्यक्ति धौंस दिखाकर नियमों की अनदेखी कर झूला झूलने का प्रयास करेगा तो उसे तुरंत रोका जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बिजली विभाग की ओर से अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि जो झूले बिजली से संचालित होते हैं, उनकी बिजली से संबंधित सभी बारीकियों की जांच जेई की देखरेख में गठित टीम द्वारा की गयी है। वहीं झूला संचालकों ने बताया कि लोगों की सुरक्षा के लिए बड़े झूलों के प्रवेश द्वार पर ही सूचना बोर्ड के माध्यम से बताया जा रहा है कि जो लोग शारीरिक रूप से बीमार हैं या उच्च रक्तचाप, चक्कर आना आदि बीमारियों से पीड़ित हैं, उन्हें नहीं आना चाहिए।

**12 बजे रात तक चलेंगे झूले:** झूला झूलने आए लोगों ने बताया कि कई बार झूला झूलने के दौरान लोगों की तबीयत बिगड़ जाती है या फिर जानकारी के अभाव में कोई बड़ा हादसा हो जाता है। ऐसे में जिल्प्रशासन और पूजा समिति के लोगों को सावधानी बरतनी होगी और अलर्ट रहना होगा। बताया गया है कि झूले रात 12 बजे तक चलेंगे। उसके बाद अगले दिन झूला शुरू करने से पहले उसका पूरा रखरखाव और मरम्मत की जाएगी ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे। जिला प्रशासन की ओर से भी अपील की गई है कि झूला झूलने से पहले लोग अपनी शारीरिक स्थिति की जांच कर लें। जोश में आकर ऐसे झूले न झूलें जिससे उनकी तबीयत खराब हो जाए। अगर लोगों को बड़े झूले पर झूलने के बाद किसी भी तरह की परेशानी होती है तो वे तुरंत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## मां का खुल पट, भक्तों की लगी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

न्यु दुर्गा पूजा समिति सुकुरहुटू एवं गागी पूजा पंडाल का सप्तमी के दिन भक्तों के लिए पट खोला गया। पट खुलते ही पंडाल में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। मां की दर्शन के लिए लोगों को कतारबद्ध देखा गया। हर को मां की आशीर्वाद के लिए उतावलू नजर आ रहा था। मौके पर मुख्य रूप से लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू के शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेष रूप से कांके प्रखंड के उप प्रमुख अजय बैठा, कांग्रेस के वरिष्ठ युवा नेता चंदन बैठा, आजसू पार्टी के युवा नेता शत्रुघ्न महतो, लोकहित अधिकार पार्टी के जिला संयोजक डॉक्टर दानेश्वर साहू कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक, प्रदीप ठाकुर जी, अनिल मुंडा,कांके प्रखंड अध्यक्ष देव पूजन ठाकुर, महामंत्री संजय लोहरा सहित आयोजक मंडली के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## गागर में सागर

### भारत नाम सम्मान' पर विचार गोष्ठी 29 अक्टूबर को माहेश्वरी भवन में

**रांची।** मैं भारत हूॅ फाउंडेशन एवं श्री माहेश्वरी सभा रांची के संयुक्त तत्वावधान में 29 अक्टूबर को अपराह्न 11:30 बजे से माहेश्वरी भवन रांची में 'भारत को केवल भारत ही बोला जाए इंडिया नहीं' एक देश एक नाम के तर्ज पर 'भारत नाम सम्मान' विषयक पर एक विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विचार-गोष्ठी कार्यक्रम के संयोजक मुकेश काबरा को बनाया गया है। श्री काबरा ने बताया विचार गोष्ठी कार्यक्रम में मैं भारत हूं फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार जैन (मुंबई) तथा कई राष्ट्रीय पदाधिकारीगण भाग लेंगे। विचार गोष्ठी में रांची के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, पूर्व सांसद अजय मारू पूर्व सांसद महेश पोद्दार, नगर के विशिष्टगण, एवं सभी सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्री माहेश्वरी सभा रांची के अध्यक्ष किशन कुमार साबू, सचिव नरेंद्र लखोटिया, कार्यक्रम संयोजक मुकेश काबरा, माहेश्वरी महिला सभा एवं माहेश्वरी युवा संगठन सहित अन्य लोग जोर- शोर से लगे हुए हैं।

### एनटीपीसी ने सीएसआर के तहत झारखंड ट्रैफिक पुलिस को दिए बॉडी-वॉर्न कैमरे



**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय और एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने शनिवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष, रांची में सीएसआर पहल के तहत पुलिस को 50 बॉडी बॉडी-वॉर्न कैमरे दिए। सीजीएम (प्रभारी) अनिमेष जैन, एनटीपीसी सीएमएचक्यू और सीईओ, एनएमएल ने कुमार गौरव, पुलिस अधीक्षक (आईपीएस), रांची के यातायात पुलिस श्रीनिवास के मूर्ति, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) की उपस्थिति में बॉडी-वॉर्न कैमरा सौंपा। एनटीपीसी से बॉडी-वॉर्न कैमरे प्राप्त करने के बाद, एसपी (यातायात पुलिस) ने यातायात कर्मियों को सौंप दिया, कैमरा उपलब्ध कराने में एनटीपीसी के प्रयासों की सराहना किया और कहा कि बेहतर पारदर्शिता के लिए प्रौद्योगिकी के हस्तक्षेप, यातायात प्रबंधन को बेहतर ढंग से नियमित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यातायात कर्मियों द्वारा बॉडी कैमरों के उपयोग से सार्वजनिक बातचीत और शिकायतों को साक्ष्य के रूप में रिकॉर्ड करने में मदद मिलेगी जो विवादों को सुलझाने में मदद कर सकती है। एनटीपीसी सीएमएचक्यू के सीजीएम (प्रभारी) जैन ने कहा कि एनटीपीसी की झारखंड राज्य में कोयला खनन परियोजनाएं हैं। उन्होंने समाज के कल्याण के लिए अपनी विभिन्न सीएसआर पहलों के तहत एनटीपीसी और एनएमएल से समर्थन दोहराया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मनाया गया नवरात्रि महोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में नवरात्रि महोत्सव अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। इस उत्सव की शुरूआत एक विशेष सभा से की गई जहां छात्रों के द्वारा आकर्षक नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए गए। भावनृत्य के द्वारा देवी दुर्गा के नौ रूपों के महत्व को दशार्या गया। संपूर्ण विद्यालय परिसर श्लोकों के पवित्र उच्चारण से गूंजउठा। इसके बाद छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए विशेष डांडिया सत्र का आयोजन किया गया। छात्रों द्वारा 'धुनुची' नृत्य का प्रदर्शन भी किया गया। छात्रों ने शक्ति की देवी से जीवन की परेशानियों से दूर रखने का आशीर्वाद मांगा। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने नवरात्रि उत्सव के अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या परमजीत कौर ने इस अवसर पर सभी को बधाई दी और कहा कि जब छात्रों ने आगे बढ़ने का रास्ता चुना है तो उन्हें विवेकशील होने की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों को इस दिन के महत्व के बारे में भी याद दिलाया और बताया कि चाहे कुछ भी हो, हमेशा अच्छाई की बुराई परजीत होती है।

### योगेंद्र तिवारी का बैंक ट्रांजेक्शन खंगाले ईडी : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा के एक बड़े नेता से योगेंद्र तिवारी के संबंध हैं। ईडी शराब माफिया योगेंद्र तिवारी के बैंक ट्रांजेक्शन को ठीक से खंगालेगी, तो भाजपा का असली चाल और चरित्र सामने आ जाएगा। तिवारी का भाजपा के किस-किस नेता से संबंध था, यह भी सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि योगेंद्र तिवारी तो छोटा सा प्यादा है। उसके भ्रष्टाचार के पीछे कई बड़े-बड़े लोग शामिल हैं। जांच वहां से होनी चाहिए जहां से योगेंद्र तिवारी का कारोबारी जगत में जन्म हुआ था। कैसे कंपनी बनी, जमीन हड़पी गई और तिवारी का शराब के धंधे में प्रवेश हुआ। भट्टाचार्य शनिवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के राजनीतिक सलाहकार सुनील तिवारी का भी नाम उस कंपनी में था।

## नये हाईकोर्ट परिसर में किया गया 101 कल्पतरु का पौधरोपण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कल्पवृक्ष देवलोक का एक वृक्ष इसे कल्पद्रुप, कल्पतरु, सुरतरु देवतरु तथा कल्पलता इत्यादि नामों से भी जाना जाता है। पुराणों के अनुसार समुद्रमंथन से प्राप्त 14 रत्नों में कल्पवृक्ष भी था। इस वृक्ष की महत्ता धार्मिक और पर्यावरण दोनों के संदर्भ में है। शनिवार को सिद्धार्थ त्रिपाठी (भारतीय वन सेवा) के मार्गदर्शन में 101 कल्पवृक्ष के पौधे लगाये गये। अर्चित आनंद ने इस अवसर पर बताया कि यह वृक्ष अति दुर्लभ श्रेणी में आता है और पूरे भारत में इनकी संख्या बहुत ही कम है,हमारी संस्था पीईटीसीआई इसको व्यापक रूप से सभी प्रमुख जगहों पर रोपित करने का प्रयास कर रही है इसी के तहत शनिवार को नये हाईकोर्ट के मुख्य द्वार संख्या 2 के सामने कल्पतरु बाग के रूप में 101 कल्पतरु के पौधे लगाये गये। श्री अर्चित ने बताया कि



सभी पौधों के देखभाल की जिम्मेवारी वो स्वयं वहन करेंगे। सिद्धार्थ त्रिपाठी ने उपस्थित पर्यावरण प्रेमियों से कहा कि पौधों को जमीन पर लगाने के साथ दिमाग में भी लगाएं ताकि आप उनसे जुड़े रहें। सभी पौधे कलावती देवी और उनके पुत्र निखिल मेहूल द्वारा उपलब्ध कराये गये थे। इन दोनों के पर्यावरण प्रेम को देखते हुए इनको अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रसिद्ध पर्यावरण प्रेमी मनोज हजारीबाग से विशेष तौर पर पधारे थे उन्होंने मंत्रोचार और शंख ध्वनि के साथ पौधारोपण कराया। इस विशेष अवसर पर विकास कुमार(पूर्व चैम्बर अध्यक्ष), सीताराम शर्मा, प्रभास, रजनीश, पापू कुड़मी, अंकित कुमार, अनुराधा कुमारी, पंकज कुमार एवं टीम ग्रीन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का किया आयोजन

## हजारों भक्तों ने प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि की प्रार्थना की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शनिवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 84 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर परिसर में प्रसाद ग्रहण को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही थी। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान राजेश कुमार एवं नीलू ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। राजेश कुमार परिवार ने खाटूनरेश को प्राकृतिक पंखा डोलाकर भोग स्वीकार करने की मनुहार की। भोग लगे अमृतमय प्रसाद को कुमार परिवार ने वृहद भंडारे में मिलाकर महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्यों को भंडारे का प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शनिवार





को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है । 84 वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद में बनारसी कचोड़ी आलू परवल लौकी का सब्जी सुजी का हलवा चिप्स का प्रसाद श्री श्याम मंदिर में ही मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में निर्मित किया गया था। भंडारे का वितरण समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से अट गया था। हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारें लग गई ।खाटू नरेश की जय जयकारो जय घोष से संपूर्ण छेत्र गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच कुमार परिवार व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। लगभग 3300 से ज्यादा लोगों ने अमृतमय महाप्रसाद प्राप्त किया।

श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया राजेश कुमार नीलू जी श्रवण ढानढनिया प्रदीप राजगढ़िया श्याम सुंदर शर्मा पूर्व सांसद अजय मारू अनिल नारनोली राजीव रंजन मित्तल स्नेह पोद्दार अनुज मोदी आशीष डालमिया अमित सरावगी वेद भूषण जैन राहुल मारू श्याम सुंदर जोशी कौशल चौधरी कमलेश सावा अंकित राजेश कटारुका मनोज खेतावत स्नेहा पोद्दार अन्नपूर्णा सरावगी कविता मित्तल रमा सरावगी सरिता अग्रवाल अभिषेक सरावगी साहित्य पवन मनीष वर्मा झूलन मुंडा उपेंद्र पांडे सुक्रा उरांव संजय शर्मा अमित महतो अभिषेक गुप्ता तरुण शर्मा नकुल मुंडा कुमार पवन शर्मा मदन सोनी अरविंद सोमानी रौनक पोद्दार संजय सर्राफ सहित 60 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

**मंगलवार को 73 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ**

मंगलवार 24/10/2023 को सायं 4:30 बजे से 73 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया है।

### रांची में 22 से 24 तक 24 घंटे तैनात रहेंगे चिकित्सक

## पांच जगहों पर 108 एंबुलेंस की रहेगी सेवा





**नवीन मेंल संवाददाता। रांची**

दुर्गा पूजा के दौरान रांची में 22 से 24 अक्टूबर तक 24 घंटे चिकित्सक तैनात रहेंगे और पांच जगहों पर 108 एंबुलेंस से सेवा बहाल रहेगी। इस संबंध में रांची डीसी सह जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं की भीड़ और आपात स्थिति से निपटने के लिए कई निर्देश दिये हैं। इसके तहत आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था बनाये रखने के लिए तीन सदस्यीय चिकित्सा दल का गठन किया गया है। इनमें चिकित्सक, सपोर्टिंग स्टाफ और एंबुलेंस चालक की तैनाती की गयी है। चिकित्सा दल को जिला भंडार से आकस्मिक उपचार सामग्री, दवा और अन्य समान से लैस होकर अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर तैनात रहने का आदेश दिया गया है। इस दौरान यदि किसी प्रकार की लापरवाही हुई तो ड्यूटी पर तैनात चिकित्सा दल जिम्मेवार होंगे।

# माता वैष्णों देवी मंदिर में सजी माता की चौकी

## रामगढ़ डीसी चंदन कुमार 23 अक्तूबर को भंडारा का करेंगे शुभारंभ



**भक्ति गीतों से झूमे भक्त**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में शारदीय नवरात्रा के अवसर पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को मंदिर परिसर में माता की चौकी सजा कर महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें महिला मंडली की भजन गायिका पुष्पा शर्मा, रूपा शर्मा, पूजा शर्मा आदि ने गणेश वंदना से भजन कीर्तन का शुभारंभ किया। इसके बाद महिला मंडली की गायिका ने एक स्वर में चवन्नी खो गई मैया, अठन्नी पा गई मैया, रंग दे रंग दे मैया अपने रंग में रंग दे, मां तेरी तुलना किससे करूंगा, तुझ ना और कोई आदि भजन प्रस्तुत कर किया। इस दौरान सभी श्रद्धालु महिला भक्त झूमने पर मजबूर हो गए और माता रानी के जयकारे लगाकर ओतप्रोत होते नजर आए। मौके पर महिला मंडली के सभी सदस्यों को माता रानी की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व सजाई गई माता की चौकी में माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव और सचिव महेश मारवाह की मौजूदगी में पंडित किशोर शर्मा द्वारा सभी धार्मिक अनुष्ठानों के मुख्य यजमान रवि खोसला व उनकी पत्नी रीतु खोसला को विधिवत पूजन कराया गया। इसके बाद माता रानी का जयकारा लगाते हुए मुख्य यजमान द्वारा ज्योत प्रज्वलित किया गया। वहीं शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी व भजन गायक कमल बगड़िया ने भी एक से बढ़कर एक माता रानी का भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव महेश मारवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 अक्टूबर को होने वाले भंडारा कार्यक्रम में जिले के उपायुक्त चंदन कुमार शामिल होंगे। उपायुक्त चंदन कुमार के द्वारा भंडारा कार्यक्रम का शुभारंभ उनके हाथों से प्रसाद वितरण कर किया जाएगा। मौके पर महिला मंडली की वीणा मारवाह, संगीता मारवाह, जनक रानी शर्मा, अंजू चड्ढा, रीता सोबती, रीता अग्रवाल, नीता चड्ढा, आशा मारवाह, सुनीता आनंद, निर्मला खोसला आदि उपस्थित थे।

## सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने किया विभिन्न पूजा पंडालों का उद्घाटन





**रामगढ़ ।** शारदीय नवरात्रि में हो रहे दुर्गा पूजा में 21 अक्टूबर को बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो द्वारा रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के छत्तर मांडू,विकास नगर एवं बिजुलिया पूजा पंडाल का फीता काटकर उदघाटन किया गया। ततपश्चात अतिथियों ने माता रानी का आशीर्वाद लिया। दुर्गा पूजा स्थल पर पहुँचकर पूजा अर्चना के उपरांत माता रानी के नेत्रों पर बंधी पट्टी खोलकर अतिथियों ने दिव्य दर्शन किये। वहीं, गगनभेदी जयकारों से सम्पूर्ण क्षेत्र गुंजामन हो उठा। मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते कहा कि हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार यह त्योहार आकार बदलने वाले असुर,महिषासुर के खिलाफ लड़ाई में देवी दुर्गा की जीत का प्रतीक है । यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, हालांकि यह एक फल उत्सव भी है जो देवी को पूरे जीवन और सृजन के पीछे मातृ शक्ति के रूप में मनाता है। दुर्गा पूजा हिंदू धर्म की अन्य परंपराओं द्वारा मनाए जाने वाले नवरात्रि और दशहरा उत्सव के साथ मेल खाती है।

## गागर में सागर

### पुलिस संस्मरण दिवस पर अमर शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**रामगढ़।** पुलिस केंद्र रामगढ़ में पुलिस संस्मरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसपी पीयूष पांडे व अन्य पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों ने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा अपने शस्त्र झुकाकर शहीदों को सलामी दी गई। मौके पर शहीद आरक्षी गौतम कुमार के परिजनों को सम्मानित किया गया।

### धनबाद : संस्मरण दिवस पर शहीद पुलिस जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**धनबाद।** पुलिस केंद्र, धनबाद में शनिवार को शहीद संस्मरण दिवस पर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई. शहीद स्मारक पर आयोजित समारोह में एसएसपी संजीव कुमार व अन्य पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने अपना शस्त्र नीचे कर शहीदों को सलामा दी. एसएसपी ने उनके आश्रितों को सम्मानित भी किया. शहीद पुलिस जवानों के आश्रितो को एसएसपी संजीव कुमार ने सम्मानित किया. कहा कि झारखंड में शुरूआत में नक्सल बहुत बड़ी समस्या थी. लेकिन पुलिस जवानों की हिम्मत के कारण अब लगभग समाप्त होने की स्थिति में है. उन्होंने देश, राज्य व समाज की सुरक्षा करते हुए शहीद हुए जवानों को दिल से नमन किया. श्रद्धांजलि देनें वालों में सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सभी डीएसपी व प्रशिक्षु डीएपी शमिल थे.

### खरीदार बनकर गई पुलिस ने गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की उलीडीह पुलिस ने डिमना बस्ती निवासी जीतू लोहार को गांजा बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार किया. पुलिस ने जीतू के पास से एक किलो गांजा बरामद किया है. पुलिस उसे पकड़कर थाने ले गई, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में में भेज दिया गया. पुलिस को सूचना मिली थी कि डिमना बस्ती में एक युवक गांजा का कारोबार कर रहा है. पुलिस खरीदार बनकर मौके पर पहुंची और जीतू को रंगे हाथ पकड़ लिया. तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलो 44 ग्राम गांजा बरामद किया गया. फिलहाल पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है.

### वीडियो कॉल कर बोकारो के पॉलिटेक्निक के छात्र ने फांसी लगायी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत चाणक्यपुरी निवासी 18 वर्षीय आयुष कुमार रजक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना शुक्रवार रात की है. आयुष बोकारो के दुग्घा का रहने वाला था और अल कबीर पॉलिटेक्निक कॉलेज का प्रथम वर्ष का छात्र था. घटना के वक्त उसने अपने परिजनों को वीडियो कॉल किया और फांसी लगा ली. जानकारी मिलने पर परिजनों ने आयुष के साथियों को संपर्क किया. सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. उसके भाई प्रशांत कुमार ने बताया कि आयुष चाणक्यपुरी में अपने साथियों के साथ किराए के मकान में रहता था. घटना के वक्त सभी साथी परीक्षा देने गए थे. इसी बीच आयुष घर पहुंचा. उसने मां को वीडियो कॉल किया और मोबाइल को खिड़की पर रख फांसी लगा ली. आयुष ने आत्महत्या क्यों की, इसकी जानकारी परिजनों को नही है.

### धनबाद : पंडालों से गायब रहने वाले पदाधिकारियों को डीसी की फटकार

**धनबाद।** धनबाद के डीसी वरुण रंजन ने दुर्गा पूजा पर क्राउड मैनेजमेंट को लेकर समाहरणालय में शनिवार को अधिकारियों के साथ बैठक की. उन्होंने जोनल दंडाधिकारियों व वरीय पदाधिकारियों को सख्त आदेश दिया. शुक्रवार को औचक निरीक्षण के दौरान पूजा स्थल से गायब रहने वाले पदाधिकारियों को कड़ी फटकार भी लगाई. कहा कि पूजा के दौरान थोड़ी भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. डीसी ने भूली, सरायढेला, हीरापुर झारखंड मैदान, तेतुलतल्ला सहित अन्य पूजा पंडालों का भ्रमण किया था. उस दौरान 6 मजिस्ट्रेट सहित नोडल पदाधिकारी, सफाई कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी और पुलिस कर्मी अनुपस्थित मिले थे. त्वरित कार्रवाई करते हुए उनकी एक दिन की सैलरी काटने का आदेश दिया. बैठक में हिदायत दी कि इस तरह की गलती दोबारा नहीं होनी चाहिए.उन्होंने कहा कि सप्तमी, से हर पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी.

## धनबाद : मंदिरों-पंडालों में नवपत्रिका प्रवेश के बाद मां की आराधना शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद कोयलांचल के देवी मंदिरों व पूजा पंडालों में महासप्तमी के दिन शनिवार को नवपत्रिका प्रवेश के बाद मां दुर्गा का आवाहन-पूजन किया गया. जामाडोबा को-ऑपरेटिव कॉलोनी स्थित आदि शक्ति मंदिर में पूरे विधि-विधान के साथ पूजा की गई. मंदिर के पुजारी हेमंत आचार्य व भारत आचार्य ने बताया कि अलग-अलग पत्तों पर माता के नौ रूपों को स्थापित कर नव पत्रिका निकालकर गाजे-बाजे के साथ दामोदर नदी ले जाया गया. वहां विधिवत पूजा के बाद वापास मंदिर लाकर मां का आवाहन-पूजन किया गया. उन्होंने बताया कि नवपत्रिका में 9 प्रकार की सामग्री होती है, जिसे विधि-विधान से नदी या तालाब ले जाया जाता है. जहाँ नवपत्रिका स्नान के बाद अधिवास, संकल्प ओर पूजा की जाती है. पूजा के बाद नवपत्रिका को पुनः मंदिर (पंडाल) लाया जाता है और मां की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा कर आंखों में दृष्टि देकर आवाहन किया जाता है. फिर कलश स्थापन के साथ मां दुर्गा की विधिवत पूजा शुरू हो जाती है. महासप्तमी के दिन मां दुर्गा के सातवें रूप कालरात्रि की पूजा-अर्चना की गई. मां कालरात्रि की पूजा से भय और रोगों का नाश होता है.

### 151 कन्याओं ने निकाली कलश शोभा यात्रा व झांकी

**चाईबासा।** सार्वजनिक दुगार्पूजा कमेटी (फुटबॉल मैदान, बड़ाजामदा) ने आज शनिवार को 151 कन्याओं के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली. सभी कन्याओं ने पंडित के मंत्रोचारण के बाद बोकना पंचमुखी मंदिर के समीप कारो नदी से जल उठाकर गाजे-बाजे के साथ कतारबद्ध होकर पूजा पंडाल पैदल गयी. इस दौरान बाहर से आये कलाकारों ने विभिन्न देवि-देवताओं का रूप धारण कर झांकी के रूप में नृत्य किया. दुगार्पूजा पंडाल पहुंचने के बाद सारे कलश को स्थापित किया गया. इसके बाद डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया. मां दुर्गा की जयकार से पूरा शहर गुंजायमान हो गया. इस शोभा यात्रा में कमेटी के संरक्षक युवा उद्योगपति सह प्रसिद्ध समाजसेवी संजय कुमार सारडा, अध्यक्ष राजेश सिंह उर्फ लंचा भाई, उपाध्यक्ष संतोष प्रसाद उर्फ डेबरा आदि शामिल हुईं.

### बहरागोड़ाः गाजे बाजे के साथ तालाब से लायी गयी मां दुर्गा की कलश, पंडाल में किया गया स्थापित



**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में महासप्तमी के अवसर पर विभिन्न पूजा को कमिटियों ने तालाब व नदी से कलश लाकर पंडाल में स्थापित किया. साथ ही वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई. वहीं राजलाबांध दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से इस बार बाजार अवस्थित नूतन पोखर तालाब से गाजे बाजे के साथ पीतल की पालकी में कलश को लेकर पंडाल पहुंचे. जहां पर मुख्य पुजारी शिव शंकर बट्टवाल ने महासप्तमी की पूजा की, जिसमें आसपास के क्षेत्र से आए भक्त जनों की भीड़ उमड़ पड़ी. साथ ही कमेटी के आशीष भोल, शिव शंकर पड़िहारी, असित मिश्रा, गौरी शंकर महतो, रजनी कुईला, प्रफुल्ल घोष,नारायण राना, आदित्य करण आदि पूजा को सफल बनाने में लगे हुए हैं.

### महासप्तमी के दिन मां दुर्गा की पूजा के लिए पंडालों में उमड़ी भीड़ , महिलाओं में खासा उत्साह



**जमशेदपुर।** दुर्गा पूजा को लेकर उत्साह है. शहर से लेकर गांव तक मां दुर्गा की पूजा के लिए धूम मची है. शनिवार को महासप्तमी के अवसर पर चाकुलिया नगर पंचायत और ग्रामीण इलाके के विभिन्न पूजा पंडालों में माता दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया. मां दुर्गा के दर्शन के लिए पंडालों के पट खोल दिए गए हैं. पंडालों का पट खुलते ही मां के दर्शन व पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. नगर पंचायत स्थित नूतन बाजार दुर्गा पूजा कमेटी, पुराना बाजार में सार्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी और शिल्पी महल परिसर में सार्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के पंडाल में सप्तमी पूजा के लिए सुबह से ही भीड़ देखी गई.

### ट्रक अनियंत्रित होकर दुकान में घुसा, दुकान मालिक की मौत

**धनबाद।** तोपचांची थाना क्षेत्र के जीटी रोड स्थित चलकरी मोड़ के पास बीती रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. सब्जी लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी लाठी दुकान में जा घुसा. इस हादसे में दुकान संचालक दुमदुमी निवासी खिरोधर महतो की मौत हो गयी. इस हादसे में ट्रक चालक को भी चोटें आयी है. उसे तोपचांची प्रखंड के साहोबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है. घटना की सूचना पाकर तोपचांची पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गयी है. आज शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजा जायेगा. घटना के संबंध में बताया जाता है कि सब्जी लदा ट्रक तेज रफ्तार से तोपचांची की तरफ से आ रहा था. इसी दौरान ट्रक असंतुलित हो गया और दुकान में जा घुसा और दुकान संचालक को रौंदते हुए गड्ढे में जा गिरा.

## बेरमो : दुर्गापूजा पंडालों में उमड़ रहे भक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** नवरात्रि के सप्तमी तिथि को जारंगडीह दुर्गा पूजा पंडाल में मां की पूजा व दर्शन को लेकर सुबह से ही भक्तों की भीड़ जूटी. पूजा को लेकर पूजा कमेटी के द्वारा कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई. कलश यात्रा दुर्गा मंडप परिसर से निकालीं गई और दामोदर नदी तट पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलशों में जल भरा गया और उसके उपरांत पूरे विधिवत पूजा कर पूजा पंडाल में स्थापित किया गया.

### बद्रीनाथ धाम मंदिर की थीम पर बना है पंडाल

जारंगडीह दुर्गा मंडप में इस बार जो पूजा पंडाल बनाई गई वह बद्रीनाथ मन्दिर के थीम पर बनाई गई है. लगभग 2 लाख 90 हजार की लागत से यह पंडाल बनाया गया है. पूजा पंडाल काफी आकर्षक है. साथ ही रंग बिरंगी लाइट्स से दुल्हन की भांति



सजाई गई है. बता दें कि जारंगडीह में दुर्गा पूजा लगभग 7 दशकों से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है. पूजा पंडाल का उद्घाटन कथारा महाप्रबंधक डीके गुप्ता, एसओपी भरत जी ठाकुर और बोकारो थर्मल थाना प्रभारी आर के राणा, जारंगडीह परियोजना पदाधिकारी परमानंद गुइन, खान प्रबंधक बालगोविंद नायक ने संयुक्त रूप फीता काटकर किया. वहीं इस दौरान पुजा कमेटी द्वारा अतिथियों का स्वागत और सम्मान पुष्प गुच्छ तथा अंग वस्त्र भेंट कर किया गया.

**संध्या आरती :** दुर्गा मंडप में संध्या आरती के दौरान संध्या भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस दौरान संगीत के कलाकारों ने एक से एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी. श्रद्धालु भक्तों को भावविभोर कर दिया. मुख्य संगीतकार संजीत यादव और नारी शक्ति खुशबू कुमारी द्वारा भक्ति गीत, ह्यकिसने सजाया तुमको मईयाह्न की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रोता भक्त जमकर झूमे और गगनभेदी जयकारे लगाएं. पूजा को सफल बनाने में अहम भूमिका ह्न पूजा को सफल बनाने में दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष परियोजना पदाधिकारी परमानंद गुइन, सचिव सौरभ दूबे कोषाध्यक्ष अजय चौहान सहित पूजा कमेटी संतोष मंडल, आनंत कुमार, तथा अन्य सदस्य की सराहनीय भूमिका निभाई.

## आस्था

### हजारीबाग जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्रि का उल्लास

# भक्त मां के दर्शन कर ले रहे है आशीर्वाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी दशहरे का उल्लास परवान पर है. श्रद्धालु माता के मनोहारी रूपों का दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे हैं. सदर प्रखंड, दारू, झुमरा, कटकमसांडी, कटकमदाग, केरेडारी के कंडाबेर, विष्णुगढ़, बड़कागांव, चरही आदि में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है. कटकमसांडी के खुटरा में मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा हो रही है.वहीं दूसरी ओर बरही में सात पूजा पंडालों सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड, पुराना दुर्गा मंदिर, नया दुर्गा मंदिर और अफीम कोठी, करियातपुर रसोइयाधमना, गौरियाकर्मा और चतरो में माता की प्रतिमा देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुई है. सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड का पंडाल कोलकाता के मायापुरी स्थित राधाकृष्ण के इस्कॉन मंदिर के भव्य व आकर्षक रूप में तैयार किया गया है. यह पंडाल करीब 5000 वर्ग फीट में 10 लाख की लागत से कोलकाता के कारीगरों ने एक महीने के अथक परिश्रम से तैयार किया है.

### चौपारण में नौ जगहों पर हो रही पूजा

चौपारण दुर्गा पूजा पंडाल समिति के अलावा सिंघरावां, रामपुर बसरिया, दैहर, पांडेयवारा, हथिंदर, मानगढ़ समेत नौ जगहों पर पूजा हो रही है.

### बड़कागांव के 12 गांवों में मनाया जा रहा दशहरा

बड़कागांव प्रखंड के 12 गांवों में आश्विन दुर्गा पूजा हो रही है. 127 वर्ष पूर्व आश्विन दुर्गा पूजा मनाने को शुरूआत अंबाजीत गांव से हुई थी. इसके अलावा उरीमारी, नापोखुर्द , बड़कागांव दैनिक बाजार, बादम, हरली, बरवाडीह, सांढ, गोंदलपुरा, महुंगाई कला, सुकुल खपिया और उरूब में प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जा रही है. वहीं पूर्व की तरह गोसाई बलिया तथा पिपराडीह में देवी मंडप में भी ग्रामीण धूमधाम से पूजा कर रहे हैं. वहीं दूसरी ओर इचाक के बुढ़िया माता मंदिर में निराकार देवी की उपासना होती है. ऐसी आस्था है कि यहां माता से मन्नत करने पर अवश्य पूरी होती है. मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालु वहां रक्षासूत बांधते हैं. इधर विष्णुगढ़ के बनासो स्थित महामाया मंदिर में देवी की आराधना के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ती है. इचाक में एक दर्जन से अधिक जगहों इचाक मोड़, इचाक बाजार, डुमरौन, तिलरा, नावाडीह, पुनाई बलिया, देवकुली आदि में पूजा पंडाल में माता की उपासना की जा रही है.

# पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीदों के सम्मान में झुके शस्त्र, दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गोलमुरी पुलिस लाइन परिसर में शनिवार को संस्मरण दिवस के मौके पर लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में 21 अक्टूबर 1959 को शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई. मौके पर जमशेदपुर के एसएसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग समेत पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे. आज ही के दिन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के उपाधीक्षक करम सिंह ने अपने 20 बहादुर जांबाज साथियों के साथ चीनी सेना से लोहा लिया था और अपने देश की सीमा की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए थे. तब से हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस संस्मरण दिवस के रूप में मनाया जाता है. साथ ही वैसे सभी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों एवं राज्य पुलिस बलों के उन बहादुर जांबाजों को भी याद किया जाता है, जिन्होंने ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी.



### शहीदों के परिवारों को किया सम्मानित

इस मौके पर वीर शहीदों को याद करते हुए एसएसपी किशोर कौशल, पुलिस अधीक्षक नगर मुकेश कुमार लुनायत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ऋषभ गर्ग समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड एवं शहीद स्मारक स्थल पर शोक सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. इस अवसर पर शाहिद आरक्षी सकल सोरेन, एसआई सुनील कुमार नाग, आरक्षी रजनीश कांत कुमार, आरक्षी योगेश्वर मुर्मू, एसआई रविकांत सिन्हा, एसआई राम जतन बैठा, आरक्षी राजेश प्रसाद साव, आरक्षी दुखिया मुर्मू, एएसआई भीम टुडू, आरक्षी कर्मा उरांव, आरक्षी धनंजय यादव और आरक्षी देव कुमार महतो के परिजनों को सम्मानित किया गया.

## गागर में सागर

### पूर्व विधायक ममता देवी ने पूजा पंडालों का भ्रमण किया



**रामगढ़।** पूर्व विधायक ममता देवी ने 21 अक्टूबर को दुलमी प्रखंड क्षेत्र के सिकनी, विरहोन्हे, होहद, बौगसोंरी, होन्हे, सिरु, प्रियातु, पोटमदगा, भालु, बगरई, हरहद, दुलमी, चामरोम, ईदपारा, चटाक, जामिसघ, ईचातु, सोसो, उकरीद, उसरा आदि स्थानों कर पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस मौके पर पूर्व विधायक ममता देवी व कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने माता दुर्गा का आशीर्वाद लिया । साथ माता से क्षेत्र के लोगों की खुशहाली की कामना की। पूर्व विधायक ने लोगों से कहा कि दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। मां दुर्गा की पूजा का हमारे जीवन में खास महत्व है। क्योंकि उनके आशीर्वाद से लोगों के सभी कष्ट दूर होते हैं। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली, राजू महतो,छोटन कुमार,सपुत महतो,रामप्रसाद महतो,बबलू कुमार, रोशन कुमार,महताब अंसारी,पप्पू कुमार,विकास कुमार,लिलेश्वर महतो,प्रदीप महतो, ठाकुरदास महतो, विनोद कुमार, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे ।

### माता वैष्णों देवी मंदिर में महिलाओं ने की भव्य सामूहिक आरती



**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में पूजा करने को लेकर श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सुबह और संध्या आरती में भी भक्त काफी संख्या में शामिल हो रहे हैं। यहां प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से पूजा हो रही है। मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा द्वारा मुख्य यजमान रवि खोसला व उनकी पत्नी रीतु खोसला को पूजा कराई जा रही है। इधर शुक्रवार की शाम संध्या आरती से पूर्व महिलाओं द्वारा पूजा की थाली में नवदीप सजाकर सामूहिक आरती की गई। शनिवार को माता की चौकी का आयोजन किया गया है। जिसमें महिला मंडली द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं 22 अक्तूबर को हवन, कंजक पूजन व 23 अक्तूबर को सुबह 8 बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने पूजा पंडालों में एलइडी हैलोजन का किया वितरण



**बरकट्ठा।** दुगार्पूजा के शुभ अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय द्वारा प्रखण्ड के बरकट्ठा,घंघरी, बेलकपी, बंडासिघा ,गोरहर दुर्गा मंदिर समेत अन्य पूजा स्थलों में एलडी हैजोजन का वितरण किया। वही सी के पांडेय ने बताया कि अन्य स्थानों पर भी एलइडी हैलोजन का वितरण किया जाएगा इस अवसर पर समाजसेवी सुरेश कुमार पाण्डेय,जयनंदन पाण्डेय, अनुज पाण्डेय, पुनीत महतो, रामदेव पासवान, सतीश सिंह, लखन महतो, अरुण महतो, शेषनाथ सिंह, सहदेव तिवारी, रोहित तिवारी, रामखेलावन यादव, दामोदर गुप्ता, रतन लाल, रजनीकांत पाण्डेय, सुधीर गुप्ता, बीरेंद्र पाण्डेय, दीपक पासवान, बीरेंद्र मोदी, श्री पाण्डेय, संतोष निराला, आशीष पाण्डेय समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### उपायुक्त ने नवंबर में टेंडर निकाले जाने का दिया है आश्वासन : मुखिया

**बरही ।** बेंदगी पंचायत मुख्यालय तक पहुंचने के लिए अब तक पटना रोड वासियों को एक किमी के स्थान पर करीब पांच किमी की दूरी तय करना पड़ता है. जिस पंचायत के लोग पंचायत मुख्यालय से कटे कटे से रहते हैं. मुखिया ने बताया कि एनएच 31 से पंचायत मुख्यालय होते हुए राजू रजक के घर तक तथा तिलैया रोड पेट्रोल पंप से सामुदायिक भवन तक जाने का कोई रास्ता नहीं है. इस संबंध में स्थानीय विधायक को पत्राचार किया गया है. मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने मुखिया एवं स्थानीय लोगों के साथ उपायुक्त हजारीबाग से मुलाकात कर दोनो मार्गो सहित पंचायत के विभिन्न समस्याओं पर बात किया.

# बरही में खुला माता का पट, दर्शन को उमड़े भक्त







**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** षष्ठी की समाप्ति और बेलवरण पूजा के साथ ही महादेवी के सातवें रूप मां कात्यायनी की पूजा हेतसभी दुगार्पूजा स्थलों पर मां का कपाट खुल गया. धनबाद रोड स्थित पुराना और नया दुगार्मंदीर, सार्जनिक दुगार्मंदिर गया रोड, पटना रोड, रसोईयाधमना, करियातपुर, श्रीनगर, गौरियाकरमा आदि दुगार्मंदिरों में वेदोच्चार के साथ माता के नयन खुले. भक्तों ने मां के साक्षात दर्शन किए, लोगों के खुशी के आंसू छलक उठे. भक्तों ने मां से सुख शांति और समृद्धि की कामना किया. पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. प्रतिमा दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी. शांति व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए समिति के सभी पदाधिकारी, वालंटियर्स और पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे. देर संध्या होते ही सभी पूजा पंडाल इलेक्ट्रॉनिक्स बल्ब के चमक से सराबोर हो गया. सार्वजनिक पूजा समिति गया रोड परिसर में बने बद्रीनाथ धाम मंदिर के रूप में बने पंडाल में मां की सत्तर फीट की प्रतिमा चर्चा का विषय बना रहा. इसके साथ ही परिसर में लगा डिजनीलैंड मेला बच्चो सहित बड़ो के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया. जहां दूर दराज से लोग दर्शन के लिए पधार रहे है. समिति के अध्यक्ष उदय केसरी ने बताया कि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए समिति के लोग हर पल हर जगह तैनात है. उन्होंने आगंतुकों से शांतिपूर्ण मेला का आनंद लेने का अपील किया है. किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर सीधे समिति से सम्पर्क करने की सलाह दी है.

## पुलिस-प्रशासन का निकला फ्लैग मार्च शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** दुगार्पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर स्थानीय प्रशासन की ओर से शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया. फ्लैग मार्च में एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, सीओ रामनारायण खलखो, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह सहित स्थानीय थाना के पुलिस बल शामिल थे. फ्लैग मार्च बरही थाना से निकलकर शहर के चारो प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया. इस दौरान प्रशासनिक टीम के वाहन सायरन बजाते हुए लोगो से पूजा के दौरान शांति और सद्भाव के साथ पूजा मनाने की अपील करते दिखा. विदित हो कि नवरात्रि को देखते हुए एसडीओ ने बीते 20 अक्तूबर से आगामी 25 अक्तूबर तक पूरे अनुमंडल क्षेत्र में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगाने की घोषणा करते हुए सभी से सबों से अनुपालन करने की अपील की।





### डीसी और एसपी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण, समिति वालों ने किया सम्मानित

## जारी गाइडलाइंस का करें पालन : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** जिले के उपायुक्त नैंसी सहाय और एसपी मनोज रतन चौथे ने बरही के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया. इस दौरान उपायुक्त ने लोगो से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा मनाने की अपील किया. साथ ही पूजा पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, दर्शनार्थियों के प्रवेश, निकाश आदि का निरीक्षण किया. सभी पूजा समिति के अधिकारियो को आवश्यक निर्देश देते हुए प्रशासनिक पदाधिकारियों के संपर्क में रहने की भी बात कही. वही एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. साथ ही लोगो से अफवाहों पर ने ही ध्यान देने और न ही फैलाने की बात कही. उन्होंने दो टूक कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी निगाहे होगी. माहौल बिगाड़ने वाले को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा. अंत में दोनो पदाधिकारियों ने सबों को दुगार्पूजा की शुभकामनाएं दिया. मौके पर पूजा समिति की ओर से दोनो पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया. निरीक्षण के क्रम में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड, धनबाद रोड, पटना रोड, करियातपुर इत्यादि पूजा पंडालों भ्रमण करतेकिया. मौके पर एसडीओ, एसडीपीओ, थाना प्रभारी आदि सहित पूजा समिति के अधिकारी आदि मौजूद थे.



### बरकट्ठा: डीसी-एसपी ने पंडालों का किया निरीक्षण

## किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो तुरंत अधिकारियों से संपर्क करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में हो रही सार्वजनिक दुर्गा पूजा की तैयारी का जायजा लेने के लिए जिले के आला अधिकारी समेत अन्य ने बरकट्ठा क्षेत्र का भ्रमण किया।वहीं पूजा स्थल तथा पंडाल के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक मनोज रत्न चौथे, डीडीसी प्रेरणा दीक्षित,एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नजीर अख्तर, अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी, थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार, थाना प्रभारी दिनेश कुमार शामिल रहे। अधिकारियों ने बरकट्ठा, बेलकप्पी, गोरहर, शिलाडीह, घंघरी समेत अन्य स्थानों में जायजा लेते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो तुरंत पुलिस अधिकारियों से संपर्क करें। कहा की पूजा समिति के सदस्य इस बात का ख्याल रखें की पूजा को लेकर जो निर्देश जारी किए गए हैं उसी के तहत पूजा मनाया जाए । इस क्रम में बेलकप्पी पूजा समिति सदस्य रोहित तिवारी,महादेव पासवान समेत अन्य सदस्यों ने अधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



 मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया,मुखिया ललिता देवी, जिप प्रतिनिधि सीके पांडेय, झारखण्ड आंदोलनकारी नेता सह मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### हजारीबाग : आईसेक्ट विश्वविद्यालय में डांडिया पर झूमे लोग

**हजारीबाग।** नवरात्र के अवसर पर तरबा-खरबा स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के मुख्य कैंपस में शनिवार को डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया. विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की. मौके पर सभी प्राध्यापक व कर्मियों के साथ काफी संख्या में विद्यार्थियों ने डांडिया का लुत्फ उठाया. इस खास मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने सभी को नवरात्र की बधाई देते हुए कहा कि दुर्गोत्सव आदिशक्ति के आगमन का सूचक है. यह त्योहार धर्म की अधर्म पर विजय को लेकर मनाया जाता है. उन्होंने इसे मां दुर्गा की आराधना का पर्व बताया और आगे कहा कि मां सभी के कष्टों को दूर करती हैं. उन्होंने डांडिया के दौरान किए जाने वाले नृत्य का जिक्र करते हुए कहा कि दरअसल नृत्य भावनाओं को व्यक्त करने का एक बेहतर तरीका है, जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से अद्भुत और ऊजार्वान बनाता है. डांडिया नृत्य में आमंत्रित अतिथि ममता शर्मा, डॉ प्रीति व्यास, डॉ स्वाती भार्गव, कुमारी सीमा, पंकज प्रज्ञा, प्रीति वर्मा, उमा कुमारी, एकता कुमारी, विशाखा, सुप्रिया, रंजू, शालू सिन्हा, लक्ष्मी तिग्गा आदि ने किया.

## बरवां में निकाली बेलवरण डोली यात्रा



**बरकट्ठा।** प्रखंड के 15 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमा पूजा हो रही है। सप्तमी तिथि को बेलवरण डोली यात्रा निकाली गई। यात्रा विभिन जलाशय में पहुंचकर माता की आराधना कर पुरोहित और यजमान ने बेलवरण पूजा कर विधि विधान के साथ दुर्गा मंडप लाया गया। इसके बाद माता दुर्गा के सातवें स्वरूप माता कालरात्रि की पूजा आराधना की गई। साथ माता दुर्गा और उनके दरबार के देवी देवताओं के प्रतिमा में पुरोहित ने मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इसके साथ ही माता के सजे दरबार का पट खुला। पट खुलने के बाद माता दुर्गा दरबार के दर्शन के लिए भक्त समेत श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।इधर बरवां गांव में भव्य बेलवरण यात्रा निकाली गई। यात्रा में विधायक अमित कुमार यादव शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नवरात्र में जो माता की भक्ति सच्चे दिल से करता है। उनका मनोकामना पूर्ण के साथ मां दुर्गा की कृपा बनी रहती है।

## तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष ने पंडाल का खोला पट



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** धनबाद रोड स्थित पुराना दुर्गा मंदिर में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू ने पंडाल का पट खोला. पट खुलते ही भक्तों को मां की दिव्य दर्शन प्राप्त हुए. पूरा मंदिरपरिसर जय माता दी के नारों से गूंज उठा. पूजा समिति के अध्यक्ष छोटन ठाकुर ने केंद्रीय अध्यक्ष सहित उपस्थित लोगों का अंग वस्त्र पहनकर स्वागत किया. मौके पर श्री साहू ने पूजा समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा मां की महानता, शक्ति और नारियों के शक्ति तथा सम्मान का त्योहार है. जो साहस, संघर्ष और जीत का प्रतीक है. उन्होंने मां से क्षेत्रवासियों के लिए न्याय के पथ पर चलते हुए सुख, शांति, सुख और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा. उन्होंने कहा की मां की कृपा से बरही विधानसभा से जल्दी ही भष्ट्राचारियों का अंत होगा और विकास का एक नया इतिहास लिखा जायेगा.

**अपील**

### बरही में दुर्गापूजा की धूम, भक्तों में दिखा उत्साह

## गाइडलाइन के साथ नशामुक्त बनाएं पर्व : एसडीओ



एसडीओ
पूनम कुजूर



महिला थाना प्रभारी
स्वीटी कुमारी



एसडीपीओ
नाजिर अख्तर



बीडीओ
सीआर इंदीवर



सीओ
रामनारायण खलको



इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी
रोहित कुमार सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** शारदीय नवरात्र शांतिपूर्ण और सौहार्द वातावरण में संपन्न करवाने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह संकल्पित है. प्रशासनिक पदाधिकारियों पूजा समितियों से लगातार संपर्क स्थापित कर आवश्यक निर्देश दे रहे है. पूजा के दौरान होने वाले भीड को देखते हुए अधिकारियो ने निम्न बाते कही है। एसडीओ पूनम कुजूर ने नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए लोगो से नशामुक्त त्योहार मनाने की अपील किया है. उन्होंने कहा कि घटना का अधिकांश कारण नशा देखने को मिला है. इनसे दूर रहते हुए धारा 144 का पालन करते हुए हर्षोल्लास त्योहार मनाए. एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने दुगार्पूजा की हार्दिक शुभकामनाए देते हुए लोगो से अफवाह मुक्त त्योहार मनाने की अपील किया है. उन्होंने सभी युवाओं से झूठे, भड़काऊ तस्वीर, विडियो, ऑडियो अथवा भाषण आदि जिससे माहौल बिगड़ सकता है, सोशल मीडिया या अन्य जगहों पर प्रसारित करने से बचें. मेला और भीड़भाड़ स्थलों पर सिविल ड्रेस में पुलिस असामाजिक तत्वों पर नजर रखेगी. किसी भी परिस्थिति में कानून को हाथ में नहीं लेने की बात कही है. बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदीवर ने भी दुगार्पूजा की शुभकामनाएं देते हुए प्रखंड के सभी सामाजिक, राजनीति और प्रबुद्धजनों से शांतिपूर्ण पूजा संपन्न करवाने में सहयोग का अपील किया है. शुक्रवार को अपने अधीनस्थ कर्मियो के साथ बैठक कर दंडाधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया. साथ ही सभी को शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए. **सीओ** रामनारायण खलखो ने दुगार्पूजा की शुभकामनायें देते हुए लोगो से ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया है. उन्होंने बताया की पूजा के दौरान अप्रत्याशित भीड़ की संभावना है. ऐसे में सड़को पर दुकान लगाने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है. इसके साथ ही लोगो से धनबाद रोड, गया रोड, पटना रोड सहित पूजा पंडालों के समीप वाहन नहीं लगाने की अपील किया है. इसके साथ ही बीडीओ व सीओ पूजा समितियों से बैठक कर जायजा लिया जा रहा है. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने कहा कि पूजा के दौरा गश्ती दल लगातार भ्रमणशील रहेंगे. इसके साथ ही सभी पूजा पंडालों, चौक, चौराहों पर पुलिस की तैनाती होगी. इसके लिए स्थानीय पुलिस के साथ जिला के विशेष बल का भी सहयोग लिया जाएगा. महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी ने बताया कि महिलाओं को हर संभव सुरक्षा प्रदान किया जायेगा. मेला और भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों पर महिला पुलिस भी तैनात होंगे. अंत में सभी को पूजा की शुभकामनाएं देते हुए पॉकेटमारों और वाहन चोरों से सावधान रहने की अपील किया है.

## रामगढ़ में किसान मजदूर संघ ने किया सांसद जयंत सिन्हा स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सांसद जयंत सिन्हा का शनिवार को किसान मजदूर संघ द्वारा बाजार समिति में स्वागत किया गया। इसके पश्चात सांसद ने किसान मजदूर संघ के सदस्यों को संबोधित किया। सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम सब्जी विक्रेता किसानों के साथ है। कहा की वे सब्जी विक्रेता किसानों को उनका अधिकार दिलाने का कार्य करेंगे। सांसद ने कहा की सब्जी विक्रेताओं की समस्या को दूर करने के लिए जिला प्रशासन, छावनी परिषद और सब्जी विकेताओं की बैठक आयोजित कर इनकी समस्या को दूर करने की पहल की जाएगी। सब्जी विक्रेता किसानो ने सुभाष चौक के निकट सड़क किया जाम। वहीं , पुराने डेली मार्केट में सब्जी बेचने वाले किसानो ने शनिवार को सुभाष चौक पहुंचकर सड़क को जाम कर दिया । जिससे वहां वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस क्रम में सब्जी विक्रेता किसानो ने वहां सब्जी भी बेचने आरंभ कर दिया । मामले कि जानकारी के बाद रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सब्जी विक्रेताओं को समझाकर जाम समाप्त करवाया।

## गागर में सागर

### कोडरमा : विधायक ने नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गांव पिपचो में आयोजित प्रयाग राम मेमोरियल नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अमित कुमार यादव शामिल हुए. मौके पर विधायक अमित कुमार यादव व जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया. साथ ही स्वर्गीय प्रयाग राम की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की. उद्घाटन मैच आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा बनाम जामू के बीच खेला गया. पहले बल्लेबाजी करते हुए आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा ने 12 ओवर में 106 रन बनाये. जवाबी पारी खेलते हुए जामुकी टीम 09 ओवर में 107 रन बनाकर 6 विकेट से जीत हासिल की. इसके साथ ही पुलिस स्मरण दिवस के अवसर पर विधायक अमित कुमार यादव ने मातृभूमि की रक्षा हेतु अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर जवानों को उनके सम्मान में एक मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजली अर्पित की. विधायक ने कहा कि पुलिस जवानों का साहस, पराक्रम एवं देशभक्ति का भाव युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा. मौके पर केदारनाथ यादव, देवनारायण यादव, इस्लाम अंसारी, जयप्रकाश राम, गणपत यादव, पवन सिंह, महेंद्र कुमार राणा, कुंदन प्रसाद यादव, पवन यादव, गुलाम कुमार, सुनील कुमा,र कुर्बान अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे.

### पुलिस स्मरण दिवस पर पुलिस लाइन में शहीद पुलिस कर्मियों को किया याद



**सिमडेगा।** पुलिस संस्मरण दिवस पुलिस लाईन में कार्यक्रम आयोजित कर शहीद पुलिस कर्मियो को याद किया गया। जिला पुलिस लाईन में शनिवार की सुबह आठ बजे संस्मरण दिवस आरंभ हुआ। जिसमें शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। एसपी सौरभ ने जवानों की ओर से शहीद हुए पुलिस कर्मियों के नाम पढ़े। जिसमें सिमडेगा जिले में पुर्व में तीन जवान उग्रवादियों से मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। जिनमें बानो थाना प्रभारी विद्यापति सिंह, और पुलिस जवान तुराम बुरौली और सुनील कुमार शाही शामिल है। इसके अलावा देश में शहीद हुए पुलिस जवानों को भी याद करते हुए उन पुलिसकमीर्यों के शहीद होने की जानकारी देते हुए सभी को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद शोक शस्त्र किया गया। तत्पश्चात जवानों ने उनके सम्मान में अपने शस्त्र झुका कर सलामी दी। मौके पर डीएसपी पतरस बरवा, एसडीपीओ डेविड ए ढोढराय, सहित जिला बल के जवान उपस्थित थे। कार्यक्रम में शहीद हुए थाना प्रभारी विद्यापति सिंह और कांस्टेबल के चित्र पर एसपी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### ठेठईटांगर : विधायक ने पीसीसी सड़क का किया उद्घाटन

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत दुमकी पंचायत अन्तर्गत कोरोंजो में आरईओ सड़क से लेकर कोरोंजो जीईएल चर्च तक पीसीसी सड़क विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के विधायक मद से बनाया गया है। जिसका उद्घाटन शनिवार को विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के द्वारा किया गया। इस पीसीसी सड़क का मांग चर्च के माध्यम से किया और बताया गया की नवीनीकृत गिरजा घर का पुनः समर्पण 21.10.2023 को रहा है जिसमें हजारों की संख्या में लोग आएंगे। इसी को प्रथिमिकता देते हुए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने बिना देर किए पीसीसी सड़क देने का काम किया। सड़क उद्घाटन के दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक का स्वागत किया और सड़क निर्माण के लिए उनका धन्यवाद भी दिया। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहा है।जहां जो भी कमी है उसे पूरा किया जा रहा है। इस सड़क का बन जाने से हमारे क्षेत्र के लोगो को कोई भी परेशानियों का सामना करना नही पड़ेगा और तो और बरसात के दिनों यहां पर कीचड़ होने के कारण लोगो को आने जाने में असुविधा होती थी उससे भी आराम मिलेगी।मौके पर मौजूद जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, कांग्रेस प्रदेश अल्पसंखयक सचिव जमीर अहमद, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, सुशील बोदरा, जमीर हसन, मोहम्मद वहीद, सुकवान जोजो, राजेश डुंगडुंग, सुनिल, प्रिंस कुमार, आदि उपस्थित थे।

# कोडरमा : घने जंगल में विराजती हैं मां, सिंदूर नहीं चढ़ाने की है प्रथा

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** मरकच्चो प्रखंड के मुख्यालय से 25 किलोमीटर और कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित नवलशाही से 10 किलोमीटर दूर घने जंगल और पहाड़ पर स्थित हैं मां चंचला. चंचलाधाम में खासकर नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है. यहाँ दूरदराज के भक्त माँ के दरबार में हाजिरी लगाने आते हैं. कई श्रद्धालु अपनी मन्नतें को पूरा होने तक दिन-रात बैठे रहते हैं. माता रानी से हाथ जोड़कर मनोकामना पूरी करने की मन्नतें मांगते हैं. मान्यता है कि देवी पर चढ़ाया हुआ बेलपत्र तथा फूल अगर नीचे गिर गया तब मनोकामना पूर्ण माना जाता है और भक्त को मां का आशीर्वाद मिल गया, ऐसा माना जाता है.

### नवरात्रि में बढ़ जाती है रौनक

नवरात्रि के 9 दिनों तक चंचाल धाम की रौनक देखने लायक रहती है. मंदिर के पुजारी देवीपुर के निवासी आचार्य रामेश्वर पांडेय और हृदय नारायण पांडे ने बताया कि माँ चंचाल जिस पहाड़ पर है, वह करीब 40 एकड़ में फैला हुआ है. देवीपुर राजघराने के द्वारा 200 साल पहले से पूजा होती आ रही है, ऐसी मान्यता है कि राजा को माँ चंचला ने स्वप्न में पहाड़ पर प्रवास करने की बात बताई थी और पूजा के लिए कहा था. तब से यहां पूजा अर्चना शुरू की गई. जिसके बाद ग्रामीणों ने परंपरागत पुजारी रखा अब हर साल धूमधाम से पूजा होती है.

### मां की कुंवारी रूप की पूजा

श्रद्धालुओं की मन्नत पूरी होने पर इच्छा अनुसार पूजा, यज्ञ और विवाह मंडप का निर्माण कराया जाता है. पहाड़ पर चढ़ने के लिए सीढ़ियों का निर्माण कराया गया है. स्थानीय लोगों की माने तो चंचाल धाम में कुंवारी कन्या के स्वरूप की पूजा होती है. इस वजह से महिलाओं को यहाँ सिंदूर लगाकर पूजा करना वर्जित है. इस क्षेत्र में रहने वाले आसपास के लोग संतान के उत्पन्न होने पर इसी धाम में आकर मुंडन भी करवाते हैं. स्थानीय मुखिया शोभा देवी, गोविन्द यादव,नूनमन सिंह, संजय पंडित, रामेश्वर मुर्मू, राजू पंडित सहित अन्य लोगों ने सरकार से चंचाल धाम को पर्यटक क्षेत्र मे विकसित करने का मांग की है.



## सिमडेगा शहर में खुले मां दुर्गे के पंडालों के पट, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता...







### ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखा दुर्गा पूजा का उत्साह

शहरी क्षेत्र के अलावा सिमडेगा के ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूमधाम के साथ मां दुर्गा की आराधना की जा रही है। सिमडेगा के कुल्लूकेरा, बनाबीरा टैसेरा गरजा सेवई,रुसु भेलवाडीह ,बीरु सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों में धूमधाम के साथ मां भगवती की प्रतिमा स्थापित करते हुए पूजा की जा रही है। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी मां दुर्गा के दुर्गा उत्सव का विशेष माहौल देखने को मिल रहा है।





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में शनिवार को नवपत्रिका प्रवेश के साथ मां जगत जननी के भव्य पंडालों के पट खुल गए। पूजा-अर्चना एवं भक्तों के जयकारे से वातावरण भक्तिमय हो उठा है। शहर के आठों पूजा पंडालों में आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ अनुष्ठान संपन्न कराया। साथ में मां लक्ष्मी, मां सरस्वती के साथ गजाजन व कार्तिकेय जी महाराज की भी प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से पूजा की जा रही है। धूप, अगरबत्ती की खुश्बू से पूरा पंडाल में सुगंध व दिव्यता का अहसास दिला रहा है। वहीं आसन पर विराजित मां दुर्गे की ममतामयी मूर्ति शोभायमान है, तो दूसरी ओर भक्ति भजन से पूरा शहर गुंजायमान हो रहा है। आरती-पूजन में शंख-घंटी की ध्वनि भी भक्तों को उत्साहित कर रही है।इधर सभी पंडालों में विद्युत की आकर्षक साज-सज्जा की गई है, रात्रि में पूरा पंडाल रोशनी से जगमग हो रहा है।नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति के द्वारा प्रिस चौक में आयोजित पूजा में आचार्य पंडित श्याम सुन्दर मिश्र ने मां की पूजा किया जहां पर यजमान के रूप में अनूप केसरी के द्वारा सभी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। शहर के पूजा पंडालों के निर्माण बहुत ही आकर्षक ढंग से किया गया है। रामजानकी मंदिर में मां के दरबार को फूलों से आकर्षक सजावट की गई है इसके अलावा अंदर के हिस्से में राजस्थान की कलाकृतियों से सजाया गया है। जो कि लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। गुलजार गली में मां के दरबार को भव्य फूल से सजावट किया गया है, जिसमें मां विराजमान होकर मां दुर्गे अपने भक्तों पर कृपा बरसा रही है। नीचे बाजार में मां की प्रतिमा को विशेष मोर पंख से सजावट की गई है जो कि लोगों को अपनी ओर आकर्षित की रही है। । रामनगर में मां के दरबार को फूलों से सजाया गया है। इसके अलावा उड़ीसा के शिव मंदिर के तर्ज पर भव्य पंडाल का निर्माण किया है जहां पर मां जगत जननी की विधिवत पूजा किया गया।वही नगर भवन ओमकार समिति में मां के दरबार का पूर्ण रूप से फूलों से सजाया गया है। श्यामटोली में मां के दरबार को पंडाल का प्रारूप बनाया गया है। जिसमें विराजमान होकर मां अपने भक्तों को दर्शन देगी। सिमडेगा। पूजा पंडालों में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतार बनाए गए हैं। वहीं स्वच्छता के लिए भी उत्तम प्रबंध किए गए हैं। वहीं पंडाल परिसर में धूम्रपान को निषेध किया गया है। वहीं सुरक्षा के लिए पदाधिकारी एवं जवानों को भी तैनात किया गया है।

## तामड़ा में दुर्गापूजा पंडाल के पट खुले




**सिमडेगा।** शारदीय नवरात्र के मौके पर तामड़ा गांव में माहा सप्तमी के मौके पर नवपत्रिका प्रवेश एवं भव्य कलश यात्रा के साथ मां जगत जननी की पंडाल का पट खोल दिया गया। सर्वप्रथम नव पत्रिका प्रवेश से पूर्व भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया ।कलश यात्रा में हजारों की संख्या में युवतियां एवं महिलाओं की भीड़ उमड़ी। बाजारटांड स्थित शिव मंदिर स्थित तालाब से विधिवत जल संकल्प करते हुए पूरे नगर का भ्रमण करते हुए ,जय माता दी जय घोष के साथ पूरे क्षेत्र का माहौल भक्ति में हो गया। इधर आचार्य के रूप में नंदकिशोर मिश्रा एवं यजमान के रूप में जितेंद्र पुरी सपत्नीक भूमिका निभा रहे हैं। कलश यात्रा समापन के पश्चात विधि विधान के साथ मां दुर्गा की पंडाल का पट खोल दिया गया एवं भव्य मेले का आयोजन हुआ मेले में दूर-दूर से लोग मेले का आनंद उठाते हुए देखे गए इस दौरान खिलौने मिठाई कई चीजे मेले में लोगों को आकर्षित कर रहा था। वही बताया क्या की 24 अक्टूबर की रात्रि में रांची एवं गुमला के मशहूर कलाकारों के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष अशोक केसरी ,उपाध्यक्ष अमित केसरी,सुबोध केशरी,सचिव जितेंद्र पूरी, राजकुमार केसरी विजय केसरी अशोक गुप्ता राहुल मिश्रा, मुकेश मिश्रा, संजय केसरी ,शिव केसरी, कृष्णा केसरी,विकास साहू,मनीष केशरी, अमन मिश्रा निरंजन पूरी, छोटू पूरी सोनल केशरी,सतीश केशरी, सचिन सूबास साव ,मनोज केशरी बिहार केसरी ,श्रीकांत गुप्ता, सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### रौतिया समाज ने किया फुटबॉल मैच आयोजित

बानो। एस एस हाई स्कूल बानो में अखिल भारतीय रौतिया समाज बिकास परिषद के बानो प्रखण्ड कमिटी द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालिका फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने किया। उन्होंने कहा आज सामाजिक रूप से मजबूत होना अति आवश्यक है। खेल के माध्यम से समाज तथा अपने परिवार का नाम रोशन करें।आज बानो प्रखण्ड के कई खेलाडियो ने विभिन्न खेलो में अपनी प्रतिभा दिखाया है। सामाजिक स्तर से इस तरह के कार्यक्रम सरहानीय हैं। समाज के प्रदेश सचिव शालिग्राम सिंह ने कहा आज खेल के माध्यम से हम पूरे झारखण्ड में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।यह अच्छी कदम है। बालिका वर्ग में उद्घाटन मैच चटक टोली -बांकी की टीम के बीच खेला गया। जिसमें की टीम बांकी की टीम 4-1 से बिजयी रहा । दूसरे मैच में बानो की टीम ने सीकोरदा को एक गोल से हरा कर विजेता बना ,तीसरा मैच डुमर ता व बांकी के बीच खेला गया जिसमें बांकी का टीम एक गोल से विजयी रहा ।वही बालक वर्ग में दल्लाकुदर की टीम बानो को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया । मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष महेश सिंह, खेल समिति के अध्यक्ष चन्द्र भान सिंह ,तारावती देवी ,भुनेश्वर सिंह ,सरस्वती देवी ,ललिता देवी ,रणजीत सिंह ,हिरानाथ सिंह आदि लोग उपस्थित थे। फाइनल मैच रविवार को खेला जाएगा।

### ठेठईटांगर में सभी पंडालों के पट खुले

**ठेठईटांगर।** नवरात्र सप्तमी पर जिला के सभी पंडालों के पट श्रद्धालुओं के लिए खुल चुके हैं। ठेठईटांगर प्रखंड के बाघचट्टा पूजा पंडाल का केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के जिला सांसद प्रतिनिधित्व सुशील श्रीवास्तव द्वारा पूजन कर अनावरण किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधित्व सुशील श्रीवास्तव ने कहा की जनजातियों द्वारा बाघचट्टा में इस पौराणिक त्यौहार को बिल्कुल ही विधि विधान से मनाया जाता है। यह समाज के लिए अनुकरणीय है। धर्म के रास्ते ही सामाजिक व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकेगा। धर्म मनुष्य में जीवन के महत्व को स्पष्ट करता है पवित्र भावनाओं को पैदा करता है, वह मानसिक तनाव चिताओं से दूर रखकर गलत चीजों से बचाता है। इसके अलावा सांसद प्रतिनिधि ने केरसई रुशु आदि पूजा पंडालों में घूम घूम कर लोगों को दुर्गा पूजा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।साथ ही सांसद प्रतिनिधि ने जिले वासियों से अपील की की सिमडेगा के इतिहास के अनुरूप मिलजुल कर हम सबों को शांतिपूर्वक यह त्योहार मनाना है,और हमेशा की तरह भाईचारगी की मिसाल कायम करना है।

## उत्साह

### शैमरॉक गुरुकुल में नवरात्रि उत्सव का आयोजन

# बच्चों ने डांस और एक्टिंग कर सबका मन मोहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** शैमरॉक गुरुकुल ने शगुन बैंक्वेट एंड होटल में नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया. इस उत्सव में बच्चों ने डांस और एक्टिंग से रंग बिखेरा. बतौर मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता और विशेष अतिथि योगाचार्य सुषमा सुमन, योगी प्रदीप कुमार सुमन व समाज सेवी विशाल भदानी उपस्थित रहीं. मंच का संचालन शिक्षिका श्रद्धा, संजीता, एकता और अमीषा ने किया. कार्यक्रम की शुरूआत अतिथिगण के साथ प्राचार्या सीमा सिंह और निर्देशक पल्लव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया. शुरूआती कार्यक्रम में पीजी, नर्सरी और केजी-1 और 2 के बच्चों ने गरबा और फैंसी ड्रेस किया. जिसमें बच्चे राम, सीता, हनुमान, लक्ष्मण, राधा,



कृष्ण, दुर्गा बनकर सबका मन मोहा. वहीं क्लास 1, 2 और 3 के बच्चों ने टुकुर टुकुर गाने पर डांस किया. पूरे कार्यक्रम का सबसे अहम डांस रामायण रहा, जिसमें क्लास 2, 3 4 और 5 के बच्चों ने रामायण को संक्षिप्त रूप में दिखाया और अपने डांस और एक्टिंग से सबका मन मोह लिया. शालिनी गुप्ता ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया और स्कूल के उज्वल भविष्य के लिए प्राचार्य को शुभकामनाएं दी. साथ ही उन्होंने नारी शक्ति की उपलब्धियों को बताया और विद्यालय की सभी शिक्षकों को उनके गुणों के आधार पर सर्टिफिकेट देकर उनका मनोबल बढ़ाया. योगाचार्य सुषमा सुमन ने भी सबको नवरात्रा की बधाई दी. प्राचार्या सीमा सिंह ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं अभिभावकों को नवरात्रि उत्सव कार्यक्रम में सम्मलित होने के लिए धन्यवाद दिया. कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रिया, रानी, लिली श्रेया, अंजली, रागिनी और रिया की अहम भूमिका रही.

## कोडरमा में फूड प्वाइजनिंग से 70 से अधिक बीमार, डीएस से हटाए गए डॉ. मनोज

**नवीन मेल संवाददाता**

कोडरमा। जिले के सदर प्रखंड के बलरोटांड़ और गोसाईंटोला में चाट और गुपचुप खाने से 70 से अधिक लोग बीमार हो गए। इनमें अधिकतर महिलाएं व बच्चे हैं। शनिवार सुबह बीमार लोग सदर अस्पताल पहुंचे तो ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर गायब थे। ऐसे में लोगों ने हंगामा किया। बाद में वरीय अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद सभी का इलाज शुरू किया गया। बीमार सभी लोगों की स्थिति खतरे से बाहर है। डीसी मेघा भारद्वाज ने सभी के पूरी तरह स्वस्थ हो जाने के बाद ही छुट्टी देने की बात कही है। बताया जाता है कि सभी लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही डीसी मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ संदीप कुमार मीणा, सीएस डॉ अनिल कुमार व अन्य पदाधिकारी सदर अस्पताल



पहुंचे और बीमार लोगों का हालचाल जाना। साथ ही मौजूद चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिए। डीसी मेघा भारद्वाज ने ड्यूटी से नदारद पाए गए चिकित्सक को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यशैली में सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत कहा कि फूड प्वाइजनिंग से बीमार हुए सभी लोग अब खतरे से बाहर हैं। जब तक वे लोग पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो जाते तब तक अस्पताल में ही रख कर बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया गया है। डीसी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को सभी प्रमुख मेला स्थल और होटलों में जांच करने का निर्देश दिया गया है। मिलावटी सामान बेचते पकड़े जाने पर दुकान को तत्काल बंद कर दिया जाएगा। डीसी ने बताया कि गुपचुप-चाट बेचने वाले से पुलिस पूछताछ कर रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। डीसी मेघा भारद्वाज के निर्देश पर सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल के संचालन के लिए डॉ. रंजीत कुमार को सदर अस्पताल कोडरमा के उपाधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार दिया है।

## गागर में सागर

### जान हथेली पर लेकर कार्य करने को विवश भवनाथुपर सीएचसी के कर्मी



**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर का भवन जर्जर होने के कारण चिकित्सक और कर्मी जान हथेली पर लेकर कार्य करने को विवश हैं। गनीमत है कि अभी तक कोई अप्रिय घटना उनके साथ नहीं घटी है। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे प्रभारी कक्ष के छत का प्लास्टर का मलबा उनके टेबुल पर अचानक से धड़ाम से गिरा। आवाज सुनकर कर्मी अस्पताल कर्मी प्रभारी कक्ष की ओर भागे कि कोई हादसा हो गया, लेकिन संयोग था कि प्रभारी कर्मियों के साथ बैठे जरूर थे, लेकिन प्लास्टर गिरने के कुछ मिनट पहले ही वहां से उठकर चले गये थे, अन्यथा घटना जरूर घट जाती। यह कोई नई घटना नहीं है। इसके पूर्व में भी कई मर्तबा ओपीडी से लेकर कम्प्यूटर कक्ष और वार्ड में भी छत का प्लास्टर गिर चुका है। गनीमत रही कि अभी तक कोई कर्मी इसका शिकार नहीं हुआ है। घटना की जानकारी के बाद प्रभारी रंजन दास, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप पाठक, आयुष डॉक्टर अभिनीत विश्वास और गुप्तेश्वर प्रसाद प्रभारी कक्ष पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। छत से गिरे प्लास्टर को हटवाकर कुर्सी और टेबुल को दूसरी तरफ शिफ्ट कराया।

### पीएम आवास को लेकर बीडीओ ने चेताया

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को बीडीओ नंद जी राम ने अधूरे पड़े पीएम आवास को पूर्ण करने को लेकर मुखिया, जेएसएलपीएस, जविप्र दुकानदारो एवं प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि पीएम आवास निर्माण में प्रखंड नीचे पायदान पर है। लाभुकों की लापरवाही का खामियाजा कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। इसे लेकर संबंधित कर्मियों पर प्रपत्र क गठित करने का पत्र जारी हो चूका है। गरीबों तक अबुआ आवास का लाभ पहुंचे इसके लिए पीएम आवास को जल्द पूर्ण करना होगा। आवास पूर्ण नही करने वाले लाभुकों पर एफआईआर करने के साथ पैसा की रिकवरी का निर्देश मिला है। वैसे हठी लाभुका का किसी भी बैंक का खाता अगर आधार सीडिंग है, तो उनसभी बैंक खातो को आधार से ही फ्रीज कर पैसा की निकासी पर रोक लगा दी जायेगा। कहा कि अगर समय से आवास पूर्ण नहीं हो सका तो पूरा प्रखंड अबुआ आवास से वंचित हो जायेगा। बीडीओ ने बैठक में उपस्थित विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, जेएसएलपीएस के सदस्य एवं पंचायत स्वयं सेवकों से कहा कि आप सभी अपनी-अपनी पंचायतों में अधूरे पड़े तथा आवास की पहली किस्त लेने के बाद भी कार्य शुरू नहीं कराने वाले लाभुकों को चिन्हित करते हुए मनरेगा वेंडरों के सहयोग से आवास को पूर्ण करायें। उन लाभुकों के बैंक खातों से पैसा दिलवाने का काम मेरा है। मौके पर मुखिया बेबी देवी, नंदलाल पाठक, मुखिया प्रतिनिधि सोनाकिशोर यादव, अनिल चौबे, धनंजय साह, राजेश्वर पासवान, बीपीओ तहमीद अंसारी, पीएमजेवाई के प्रखंड समन्वयक अशोक प्रसाद, पंचायती राज के अशोक कुमार, पंचायत सचिव अजीत सिंह, सतीश सिंह, भुनेश्वर सिंह, रोजगार सेवक परमानंद ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### भवनाथपुर और केतार थाना क्षेत्र में नदियों से बालू का अवैध उठाव जारी

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर एवं केतार थाना क्षेत्र की विभिन्न नदियों से बालू माफिया खुलेआम बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से बालू का उठाव कर सरकारी योजनाओं से लेकर निजी कार्यों के लिए ऊंचे दामों पर बेचने का गोरखधंधा चला रहे हैं। नदियों से अवैध रूप से बालू उत्खनित कर बालू माफिया सरकार के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए लाखों रुपये सरकारी राजस्व का चूना लगा रहें हैं, तो वहीं नदियों का अस्तित्व खतरे में है। आपको बता दें कि केतार के पंडा नदी भवनाथपुर के राजदहवा नदी, ढढरा, मकरी, बरवारी सहित क्षेत्र की विभिन्न नदियों से बालू माफियाओं द्वारा मध्य रात्रि के बाद बालू की अवैध ढुलाई का कार्य शुरू करते हैं। जानकारी के अनुसार मध्य रात्रि में अवैध बालू लेकर ट्रैक्टर का परिचालन सिंडिकेट आधार पर होता है। बालू ढुलाई के दौरान इनके लोग बाइक या चार पहिया वाहन से कुछ अंतराल पर होते हैं जो ट्रैक्टर ड्राइवर को हर मूवमेंट की सूचना देते रहते है। आपको जानकर हैरानी तब होगी कि इसी रास्ते पर पुलिस रात भर गश्त करती है, बाउजूद इसके अवैध बालू की ढुलाई पर कारवाई नहीं की जाती, जिससे बालू की इस अवैध कारोबार के खेल में स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में पूछे जाने पर अंचलाधिकारी रामशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि अवैध बालू उत्खनन करने वालों पर कारवाई करते हुए रोक लगाने के लिए सीआई को आदेश दिए हैं।

### मां दुर्गे की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के साथ भक्तों के दर्शन के लिए पट खुले

# पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड में दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में नवरात्रि की धूम है। शनिवार को विधिवत पूजा अर्चना के साथ प्राण प्रतिष्ठा करते हुए मां के पट्ट लोगों के दर्शन के लिए खोल दिए गए। पट खुलते ही मां दुर्गा का दिव्य दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं कई स्थानों पर विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों द्वारा रात्रि में रामलीला, सीरियल रामायण तथा श्री कृष्णा सीरियल दिखाया जा रहा है। चंदनी दुर्गा पूजा समिति ने व्यापक पैमाने में व्यवस्था की है। पंचायत के मुखिया रामगहन मेहता ने बताया की चंदनी में बहुत पुराना देवी मंदिर है, जो पंचायत के लोगों के जीवन में खुशहाली लाता है। 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने कहा देवी मंदिर के पास लगभग 50 वर्षो से दुर्गा पूजा के साथ रामलीला का आयोजन होते आ रहा है। कमेटी के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने दुर्गा पूजा के दौरान कलश यात्रा, नव कन्याओं की पूजा, रावण वध, भगवान राम तथा सीता की झांकी निकाली जाती है। इस दौरान उपाध्यक्ष विनोद सेठ, सचिव अवध कुमार यादव, उपसचिव नागवंत बैठा, कोषाध्यक्ष शेख मोहम्मद अंसारी, कृष्णा सेठ, राजकिशोर यादव, ओम केश मेहता, राहुल कुमार, संदीप जयसवाल आदि उपस्थित थे।





### मां का दर्शन करने उमड़ पड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मेराल।** पश्चिमी पंचायत के मुडल टोला स्थित नवयुवक फ्रेंड्स क्लब दुर्गा पूजा पंडाल में सप्तमी को मां भगवती का पट खुलने के बाद दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर पूजा समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, मुखिया राम सागर महतो, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, झामुमो जिला युवा सचिव अतहर अली अंसारी, बीडीसी छाया कुमारी, पूर्व मुखिया सुषमा मेहता, राजेश बैठा, धनंजय चौधरी, डॉक्टर लालमोहन, विजय प्रसाद, रुपू महतो इत्यादि ने ने किया। पूजा तथा भंडारे को संपन्न कराने में अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी, सचिव नागेंद्र चौधरी, कमलेश चौधरी, राजेश कुमार चौधरी, विनोद चौधरी, धनंजय चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, कामेश्वर चौधरी, सुदर्शन चौधरी, लाल बहादुर चौधरी, महेंद्र चौधरी आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई। मां भगवती का पट खुलने के बाद सभी पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सप्तमी के प्रातः काल से पंडितों द्वारा मां भगवती की विशेष पूजा अर्चना प्रारंभ की गई, जिसमें यजमानों के साथ बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे आदि श्रद्धालु शामिल हुए। प्रखंड मुख्यालय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के पूजा पंडालों में भी सप्तमी शनिवार से मां भगवती की विशेष पूजा अर्चना प्रारंभ हुई।

### माता का दर्शन करने के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

**डंडई।** शारदीय नवरात्र की महासप्तमी पर शनिवार को दुर्गा पूजा पंडालों के पट खोल दिये गये। पट खुलते ही माता के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां का दर्शन के लिए एकाएक बेताब हो गए। श्रद्धालुओं ने डंडई के देवी धाम स्थल पर स्थापित मां दुर्गे की प्रतिमा बारी-बारी से दर्शन किया। उधर क्षेत्र के लवाही, रारो, पचोर, झोतर, करके और सोनेहरा गांव में भी माता का दर्शन करने के लिए पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ा रही। सोनेहरा गांव में मां का पट खुलने से पहले कलश यात्रा निकाली गई। उक्त यात्रा में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इससे पहले उक्त स्थल पर कुंवारी कन्याओं का पूजन किया गया।

# भवनाथपुर और केतार में निकाला गया फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**



दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार को पुलिस ने थाना क्षेत्र के अरसली उत्तरी एवं अरसली दक्षिणी पंचायत मे फ्लैग मार्च निकाला। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि दुर्गा पूजा महोत्सव में उपद्रव फैलाने वालों की खैर नहीं रहेगी। असामाजिक तत्वों तथा सोशल मीडिया पर निगाह रखी जा रही है। प्रशासन द्वारा प्रतिदिन थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में जाकर मुआयना किया जा रहा है ताकि किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी का प्रयास किया गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में एएसआई अभिमन्यु सिंह, विजय शंकर राय आदि लोग शामिल थे।

### शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील

**केतार।** दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार की शाम थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो और प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने पुलिस के जवानों के साथ केतार बाजार सहित अन्य गांवों में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च चतुभुर्जी मंदिर होते हुए केतार बाजार, कर्पूरी गेट होते हुए लोहिया समता उच्च विद्यालय के पास जाकर संपन्न हुआ। इस मौके पर थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने लोगों से शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने शांति भंग करने वाले असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने की चेतावनी दी। थाना प्रभारी ने कहा कि उपद्रवियों पर पुलिस नजर रखेगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि पुलिस - प्रशासन पूजा कमेटी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है, लेकिन अशांति फैलाने वालो लोगों के खिलाफ सख्त है। इसलिए क्षेत्र में अमन-चैन कायम रखते हुए त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों से शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने का आग्रह किया। मौके पर पीएसआई दिनेश मरांडी, विजय कुमार, कन्हाई बैठा मौजूद थे।

# डंडई गांव के युवकों के बनाए भव्य पंडाल को मिल रही लोगों की प्रशंसा

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

चारों ओर दुर्गा उत्सव का माहौल है। सभी श्रद्धालु मां दुर्गे के सभी स्वरूपों की आराधना में लीन हैं। अपने-अपने घरों में भी श्रद्धालु माता की पूजा कर रहे हैं। शिल्पकार मां दुर्गे की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। गांव के लोग पूजा पंडाल का निर्माण करने में जुटे हैं। युवकों का पंडाल सभी वर्षों के पंडाल से काफी अलग है। पंडाल की बनावट को सराहा जा रहा है। पंडाल की ऊंचाई 50 फीट से भी अधिक है। तरह-तरह के डिजाइन और अनेकों रंग के बल्ब के साथ उसे बेहतर रूप से रोशन किया गया है। युवक राजा कुमार बताते हैं कि पंडाल की जो भी रूपरेखा है उसमें हमारे सहयोगियों की भी सहभागिता है। हमने आज तक इस बात की कल्पना भी नहीं की थी कि हम लोगों में भी कुछ प्रतिभा है। उन्होंने कहा कि हमसभी पंडाल के निर्माण कार्य में जुटे तो शुरुआती दौर से ही श्रद्धालुओं के साथ-साथ




गांव के ग्रामीणों के द्वारा हम सभी की प्रतिभा की प्रशंसा की जाने लगी थी। इससे हम लोगों को और अच्छा करने की प्रेरणा मिली। बताया जाता है कि डंडई गांव के देवी धाम स्थल पर पिछले 30 वर्षों से मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित होती आ रही है। वहीं दुर्गा उत्सव के उपलक्ष्य में हर वर्ष स्थानीय युवकों द्वारा नाटक मंचन कार्यक्रम का आयोजन भी होता है। एकम से दसवीं तक आयोजित नाटक मंचन का ग्रामीण भरपूर लुत्फ उठाने का काम करते हैं।

# उपायुक्त-पुलिस अधीक्षक ने किया जय मां शेरावाली भंडारा का उद्घाटन

**गढ़वा।** दुर्गा पूजा के अवसर पर जय मां शेरावाली भंडारा की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य भंडार का आयोजन किया गया है। शेरावाली भंडारा की ओर से 23वां भव्य भंडारा का किया गया है। भंडारा का उद्घाटन डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, जय मां शेरावाली भंडारा के अध्यक्ष सुनील कुमार उर्फ नागर, कार्यकारी अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी, युवा समाजसेवी राकेश पाल, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, भाजपा नेता जवाहर पासवान, अंजली गुप्ता, भगत सिंह, गुप्तेश्वर ठाकुर, शैलेंद्र कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद अतिथियों ने नव कन्याओं को प्रसाद खिलाकर भंडारा का शुभारंभ किया। इस मौके पर पिंकी केसरी, विनोद चंद्रवंशी, रामजी पासवान, कंचन साहू, विनोद बघेल, चंदन जायसवाल, दौलत सोनी, भंडारा के किशोर कुणाल, अजीत पासवान, अतुल चंद्रवंशी, पिंटू उर्फ ओला, विजय ठाकुर, प्रितम गोड़, रंथा नायक, अरविंद पटवा आदि मौजूद थे।

# नव पत्रिका पूजन को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**



प्रखंड क्षेत्र के ढोढी मंधैनिया में शनिवार को सप्तमी पर नव पत्रिका पूजन को लेकर डोली के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें एक हजार एक कलशयात्री शामिल थे। पूजा पंडाल से पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, करमा मुखिया रामनाथ यादव, मंझगावां मुखिया मंजित सिंह एवं भाजपा नेता सुजित भारती ने कलश यात्रा को रवाना किया। कलश यात्रा गांव भ्रमण कर तालाब पहुंचा, जहां अजय कुमार इंद्रगुरु ने कलश में जल भरवाया। इसके उपरांत पूजा पंडाल में कलशों को स्थापित किया गया। तत्पश्चात मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा और सांगोपाण पूजन की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मां दुर्गा का पट खोला गया। मौके पर डीएसपी केदार नाथ राम, पंकज कुमार इंद्रगुरु, श्याम सुंदर पंडित, पूजा समिति अध्यक्ष बाबूलाल दांगी, विजय दांगी, नरसिंह दांगी, उप मुखिया उपेंद्र दांगी, सुभाष दांगी, ध्रमेंद्र सिंह के अलावा सैकडो की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# पांच सौ लीटर पेट्रोल-डीजल जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

भवनाथपुर पुलिस ने शुक्रवार की रात्रि गश्ती के दौरान मकरी मोड़ के आगे एक ऑटो को शक के आधार पर जांच के दौरान उस पर लदे लगभग पांच सौ लीटर पेट्रोल व डीजल को जब्त कर थाना लाया। वहीं चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। गश्ती दल में शामिल एएसआई अभिमन्यु सिंह के फर्द बयान पर ऑटो मालिक व चालक के विरुद्ध अवैध रूप से बड़े पैमाने पर पेट्रोल डीजल का बिना लाइसेंस का कारोबार करने के मामले में दफा 414 आईपीसी के तहद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व भवनाथपुर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के संचालक शिवपूजन यादव के द्वारा गढ़वा उपायुक्त व एसपी से मिलकर आवेदन देते हुए कहा गया था कि भवनाथपुर में उसके दो पेट्रोल पंप हैं, जिनमें कुछ दिनों से बिक्री कम हो रही थी। इसका पता करने पर पाया कि यूपी



से झारखंड में डीजल व पेट्रोल पर 5 से 6 रुपये रेट कम होने के कारण खरौंधी, केतार व भवनाथपुर में कुछ लोग अवैध रूप से पेट्रोल डीजल चार से पांच हजार लीटर के लगभग यूपी से लाकर बड़े पैमाने पर कारोबार कर रहे हैं। इसके कारण प्रतिदिन उसे व राज्य सरकार के राजस्व को आर्थिक नुकसान हो रहा है। संबंधित लोगों के विरुद्ध करवाई की मांग की गई थी। इसके आलोक में खरौंधी, केतार व भवनाथपुर पुलिस द्वारा निगरानी की जा रही थी। थाना प्रभारी रामेस्वर उपाध्याय ने बताया कि रात्रि गश्ती दल द्वारा रात्रि लगभग साढ़े एगारह बजे खरौंधी की ओर से भवनाथपुर की तरफ एक ऑटो आ रही था, जिसको शक के आधार पर रोका, परंतु ऑटो छोड़कर चालक फरार हो गया। ऑटो चालक व मालिक द्वारा कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। आगे की करवाई जारी है। कहा कि बिना लाइसेंस के डीजल पेट्रोल बेचने वालों के विरुद्ध भी करवाई की जाएगी।

# महासप्तमी पर निकाली गई कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**

महासप्तमी पर शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति परोका कला द्वारा भव्य कलश सह शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 351 महिलाएं एवं कन्याएं शामिल थीं। कलश यात्रा दुर्गा मंडप से प्रारंभ हुई जो मुहाने नदी के उतरवाहिनी पहुंची, जहां विधिवत पूजा पाठ कर कलश में जल भरकर माता भद्रकाली मंदिर में दर्शन करते हुए दुर्गा मंडप पहुंच कलशों को स्थापित किया गया। कलश यात्रा में पूजा समिति प्रमुख बसंत नारायण सिंह ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर मुख्य रूप से ईएनटी विशेषज्ञय डॉ. अभिषेक कुमार रामाधीन, यशवंत नारायण सिंह, पत्रकार सह यजमान रंधीर सिंह, दिलीप सिंह, अध्यक्ष गौतम कुमार सिंह, सचिव बिजेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष रणधीर सिंह, भाजपा नेता रामकुमार सिंह, श्यमसुदर राणा, पूजा प्रभारी सुनील राणा, रावण दहन प्रभारी अनिल राणा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## धर्म-कर्म

### पदाधिकारियों ने संत जीयर स्वामी महाराज का आशीर्वाद भी प्राप्त किया

# महायज्ञ की तैयारी का डीसी-एसपी ने लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

पाल्हे-जतपुरा में 23 अक्टूबर से आयोजित होने वाले लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर डीसी शेखर जमुआर और एसपी दीपक पांडेय के अलावे कई पदाधिकारियों ने यज्ञ स्थल पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान पदाधिकारियों ने संत जीयर स्वामी जी महाराज से आशीर्वाद लिया। इसके बाद निमियाडीह में बनने वाले तीन हेलीपैड का जायजा पदाधिकारियों ने लिया। इस दौरान डीसी और एसपी ने भवन निर्माण विभाग और एनएचएआई के पदाधिकारियों को ससमय कार्य पूरा करने का निर्देश देते हुए एनएचएआई को हेलीपैड के बैरिकेटिंग करने का निर्देश दिया। वहीं डीसी ने यज्ञ स्थल पर पेयजल व शौचालय की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश पीएचईडी के पदाधिकारी को दिया। इसके अलावा श्री बंशीधर नगर



अंचल पदाधिकारी को यज्ञ स्थल पर टैंकर की व्यवस्था और बिजली विभाग को नियमित बिजली आपूर्ति करने की बात कही। दोनों पदाधिकारियों ने यज्ञ स्थल पर यज्ञ समिति के लोगों से यज्ञ के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी ली। एसपी ने एसडीपीओ से विधि व्यवस्था को लेकर जानकारी लेते हुए कई निर्देश दिए।

पत्रकारों से उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा की हमारे जिले में ऐतिहासिक यज्ञ होने वाला है। यज्ञ में देश के विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में लोग आएंगे। लोगों को कोई असुविधा ना हो इसके लिए कई प्रबंध किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन विधि व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से सजग है। आम लोगों से ऐतिहासिक यज्ञ को



सफल बनाने में सहयोग की अपील किया। वहीं पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने कहा कि यज्ञ में भारी भीड़ होने की संभावना है। ऐसे में विधि व्यवस्था में कोई दिक्कत ना हो इसके लिए तमाम प्रबंध किए जा रहे हैं। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। आम लोगो से पुलिस सहयोग की अपेक्षा करता है। इस दौरान एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, सीओ अरुण कुमार मुंडा, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, भवनाथपुर पुलिस इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, नगर प्रबंधक रवि कुमार समेत पीएचईडी, बिजली समेत कई विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

# महायज्ञ की उप समिति के प्रभारियों की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

श्री बंशीधर नगर प्रखंड के पाल्हे जतपुरा गांव में आगामी 23 से 28 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ के सफल संचालन को लेकर गठित उप समिति के प्रभारियों की बैठक शनिवार को कथा पंडाल में यज्ञ समिति के संरक्षक सह प्रमुख नियंत्रक शारदा महेश प्रताप देव की अगुवाई में हुई। इसमें देव ने सभी प्रभारियों को उनके कार्य व दायित्व की विस्तृत जानकारी देकर तन मन से लगकर यज्ञ को सफल बनाने को कहा गया। उप समिति के सभी पदाधिकारियों को उनके सहयोगियों की सूची भी उपलब्ध कराई गई। देव ने कहा कि अभी तक झारखंड में इस तरह का यज्ञ नहीं हुआ था। यज्ञ को ऐतिहासिक बनाने में सबका सहयोग



अपेक्षित है। मौके पर कमलेश्वर पांडेय, रामानंद पांडेय, शिवनारायण चौबे, विंध्याचल शुक्ला, श्याम बिहारी शुक्ला, सुनील कुमार चौबे, संतोष कुमार तिवारी, रजनीश कुमार मंगलम, श्यामलाल मेहता, कुमार कनिष्क, सत्यनारायण शुक्ला, शैलेंद्र कुमार शुक्ला, कमलेश कुमार पांडेय, मंदीप प्रसाद, ओम प्रकाश गुप्ता, उमेश शुक्ला, विजय सिंह, रजनी सिंह, आशुतोष सिंह रोहित शुक्ला संतोष तिवारी अजीत चौबे, धीरेंद्र चौबे, नीलू चौबे, दिलीप कुमार शर्मा, शैलेंद्र कुमार शुक्ला, बालेश्वर ठाकुर आदि मौजूद थे।

एक नजर इधर भी

## नेपाल में भारतीयों के साथ दुर्व्यवहार क्यों?

**भारतीयों** के प्रति नेपाली नागरिकों और नेपाल पुलिस का रवैया अभद्र जैसा क्यों है। नागरिकों में वे जो खांटी पहाड़ी लोग हैं, नेपाल गये भारतीयों से बड़ा रूखा व्यवहार करते हैं, कभी कभी तो जरा जरा सी बात पर मार पिटाई पर उतर आते हैं वहीं नेपाल पुलिस अपने वाहनों से नेपाल जाने वाले भारतीयों को कदम कदम पर तंग करने से बाज नहीं आती। यह हाल तब है जब नेपाल में पर्यटक के रूप में जाने वाले भारतीयों की संख्या अन्य किसी भी देश से अधिक है और वहां के बाजारों में उपलब्ध विदेशी वस्तुओं के ग्राहक भी यही हैं। भारत के लोग नेपाल से खुद को कभी अलग नहीं समझते। भारत आये नेपाली लोगों को भारतीय नागरिक कभी तंग नहीं करता और पुलिस उन्हें सदैव सुरक्षा देती रहती है। इसका उदाहरण है कि नेपाल के पहाड़ से एक दो नहीं हजारों की संख्या में पहाड़ी लोग भारत के कसबे और गांवों में फेरी के रूप में व्यापार करते हैं। जाड़े में झुंड के झुंड पहाड़ी लोग नेपाल में बने ऊनी कपड़े, हींग व तमाम जड़ी बूटी बेंचते हुए देखे जा सकते हैं। इन्हें कोई नहीं तंग करता। गांवों में तो इन्हें बाकायदा रहने और खाने पीने का इंतजाम भी कर देते हैं। नेपाल में भारतीयों के साथ ऐसा सद्भाव शायद ही कहीं देखने को मिले। नेपाल में भारतीय दूतावास और प्रचंड सरकार को इस पर गौर करना चाहिए। हमारे पड़ोसी और मित्र कहे जाने वाले इस नन्हें राष्ट्र में भारतीयों के साथ ऐसी अभद्रता हाल के कुछ वर्षों में होनी शुरू हुई है। कोई भारतीय नेपाल में अभद्रता का शिकार हो रहा है या उसके साथ मार पिटाई हुई हो तो पुलिस में भी कोई मददगार नहीं होता। पीड़ित भारतीय नागरिक यदि पुलिस थाने में गया तो पुलिस वाला उसे ही दोषी ठहराने की भरसक कोशिश करता है। नेपाल में भारतीयों से हो रहे हद दर्जे तक भेदभाव देखकर कहना मुश्किल है कि दोनों देशों के बीच रोटी बेटी का रिश्ता भी है। नेपाल में भारतीयों के साथ अभद्रता की घटनाओं के उदाहरण अनेक है। अमूमन भारतीय लोगों का ग्रुप निजी या किराये के भारतीय वाहनों से नेपाल घूमने जाना पसंद करता है। काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर भारतीयों के आकर्षण का प्रमुख धार्मिक स्थल है। इसके अलावा भारत सीमा से सटे भी कुछ रमणीय स्थल है जहां भारतीय लोग जाते रहते हैं। इनमें से एक तो विश्व प्रसिद्ध बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी ही है जहां लोग जाते हैं। यहां बुद्धिष्ट देशों के सैकड़ों धर्मावलंबी प्रति दिन मौजूद रहते हैं तो सैकड़ों की संख्या में भारतीय पर्यटक भी रहते हैं। लुंबिनी जाने के लिए सुविधा पास की व्यवस्था थी। नेपाल कस्टम पर मामूली रकम अदा कर वाहनों के पास मिल जाते थे जिसकी समय सीमा जारी होने के समय से रात नौ बजे तक रहती थी। नेपाल सरकार ने हाल ही इस सुविधा को खत्म कर दिया है और पहले की अपेक्षा अधिक कस्टम ड्यूटी भी भारतीय वाहनों पर थोप दिया है। बहरहाल इससे खास परेशानी नहीं है। परेशानी तब होती है जब कस्टम ड्यूटी अदा कर नेपाल जाने पर जगह जगह पुलिस के लोग 'ये कागज नहीं है वो कागज नहीं है' के नाम पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। यदि आप काठमांडू जा रहे हैं तो बुटवल से लगायत काठमांडू सीमा तक आपको नेपाल पुलिस से जूझना पड़ेगा। इससे घंटा भर समय बर्बाद होता ही है, उनका बर्ताव भी निहायत ही अपमानजक होता है। गाणी जब्त करने की धमकी देने के साथ जुर्माना की रकम इतना बताते हैं कि मन करेगा गाणी ही छोड़ कर वापस चलें जांय। चूंकि गाणी के कागजात में कोई कमी रहती नहीं इसलिए यह उनकी बंदर घुड़की तक ही रह पाती है। लेकिन जितना देर वे डिटेन करेंगे उतनी देर में मन इतना खिन्न हो जायेगा कि दुबारा नेपाल न आने का नाम नहीं लेंगे। निसंदेह इस दौर से गुजरने वाले तमाम भारतीय नागरिक नेपाल आना छोड़ चुके होंगे। नेपाल में एक जगह है सूपा देउराली! यह एक सिद्ध मंदिर है जहां भारतीय लोग जाते हैं।

■ **यशोदा श्रीवास्तव**

# नई संसद से आईआईटी तक फैल रहा वास्तुशास्त्र

**देश** को मिली नई संसद की इमारत का निर्माण वास्तुशास्त्र के अनुसार होने से यह स्पष्ट है कि अब भारत में वास्तुशास्त्र के नियमों और निर्देशों के अनुसार ही बड़े भवनों से लेकर पार्कों तक का निर्माण होगा। वास्तुशास्त्र को आईआईटी जैसे अति महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थानों में भी स्वीकार्यता मिल रही है। आईआईटी, खड़कपुर में वास्तु शास्त्र को पढ़ाने का फैसला लिया गया है। ऐसा विश्वास किया जाता है कि वास्तुशास्त्र के अनुसार बनने वाली इमारतें किसी अप्रिय प्राकृतिक घटना से बचाती हैं। नई संसद या नई दिल्ली के सेंट्रल विस्टा क्षेत्र में नये सिरे से बनने वाली तमाम इमारतों में वास्तुशास्त्र के मूल बिन्दुओं का पालन करते हुए निर्माण कार्यों का होना सुखद है। यह सर्वविदित है कि वास्तुशास्त्र अति प्राचीन भारतीय विज्ञान है। वास्तुशास्त्र के अंतर्गत चार मूल दिशाओं और दस कोणों का ध्यान रखा जाता है। वास्तुशास्त्र हमारे दैनिक जीवन को प्रभावित करता है। राजधानी के तुगलक क्रिसेंट रोड में विकसित भारत-आशियान मैत्री पार्क को भी वास्तुशास्त्र के नियमों के अनुसार नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) ने तैयार किया था। एनडीएमसी ने भारत में आयोजित आसियन शिखर सम्मेलन से पहले इस उद्यान को आसियान देशों के प्रति भारत के प्रति निष्ठा को व्यक्त करने के लिए बनाया था। अगर आप कभी भारत-आसियान मैत्री पार्क में घूमने के लिए जाएं तो वहां पर आपको अलग तरह का अहसास होगा। जब राजधानी में सूरज देवता आग उगलते हैं, तब भी वहां ठंडी बयार बहने लगती हैं। इसका उद्घाटन तत्कालीन विदेशमंत्री सुषमा स्वराज ने सन 2018 में किया था। तब राजधानी में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ था। जब भारत-आसियान मैत्री पार्क का श्रीगणेश हुआ था तब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ट्वीट में लिखा था, 'फलती फूलती दोस्ती। इस पार्क के उद्घाटन के अवसर पर आसियान के महासचिव ली लुंग मिन्ह भी मौजूद थे।' आसियान को दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन भी कहा जाता है। इसका मुख्यालय इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में है। आसियान की स्थापना 1967 में हुई थी। इसके सदस्य थाईलैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलिपींस, सिंगापुर, ब्रूनेई, वियतनाम, लाओस, कंबोडिया और म्यांमार। एनडीएमसी राजधानी के अपने क्षेत्र में आने वाले उद्यानों को वास्तुशास्त्र के अनुसार ही पुर्नविकसित कर रही है। प्रख्यात वास्तु विशेषज्ञ डॉ. जे.पी. शर्मा लंबे समय से सरकारी और गैर-सरकारी भवनों का निर्माण वास्तुशास्त्र के अनुसार करने की सलाह देते रहे हैं। डॉ. शर्मा मानते हैं कि 'देश की नई संसद का निर्माण वास्तुशास्त्र के अनुसार किया गया है। ये देश की उन्नति के लिए मील का पत्थर साबित होगा। देश में चौतरफा विकास होगा। संसद के अंदर सार्थक बहसें और लोक कल्याणकारी कानून बनेंगे।' वास्तुशास्त्र पर दर्जनों किताबों के लेखक डॉ. शर्मा लगातार सरकार से मांग करते रहे हैं कि वास्तुशास्त्र को शिक्षण संस्थानों में एक मुख्य विषय के रूप में पढ़ाया जाय। यह समझना होगा भारत में प्राचीनकाल में वास्तुशास्त्र के नियमों के अनुसार ही भवन निर्माण हुआ करता था। वास्तुशास्त्र भवन निर्माण कला की एक भारतीय विधा है। वास्तुशास्त्रियों का दावा है कि वास्तु के अनुसार बनने वाली इमारतों का उपयोग करने वालों के जीवन में सुख-शांति रहती है। डॉ. जेपी शर्मा ने बताया कि वास्तुशास्त्र के कुछ नियम बिल्कुल साफ हैं। उदाहरण के रूप में किसी भवन का मुख यदि पूरब की दिशा में है तो इससे वहां रहने या काम करने वालों के ज्ञान में वृद्धि होगी। उन पर मां सरस्वती की कृपा रहेगी। जाहिर है, जिस इंसान पर मां सरस्वती की कृपा रहेगी उसका कल्याण होना तय है। जो लोग वास्तुशास्त्र के अनुसार निर्माण की गई इमारतों में रहते या काम करते हैं, उन्हें स्वस्थ जीवन मिलता है। देखिये हम अपने यहां ज्ञान के प्राचीन स्त्रोतों को लेकर बेहद लापरवाही वाला रवैया अपनाते रहे हैं। कई बार हमें खुद ही नहीं पता होता कि उनमें कितना खजाना समाया हुआ है। कुछ समय पहले एक खबर छपी थी कि भारत की पहली आईआईटी, खड़गपुर में आर्किटेक्चर के अंडर ग्रेजुएट स्टूडेंट्स को पहले और दूसरे साल में वास्तुशास्त्र के बुनियादी नियम पढ़ाये जायेंगे। इंफ्रॉस्ट्रक्चर में पोस्ट ग्रेजुएशन करने वाले या शोधार्थियों को इस विषय को विस्तार से पढ़ाया जायेगा। यहां पहले आर्किटेक्चर और इंफ्रॉस्ट्रक्चर के पाठ्यक्रम में वास्तुशास्त्र को शामिल नहीं किया जाता था। लेकिन यहां की फैकल्टी ने पढ़ने और पढ़ाने की प्रणाली में कुछ नया करने का जब सोचा तो उनको महसूस हुआ कि छात्रों को वास्तुशास्त्र भी पढ़ाया जाय, जो पारंपरिक भारतीय वास्तुकला के अध्ययन के लिए बहुत अहम साबित हो सकता है। उनकी राय थी कि जब छात्रों को पश्चिमी जगत में प्रचलित वास्तुकला से संबंधित सिद्धांतों को पढ़ाया जा सकता है तो प्राचीन भारतीय वास्तुकला के सिद्धांत क्यों नहीं बताये जाएं। अब देश के तमाम आर्किटेक्चर कॉलेजों में भी वास्तुशास्त्र को विषय के रूप में पढ़ाये जाने का सिलसिला शुरू होना चाहिए ताकि इस विषय से भारत और सारा संसार लाभ ले सके। वास्तुशास्त्र अध्ययन का धर्म से कोई लेना-देना नहीं है बल्कि यह शुद्ध रूप से विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित है। इसलिए इसे पढ़ा और पढ़ाया जाना चाहिए। कुछ मंद बुद्धि मानसिकता से ग्रसित लोग वास्तुशास्त्र और योग को हिंदू धर्म से जोड़ते हैं। हां, ये दोनों विद्या भारत की धरती से उपजी हैं। पर इनसे किसी धर्म को जोड़कर देखना सही नहीं है। आप इस तरह की छोटी सोच के लोगों का कुछ नहीं कर सकते हैं। ये अंधकार युग में रहने को अभिशप्त हैं। खैर, यह तो मानना होगा कि दुनिया भर में रुझान बदल रहा है और प्राचीन भारतीय विद्या वास्तुशास्त्र के प्रति लोगों में दिलचस्पी पैदा हो रही है। इसलिए यह स्वाभाविक है कि हमें अपने आर्किटेक्चर कॉलेजों में वास्तु शास्त्र को विषय के रूप में पढ़ाया जाय।

**आईआईटी, खड़कपुर में वास्तु शास्त्र को पढ़ाने का फैसला लिया गया है। ऐसा विश्वास किया जाता है कि वास्तुशास्त्र के अनुसार बनने वाली इमारतें किसी अप्रिय प्राकृतिक घटना से बचाती हैं। नई संसद या नई दिल्ली के सेंट्रल विस्टा क्षेत्र में नये सिरे से बनने वाली तमाम इमारतों में वास्तुशास्त्र के मूल बिन्दुओं का पालन करते हुए निर्माण कार्यों का होना सुखद है।**

इन दिनों



आर.के सिन्हा

# भारत के मन में रमते हैं श्रीराम

**भारत** में विजयपर्व का उल्लास है। दिक्काल उत्सवधर्म से आच्छादित हैं। श्रीराम की लंका विजय की तिथि दो दिन बाद है। भारत का मन आनंद मगन हो रहा है। श्रीराम मंगल भवन हैं और अमंगलहारी। वे भारत के मन में रमते हैं। मिले तो राम राम, अलग हुए तो राम राम। राम का नाम हम सब बचपन से सुनते आये हैं। वे धैर्य हैं। सक्रियता हैं। परम शक्तिशाली हैं। भाव श्रद्धा में वे ईश्वर हैं। राम तमाम असंभवों का संगम हैं। मर्यादित आचरण के शिखर हैं। रामकथा के सभी प्रसंग मनभावन हैं। प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरक प्रसंग हैं। युद्ध में विजय की इच्छा रहती है। संसार तमाम संघर्षों से भरा पूरा है। भारतीय चिंतन में काम-क्रोध-लोभ को भी शत्रु बताया गया है। सांसारिक अंतर्विरोधों को शत्रु कहा गया है। रामचरितमानस (लंका काण्ड) में कहते हैं कि, 'संसार शत्रु को दृढ निश्चयी रथ पर बैठ कर ही जीता जा सकता है।' रामचरितमानस (लंकाकाण्ड) में विजयश्री प्राप्ति के लिए एक सुंदर रथ का प्रतीक है। युद्ध शुरू होने को था। रावण रथ पर था। राम पैदल थे। यह देखकर विभीषण भावुक हुए। तुलसीदास ने लिखा, 'रावनु रथी बिरथ रघुबीरा। देखि बिभीषन भयउ अधीरा।' विभीषण ने राम से कहा कि आपके पास न रथ है न कवच है। आप विजयश्री कैसे पाएंगे। श्रीराम ने कहा विजय श्री दिलाने वाला रथ दूसरा है। शौर्य और धैर्य उस रथ के पहिये हैं। सत्य और शील की पताका है। बल, विवेक और इन्द्रिय निग्रह उस रथ के घोड़े हैं। घोड़े क्षमा की डोरी से रथ से जुड़े हुए हैं। ईश्वर भक्ति सारथी है। वैराग्य ढाल है। संतोष तलवार है। मन तरकश है। नीयम बाण हैं। श्रद्धा कवच है। तुलसी लिखते हैं, **'महा अजय संसार रिपु, जीति सकइ सो बीर। जाकें अस रथ होई दृढ़, सुनहु सखा मति धीर-** जिसके पास ऐसा रथ है, इस संसार में वही विजय श्री पाता है।' श्रीराम प्रतिदिन प्रतिपल उपास्य हैं। विजयादशमी व उसके आगे पीछे श्रीराम के जीवन पर आधारित श्रीराम लीला के उत्सव पूरे देश में होते हैं। श्रीराम भारत बोध में तीनों लोकों के राजा हैं। त्रिलोकीनाथ हैं। भारत व भारत के बाहर भी इंडोनेशिया आदि देशों में भी श्रीराम लीला होती है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की रामलीला विख्यात है। वाराणसी देश की सांस्कृतिक राजधानी है। यहां की रामलीला दर्शनीय है। पूरे देश में रामलीला की परंपरा है। दुनिया के किसी भी देश में एक ही समयावधि में हजारों स्थलों पर ऐसे नाटक मंचन नहीं होते। रामलीला में आनंद रस का प्रवाह है। रामलीला के रूप लगातार बदल रहे हैं। यों सभी कलाएं मनोरंजन करती हैं। रामलीला मनोरंजन नहीं है। सभी नाटकों की एक कथा होती है। कुछ इतिहास से भी जुड़ी रहती है। लेकिन रामलीला की कथा काल्पनिक नहीं है। यह सत्य कथा है, प्रेरक है। मर्यादा इस ऐतिहासिक कथानक का केन्द्रीय विचार है। मूल रूप में नाटकों में भाव प्रवणता नहीं होती। नाटक का लेखक भाव अंश डालता है। नाटक के पात्र भाव प्रवणता का सृजन करते हैं। राम कथा के सभी पात्र भाव प्रवण हैं। इतिहास में हैं। संस्कृति में हैं। हम सब राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन, हनुमान, सुग्रीव आदि के प्रति आदर भाव से भरे पूरे हैं। राम कथा हमारे अंतरंग में रची बसी है। हम सहस्त्रों वर्ष से रामलीला के दरश परस में राम रसायन का पान करते आये हैं। रामरसायन में आश्वस्ति है। रामलीला पुरातन राम कथा का पुरश्चरण है। यह कथा पुरातन है, नित्य नूतन है। रामलीला सिर्फ नाटक नहीं है। भारतीय संस्कृति का मधुमय प्रसाद है। भरत मुनि ने विश्व प्रतिष्ठ ग्रंथ नाट्यशास्त्र लिखा है। उन्होंने बताया है कि 'नाटक का मूल रस होता है'। राम कथा सभी रसों की अविरल धारा है। यूरोप के विद्वानों को रामलीला अपरिपक्व लगती है। एच. नीहस ने लिखा था कि, रामलीला 'थियेटर इन बेबी शोज' है। बचकाना प्रदर्शन है। दर्शक मंच पर चढ़ जाते हैं। अभिनेताओं के सजने संवरने वाले कक्ष में घुस जाते हैं।' ऐसा कहने वाले रामलीला में अभिनय के नियम खोजते हैं। वे राम कथा के प्रति भारतीय प्रीति पर ध्यान नहीं देते। सामान्य नाटकों में पात्र अपनी अभिनय कुशलता से दर्शकों के चित्त में भाव उद्दीपन करते हैं। रामलीला में भाव उद्दीपन पहले से ही विद्यमान है। राम कथा मंदाकिनी है। वाल्मीकि तुलसी या कम्ब राम रसायन की रसधारा को शब्द देते हैं। रामलीला में ब्रह्म मनुष्य रूपधारी श्रीराम हैं। श्रीराम मनुष्य की तरह हर्ष विषाद में आते हैं। मनुष्य की तरह कर्तव्य पालन करते हैं। वे अभिलाषा रहित हैं। ब्रह्म अकारण है। उसकी कोई इच्छा नहीं। ब्रह्म का उद्भव ब्रह्म से हुआ। ब्रह्म सदा से है।

**भारतीय चिंतन में काम-क्रोध-लोभ को भी शत्रु बताया गया है। सांसारिक अंतर्विरोधों को शत्रु कहा गया है। रामचरितमानस (लंका काण्ड) में कहते हैं कि, 'संसार शत्रु को दृढ निश्चयी रथ पर बैठ कर ही जीता जा सकता है।' रामचरितमानस (लंकाकाण्ड) में विजयश्री प्राप्ति के लिए एक सुंदर रथ का प्रतीक है।**

■ **हृदयनारायण दीक्षित**

है न विचित्र बात !

## हेमा मालिनी ने रची पौराणिक चरित्रों की अलग दुनिया

**हिंदी** रजतपट की स्वप्न सुंदरी हेमा मालिनी 16 अक्टूबर को अपने जीवन के 75वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी हैं। लोकप्रिय और सफल अभिनेत्री के साथ साथ वे एक प्रशिक्षित शास्त्रीय नृत्यांगना भी हैं। कई शास्त्रीय नृत्यों में पारंगत होने के कारण उनके फिल्मी नृत्य भी बहुत गरिमामय और साफ-सुथरे रहे हैं। हेमा एकमात्र ऐसी अभिनेत्री हैं जिन्होंने अपने व्यस्त फिल्मी करियर के साथ-साथ अपने नृत्य कार्यक्रमों को भी हमेशा जारी रखा है। हेमा मालिनी भरतनाट्यम, मोहिनीअट्टम और कुचिपुड़ी नृत्यों में पूरी तरह से पारंगत नृत्यांगना हैं। पांच साल की उम्र से ही वह भरतनाट्यम सीखने लगी थीं और दस वर्ष की उम्र में उन्होंने अपने एकल शो भी देने शुरू कर दिये थे। वर्ष 1987 में जब उनकी गुरुमां ने उन्हें एकल नृत्य शो की बजाये नृत्य नाटिका करने के लिए प्रेरित किया तब से उन्होंने अपने अनेक नृत्य नाटकों से पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान बनाई और एक अलग प्रशंसक वर्ग भी तैयार किया है। उनके द्वारा की गई पहली नृत्य नाटिका 'नृत्य मल्लिका' शीर्षक से थी। यह पहला अवसर था कि वह मंच पर दूसरे कलाकारों के साथ नृत्य प्रदर्शन कर रही थीं। इतना ही नहीं यह पहली ऐसी नृत्य प्रस्तुति थी जो पहले से रिकॉर्ड संगीत के आधार पर की जानी थी। इसके नृत्य निर्देशक भूषण लखंदरी थे और संगीत शैली दत्ता ने तैयार किया था। इसमें मणिपुरी, कत्थक एवं ओडिसी के साथ-साथ भरतनाट्यम , मोहिनीअट्टम कुचिपुड़ी के नृत्यों को भी समायोजित किया गया था। इसके बाद तो उन्होंने भारत के कई पौराणिक स्त्री चरित्रों को बड़ी गरिमा के साथ देश-विदेश में प्रस्तुत किया। इनके लोकप्रिय होने के कारणों पर हेमा मालिनी का कहना है कि शास्त्रीय या एकल नृत्य दर्शकों को पूरी तरह से आकर्षित नहीं कर पाते हैं पर नृत्य नाटिका इसमें सफल रहती है, क्योंकि इसमें तीन विधाओं नृत्य, नाटक और संगीत का मिश्रण होता है। अतः इन्हें छोटे शहरों, कस्बों और ग्रामीण दर्शक भी बहुत उत्सुकता से देख पाते हैं। इसके बाद उन्होंने मीरा, रामायण, दुर्गा, महालक्ष्मी, सावित्री, राधा कृष्ण, गीत गोविंद, द्रौपदी, परंपरा और यशोदा- कृष्ण जैसी बेहतरीन नृत्य नाटिकाएं तैयार कीं। गीत गोविंद और परंपरा नृत्य नाटकों का निर्देशन दीपक मजूमदार ने किया है बाकी सबके कोरियोग्राफर भूषण लखंदरी हैं। इन सबका संगीत रविंद्र जैन ने बनाया और नृत्य नाटकों के लिए उनका स्वर बनीं कविता कृष्णमूर्ति। इतना ही नहीं उनकी दोनों बेटियां ईशा और आहना भी प्रशिक्षित डांसर हैं और उनके साथ विभिन्न नृत्य नाटकों में भाग लेती रहती हैं।

**चलते-चलते :** अपने तीन दशकों से भी लंबे फिल्मी जीवन में हेमा मालिनी को हर प्रकार की मनोदशा और पलों को दर्शाने वाले गीतों पर नृत्य करने का अवसर मिला। 'चरस' फिल्म में उन्होंने क्लियोपेट्रा डांस किया तो 'दस नंबरी' में एक बार बाला बनी थीं। 'जानेमन' में उन्होंने मुजरा किया और 'स्वामी' फिल्म में नौटंकी की प्रस्तुति की। 'मीरा' में वह तानपुरा लेकर मंदिर में झूमती नजर आईं तो 'अली बाबा और चालीस चोर' के लिए उन्होंने पहली बार अरेबियन बैले डांस भी किया। 'द बर्निंग ट्रेन' फिल्म में परवीन बॉबी के साथ पूर्वी और पश्चिमी नृत्य कलाओं के बीच प्रतिस्पर्धा भी की। 'ज्योति' फिल्म में उन्होंने एक बाल कलाकार के साथ डांडिया रास किया। उन्हें आज भी याद है कि 'शरारा फिल्म में राजकुमार के साथ वाल्ट्ज-नृत्य में कदम-ताल का मेल रखना कितना आवश्यक था और कैसे 'नसीब' में एक लोक गायक के रूप में उनके नृत्य में बेलौस अंदाज की आवश्यकता थी। फिल्मों में नृत्य को लेकर उन्होंने प्रसिद्ध पत्रकार भावना सोमाया द्वारा लिखी आत्मकथा में रोचक जानकारियां साझा की हैं।

■ **अजय कुमार शर्मा**

# संघ की संस्कृति व मूल्यपरक भारत-दृष्टि

**राष्ट्रीय** स्वयं सेवक संघ, दिल्ली ने विभिन्न धार्मिक संगठनों, सेवा-संस्थानों एवं कार्यकर्ताओं की सामाजिक सद्भाव संगोष्ठी का आयोजन कर भारत की ज्वलंत समस्याओं पर सार्थक बहस का एक अनूठा उपक्रम किया। नये मध्यप्रदेश भवन, चाणक्यपुरी में हुए इस आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्यकारणी के सदस्य भैयाजी जोशी के उद्बोधन से जहां राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर संघ का विचार एवं दृष्टिकोण विभिन्न धर्म के प्रतिनिधियों के सामने आया वहीं विभिन्न धर्मों एवं संस्थानों से जुड़े लोगों के चिन्तन से संघ भी अवगत हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास में कुछ ऐसे विरल व्यक्तित्व हुए हैं, जिनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह, महामंत्री आदि अनेक जिम्मेदारियों का निर्वाह करने वाले भैयाजी जोशी भी हैं, उनकी विरलता या महत्ता के प्रमुख मानक हैं- सशक्त राष्ट्रीयता, हिन्दुत्व और लोकहितकारी प्रवृत्तियां। राष्ट्रीयता को संवाद का आधार बनाते हुए इस संगोष्ठी में सुरेश भैया जोशी ने जहां विभिन्न धर्मों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों के विचार सुने, वही उन्होंने कहा कि देश के विकास में आज सबसे बड़ी बाधा संस्कारहीनता का भाव है। लोग दूसरे देशों या संस्कृति से खुद को हीन समझने लगे हैं। भारत को जापान, चीन अमेरिका जैसे दूसरे देशों का अनुकरण करने के बजाय भारत को भारत रहने की आवश्यकता है। देश के युवाओं को संस्कार हीनता को छोड़कर संस्कृति, भाषा, जीवनमूल्य, विचार आदि के लिए जागरूक होना होगा। युवा पीढ़ी को समझना होगा कि विश्व कल्याण का मार्ग भारत से होकर ही निकलेगा। संघ मानता है कि वैचारिक मतभेद होने के बाद भी एक देश के हम सब लोग हैं और हम सबको मिलकर इस देश को बड़ा बनाना है। इसलिए इस संवाद की गहरी प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है। समय-समय ऐसे विचार-संवाद आयोजित करने के लिये संघ प्रतिबद्ध है। सामाजिक सद्भाव गोष्ठी में संघ के कार्यक्रमों की विशद चर्चा से यह तथ्य उभर कर सामने आया कि संघ का काम व्यक्ति निर्माण का है। व्यक्ति से समाज एवं समाज से राष्ट्र निर्मित होता हैं। समाज में आचरण में परिवर्तन लाने का प्रयास करते हैं। यह स्वावलंबी पद्धति से, सामूहिकता से चलने वाला काम है। संघ भारत के शाश्वत मूल्यों को मजबूत और विश्वसनीय बनाना चाहता है ताकि निर्माण का हर क्षण इतिहास बने। नये एवं सशक्त भारत का निर्माण हो, जिसका हर रास्ता मुकाम तक ले जाये। सबकी सबके प्रति मंगलभावनायें मन में बनी रहे। जोशी ने देश में आज संस्कारहीनता से ग्रस्त होने की चुनौती को दूर करने के लिए परिवार, संगठनों के साथ सभी को प्रयास करने की आवश्यकता व्यक्त की। जोशी ने स्वदेश में बनी वस्तुओं के उपयोग की जरूरत पर जोर देते हुए कहा, 'हम आधुनिकता के विरोधी न बनें। लेकिन आर्थिक नजरिये से किसी मुल्क के गुलाम भी न बनें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फोर लोकल को बढ़ावा देने के आह्वान की चर्चा करते हुए चीनी सामान का बहिष्कार कर स्वदेशी वस्तुओं का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किये जाने की अपेक्षा पर बल दिया। भारतीय बाजारों पर चीन लगातार कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। हमें ऐसा होने से रोकना होगा इसलिये चीनी वस्तुओं का बहिष्कार कर इन्हें अपने जीवन से दूर किया जाना चाहिये। सीमा पार से होने वाली घुसपैठ तो हमारी सेना के जवान रोक लेंगे। लेकिन हम नागरिकों को भारत के बाजारों में चीन की घुसपैठ रोककर देश को आर्थिक गुलामी से बचाना होगा। इसके लिये हमें अपने मन के साथ आचरण में भी स्वदेशी भाव जगाना होगा। भैयाजी जोशी के अनुसार हिंदू चिंतन में अधिकार शब्द का कोई स्थान नहीं है। हिंदू चिंतन संस्कार, आचरण, करणीय कार्य और कर्तव्यों की बात करता है। यह चिंतन हमें 'मैं' से निकालकर 'हम' की ओर ले जाता है। 'मैं' से 'हम' होते ही सभी की पीड़ा हमारी पीड़ा बन जाती है। आपसी सौहार्द के संबंध कानून से नहीं बल्कि भावनात्मक लगाव के कारण चलते हैं। भारतीय समाज का चिंतन है कि मानव की जीवन शैली परस्पर संबंधों के आधार पर विकसित हुई। भारत की जीवन शैली सकारात्मक सोच वाली है, जो अच्छाई के लिए प्रेरित करती है। मातृ शक्ति एवं वृद्धों का आदर करने का स्वभाव परिवार के प्रत्येक सदस्य में होना चाहिए। आज परिवार टूट रहे हैं। इस वजह से तमाम विकृतियां समाज में आ रही हैं। इसलिए परिवार व्यवस्था को बनाये रखने की आवश्यकता है। आज भारत को जानने की महती आवश्यकता है। भारत के बनने और भारत को बनाने को लेकर बड़ी चुनौतियां हैं, क्योंकि भारत को भारतीय दृष्टि से जानने वाले कम हैं। हमें भारत को जानने वाला ही नहीं बल्कि भारत को मानने वाला भी बनना है। भारत में कई आक्रांता आये लेकिन भारत को समाप्त नहीं कर पाये, क्योंकि भारतीय समाज बहुकेन्द्रित व्यवस्थाओं पर चलता रहा। हालांकि अंग्रेजों को थोड़ी मात्रा में सफलता मिली और अंग्रेजी आक्रमण से प्रभावित हुए हैं, यही कारण है कई शिक्षित लोग भी भ्रमित हो जाते हैं। आज भी उस भाव से पीछे नहीं आये हैं। भैयाजी ने कहा कि देश को आगे ले जाने में विद्वान, रक्षा करने वाले, उद्योग धंधे चलाने वाले, नियमित श्रम करने वाले सभी लोगों का योगदान है। भिन्न भिन्न शक्तियां के योगदान से हजारों वर्षों से हमारा समाज चलता आया है। उन्होंने शिक्षा के व्यवसायीकरण और कला के विकृत रूप पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि भारत में विद्या बेचने का नहीं दान का विषय रहा है। जीवन की शिक्षा देने वाला ज्ञान होना चाहिए। आज शिक्षा व्यापार हो गया है। देश में कला का श्रेष्ठ स्थान रहा है लेकिन इसके माध्यम से समाज में प्रदूषण फैलाया जा रहा है, इसे ठीक करने की आवश्यकता है। इसी तरह धर्म का भी भारतीय समाज में बड़ा महत्व रहा है। उन्होंने कहा कि हम भाग्यशाली हैं। हमने भारत में जन्म लिया। यहां जन्म लेने मात्र से हम प्राचीन संस्कृति और परंपराओं के वाहक बन गये। यह सौभाग्य किसी दूसरे देश में जन्म लेने वाले व्यक्ति को नहीं मिला है। निश्चित ही भैयाजी जोशी का उद्बोधन न केवल राष्ट्रीय बल्कि सामाजिक एवं धार्मिक महत्व का रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों का उल्लेख करते हुए संघ सोच को एक बार फिर से स्पष्ट किया है। उन्होंने देश के समग्र एवं त्वरित विकास के लिये जनसंख्या नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण की नीति पर जोर दिया है। संघ की नजरों में धर्मांतरण और घुसपैठ से जनसंख्या का संतुलन बिगड़ा है और देश का विकास बाधित हुआ है, जोशी ने इन समस्याओं से निपटने और उनके खिलाफ जनमत का निर्माण करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत के प्रति पूरी दुनिया का भरोसा बढ़ा है। भारत की ताकत बढ़ी है। दुनिया में भारत की आवाज सुनी जा रही है। दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा और साख बढ़ी है और आत्मनिर्भर भारत की आहट सुनाई दे रही है।

**भारत को जापान, चीन अमेरिका जैसे दूसरे देशों का अनुकरण करने के बजाय भारत को भारत रहने की आवश्यकता है। देश के युवाओं को संस्कार हीनता को छोड़कर संस्कृति, भाषा, जीवनमूल्य, विचार आदि के लिए जागरूक होना होगा। युवा पीढ़ी को समझना होगा कि विश्व कल्याण का मार्ग भारत से होकर ही निकलेगा। संघ मानता है कि वैचारिक मतभेद होने के बाद भी एक देश के हम सब लोग हैं और हम सबको मिलकर इस देश को बड़ा बनाना है। इसलिए इस संवाद की गहरी प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है।**

■ **ललित गर्ग**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### मुठभेड़ में 2 नक्सली ढेर, एक इंसास व एक भरमार बंदूक बरामद

**कांकेर।** जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत चिलपरस-गोमे के जंगल में शनिवार सुबह हुई मुठभेड़ में डीआरजी के जवानों ने 2 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। सर्चिंग के दौरान जवानों ने घटनास्थल से दो शव, एक इंसास राइफल और एक भरमार बंदूक बरामद किया गया। मारे गए नक्सलियों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। बस्तर आईजी सुदरराज पी ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोयलीबेड़ा के चिलपरस-गोमे के जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर बीती रात में डीआरजी जवानों की टुकड़ी मौके पर रवाना की गई थी। शनिवार सुबह करीब साढ़े 07 बजे घात लगाए बैठे नक्सलियों ने जवानों को आता देख फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। करीब एक घंटे तक चली अपने को कमजोर पड़ता देख नक्सली जंगल की आड़ लेकर भाग खड़े हुए। नक्सली मुठभेड़ के बाद सर्चिंग के दौरान जवानों ने हथियार समेत कई नक्सल सामग्री बारमद किया है। उल्लेखनीय है कि बस्तर संभाग में 07 नवंबर को पहले चरण का चुनाव है, बस्तर संभाग की 12 सीटों पर मतदान होने के कारण पूरे संभाग में सुरक्षा व्यवस्था हाई अलर्ट पर है। चप्पे चप्पे पर सुरक्षा बलों के जवान, पुलिस, बस्तर फाइटर्स, सीआरपीएफ तैनात हैं। नक्सलियों के विधानसभा चुनाव के बहिष्कार के ऐलान के बाद सुरक्षा और कड़ी कर दी गई हैं। बीते मंगलवार 17 अक्टूबर को बीजापुर जिले में मद्देड के बंदेपारा के जंगल में भी सुरक्षा बलों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में मद्देड एरिया कमेटी प्रभारी डीव्हीसीएम नागेश मारा गया था।, उसका शव भी जवानों ने बरामद कर मौके से एक एके 47 राइफल भी बरामद की थी।

### सड़क हादसे में आटो सवार गर्भवती सहित दो की मौत, आठ घायल

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर क्षेत्र अन्तर्गत शुक्रवार की देर रात सवारियों से भरा हुआ एक ऑटो दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे में ऑटो सवार गर्भवती महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। जबकि आठ सवारी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऑटो सवार लोग एक बालिका की मौत पर शोक जताकर लौट रहे थे। जनपद के नसीरपुर थाना क्षेत्र के गांव नानेमऊ में चार दिन पहले डेढ़ साल की बालिका राधा की दूध के टैंकर से कुचलकर मौत हो गई थी। शुक्रवार को गांव नगला लेखराज के कुछ पुरुष, महिलाएं और बच्चे ऑटो में सवार होकर राधा के परिजनों को सांत्वना देने के लिए गांव नानेमऊ गए थे। रात को यह सभी लोग वापस लौटकर आ रहे थे तभी रास्ते में गांव कुतकपुर और नानेमऊ के बीच में किसी अज्ञात वाहन ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि उसमें सवार सभी लोग दब गए। चीख पुकार मचने पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे के शिकार सभी लोगों को तत्काल इलाज के लिए शिकोहाबाद के संयुक्त अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। ऑटो में कुल 10 लोग सवार थे, जिनमें से आठ की हालत चिंताजनक होने के चलते उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान शिल्पी (20) व शिवनाथ (33) के रूप में की गई है। मृतक शिल्पी पांच माह की गर्भवती थी। जबकि घायलों में मनोज कुमारी, ओके, शिव कुमार, प्रीति, रजनी, अभिषेक, राधा आदि हैं। इस सम्बंध में एसपी देहात कुंवर रणविजय सिंह ने बताया कि इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई है।कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिये यह पता लगाया जा रहा है कि ऑटो को किस वाहन ने टक्कर मारी है।

### बेगूसराय में युवक की गोली मारकर हत्या

**बेगूसराय।** बेगूसराय में अपराधियों का कहर लगातार जारी है। शनिवार की अहले सुबह भी बेखौफ अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना एफसीआई सहायक थाना क्षेत्र के बीहट गांव की है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बीहट नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-21 गुरुदासपुर टोला निवासी भूषण महतो का पुत्र छोटू महतो उर्फ फुलटुस लौआगाछी छोटी लाइन के बगल में उसके डेरा पर अपने पिता के साथ सोया हुआ था। इसी दौरान अहले सुबह करीब तीन बजे पिता के सामने ही गोली मार दिया। गोली की आवाज सुनकर जब तक पिता की नींद खुली अपराधी मोटरसाइकिल से फरार हो गए तथा छोटू महतो उर्फ फुलटुस की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। मजदूर की हत्या से हर कोई मर्माहत है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है।

### पुलिस स्मृति दिवस पर बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# उप्र में स्थापित हुआ कानून का राज

**एजेंसी। लखनऊ**

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में उन सभी पुलिस कर्मियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है, जिन्होंने कर्तव्य पालन करते हुए बलिदान देकर अमर हो गये हैं।रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस परेड में मुख्यमंत्री योगी ने कहा वर्ष 2022-23 में कर्तव्य की बेदी पर प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों में प्रदेश पुलिस बल के तीन बहादुर पुलिस कर्मी शामिल हैं। हमारे जांबाज पुलिस कार्मिकों का यह सर्वोच्च बलिदान हमें निरंतर कर्तव्य पथ पर पूर्ण निष्ठा एवं दायित्व बोध के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। शहीद पुलिसजनों के परिवार के सदस्यों को आश्वस्त करता हूं कि हमारी सरकार उनके कल्याण के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ सभी जरूरी



कदम उठाने के लिए सदैव तत्पर रहेगी। पुलिसजन ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि मान कर प्रदेश में अपराधों पर लगाम लगाने के लिए कानून व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त रखा। पिछले छह वर्षों के दौरान प्रयागराज का दिव्य और भव्य कुंभ, लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019, त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021, विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022, नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में प्रदेश पुलिस बल का उल्लेखनीय योगदान रहा है। यही नहीं प्रदेश पुलिस वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान भी जनता की सहायता के लिए सदैव तत्पर रही है। इससे पहले उन्होंने परेड को सलामी दी। इस दौरान उन्हें शोक पुस्तिका सौंपी गयी। इसके बाद डीजीपी ने शोक पुस्तिका में दर्ज अमर शहीदों के नाम पढ़े। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस शहीद स्मारक स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। सीएम योगी ने कार्यक्रम में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हे सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि एक नवंबर 2022 से 30 सितंबर 2023 के बीच कर्तव्य पालन के दौरान शहीद पुलिस कर्मियों के साथ केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों, अन्य प्रदेश के अर्ध सैन्य बलों, भारतीय सेना में कार्यरत एवं मूलरूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले 140 शहीद कार्मिकों के आश्रितों को 38 करोड़ 96 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गयी है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के जनपद या विभिन्न इकाइयों में नियुक्त पुलिस कार्मिकों की सुख-सुविधा के लिए शासन ने 3 करोड़ 50 लाख, कल्याण के लिए चार करोड़, कार्यरत और रिटायर्ड पुलिस कार्मिकों और आश्रितों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति के 301 दावों के निस्तारण के लिए 45 लाख 50 हजार रुपये प्रदान किए गए हैं।

## दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन चौकस, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

**एजेंसी। पटना**

बिहार में दुर्गा पूजा और विजयादशमी को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए यातायात पर भी विशेष निगाह रखी जा रही है। राजधानी पटना में सप्तमी, अष्टमी, नवमी और विजयादशमी को भीड़ होने की पूरी संभावना है। पटना में दुर्गा पूजा के मौके पर 1,378 से अधिक पंडाल बनाए गए हैं। जबकि, पूरे प्रदेश में इस वर्ष 15,559 दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक इस वर्ष दुर्गा पूजा के मौके पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पटना जिले में लगभग 2,000 प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों, बिहार विशेष सैन्य पुलिस की सात कंपनी और होम गार्ड के 1,200 जवानों को 28 अक्टूबर तक तैनात किया गया है।इसके अलावा 38 स्थानों पर ड्रोन से



पूजा पंडालों में आने वाली भीड़ पर निगरानी रखी जाएगी। सीसीटीवी से भी भीड़ पर निगाह रखने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा राज्य के अन्य जिलों में भी सुरक्षा के तगड़े प्रबंध किए गए हैं। असामाजिक तत्वों पर तत्काल कारवाई का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा अफवाह फैलाने वालों पर भी निगाह रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा बताया गया है कि दुर्गा पूजा को लेकर प्रदेश भर में 20 हजार से अधिक अतिरिक्त सुरक्षा बलों को लगाया गया है।

## राज्य में उद्योग के प्रोत्साहन के लिए उठाए जा रहे कदमः नीतीश

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष शनिवार को उद्योग विभाग, सूचना प्रावैधिकी विभाग तथा पर्यटन विभाग ने अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रस्तुति दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

सीएम ने कहा कि हमलोगों ने ऐसी पॉलिसी बनायी है कि यहां अधिक से अधिक निवेश हो सके। साथ ही यहां रोजगार के अवसर भी सृजित हों। हमलोगों का उद्देश्य है कि जो भी नीतियां बनायी जाए उससे निवेशकों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन मिले और यहां उन्हें उद्योग-धंधे स्थापित करने में किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हो। जो भी नीतियां बनायी गई हैं उसका अनुश्रवण और संचालन ठीक ढंग से करते रहें।

सीएम ने कहा कि कोरोना काल के दौरान भी हमलोगों ने बिहार के बाहर काम करने वाले लोगों को यहां आकर अपना काम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित



किया। कई लोगों ने बिहार आकर स्वरोजगार स्थापित किया। कई जगहों पर जाकर उन कार्यों को हमने देखा है। लोगों के हित में हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। राज्य में बड़े स्तर पर नियुक्तियां की जा रही हैं। युवाओं को राज्य में ही रोजगार के अवसर मिले इसके लिए सरकार काम कर ही है। निवेशक भी बड़ी संख्या में उद्योग-धंधे लगा रहे हैं आनेवाले दिनों में युवाओं को काम के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। सरकार कृषि क्षेत्र में भी काम कर रही है। ताकि ग्रामीण इलाकों में ज्यादा से ज्यादा रोजगार का सृजन हो और पलायन पर रोक लग सके।

## 2023 में दो करोड़ लखपति दीदी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत : गिरिराज

**एजेंसी। बेगूसराय**

केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि उनका मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के आदर्श लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत धन की कोई कमी नहीं है। इस योजना के तहत अतिरिक्त धनराशि के लिए वित्त मंत्रालय से संपर्क किया गया है, इसे जल्द ही स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी। उनका मंत्रालय इस वर्ष के अंत तक दो करोड़ लखपति दीदियों का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है।

विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में ग्रामीण विकास



मंत्रालय ने ग्रामीण गरीबों के जीवन में परिवर्तन के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में काफी प्रगति की है। नौ वर्ष की उपलब्धियों पर विवरण पत्र जारी किया है। यह ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) के योजनाओं और पिछले वर्षों में मंत्रालय के अंतर्गत हुई प्रगति के संबंध में जानकारी देने में सहायक होंगे। गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में लखपति दीदी योजना की घोषणा की थी। 2014 से अब तक दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 7.33 करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) में सम्मिलित किया गया है। बैंकों द्वारा स्वयं सहायता समूहों को वितरित ऋण की राशि 7.22 लाख करोड़ से अधिक है। यह प्रशंसनीय है कि 2014 के बाद से गैर निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) का प्रतिशत घटकर 1.88 प्रतिशत हो गया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय का लक्ष्य अब दिसम्बर 2023 तक दस करोड़ स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की दीदियों तक पहुंचना और कम से कम दो करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पिछले नौ वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में 3.21 करोड़ घरों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। इन पिछले नौ वर्षों में लाभार्थियों को घर निर्माण के लिए 2.48 लाख करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सात लाख 44 हजार किलोमीटर लंबी सड़क बन चुकी है एवं एक लाख 62 हजार से अधिक ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसम वाली सड़कों से जोड़ा गया है। मनरेगा के तहत पिछले नौ वर्षों के दौरान 26 सौ 44 करोड़ मानव दिवस सृजित किए गए हैं।

## कांग्रेस शासन में लगातार हो रही है भाजपा कार्यकर्ताओं की टारगेट किलिंगः अरुण साव

**एजेंसी। रायपुर**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी क्षेत्र के ग्राम सरखेड़ा में हुए नेता की हत्या मामले में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एक और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता की शहादत हुई है। मोहला मानपुर चौकी में बिरझू तारम की जो हत्या हुई है, यह भी टारगेट किलिंग है। भाजपा नेताओं को टारगेट किलिंग करके भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को डराने का काम प्रदेश में हुआ है।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार रात मोहला मानपुर थाना क्षेत्र के सरखेडा गांव में भाजपा नेता बिरजू तारम की घर में घूसकर हत्या कर दी गई है। हमलावर तीन से चार की संख्या में थे। फिलहाल घटना की जानकारी के बाद मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अरुण साव ने



शनिवार को जारी अपने बयान में कहा कि पूर्व में भाजपा नेताओं व कार्यकताओं को मारने-काटने की धमकी दी गई थी, मोहला - मानपुर के क्षेत्रों में। यह बताता है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था किस प्रकार मृत्यु शैय्या पर है।अरुण साव ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में बीजेपी कार्यकताओं को टारगेट कर उनकी हत्या की जा रही है,और खुलेआम मारने काटने की धमकी कांग्रेस नेता के द्वारा पूर्व में दिया गया था। छत्तीसगढ़ में अब ऐसे लोगों को कोई भय नही है। सोशल मीडिया का जमाना है। तमाम तरह के न्यूज चैनल हैं इसके बावजूद कांग्रेसी विधायक की उपस्थिति में इस प्रकार की धमकी दिया गया था। यह प्रदेशवासियों के लिए बेहद चिंतनीय है।

साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की सरकार जाने वाली है। हमारे कार्यकर्ता गांव- गांव जा कर भूपेश बघेल की नाकामी, वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार को बताने का काम कर रहें हैं। जिससे आज राज्य में भूपेश बघेल की सरकार भाजपा कार्यकताओं से डरी हुई है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं, पूर्व विधायकों की सुरक्षा हटाई गयी थी, वहीं दूसरी ओर खुलेमंच से धमकी दिया गया था। इस प्रकार छत्तीसगढ़ की शांति व्यवस्था में खलल डालने का काम, हिंसा की आग में डालने का काम हो रहा है। साव ने कहा कि अपने कार्यकताओं के शहादत को व्यर्थ नही जाने देंगे। राज्य की इस भ्रष्ट सरकार को राज्य में सुव्यवस्थित कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए उखाड़ फेंकेगे।

## मप्र विस चुनावः सभी सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**एजेंसी। भोपाल**

मध्यप्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत सूबे की सभी 230 सीटों के लिए शनिवार को सुबह 11.00 बजे से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार आगामी 30 अक्टूबर तक अपने नाम निर्देशन पत्र दाखिल सकेंगे। नामांकन की संवीक्षा 31 अक्टूबर को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 2 नवंबर है।प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि पूरे प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। मतगणना 3 दिसंबर को होगी। नामांकन दाखिल करते मसय सामान्य अभ्यर्थी को 10 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति को 5 हजार रुपये जमानत राशि जमा करना होगा।उन्होंने बताया कि नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति ही रिटर्निंग आफिसर (आरओ) के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। केवल तीन वाहनों को ही 100 मीटर के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी जो दोपहर 3 बजे तक चलेगी। दोपहर 3 बजे के उपरांत कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने या दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को नामांकन के समय सभी सुसंगत एवं आवश्यक दस्तावेज जैसे जमानत राशि का प्रमाण, प्रारूप-ए एवं बी, शपथ पत्र आदि के साथ आना होगा। यदि अभ्यर्थी उसी निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नहीं है जहां से वह चुनाव लड़ रहा है तो अभ्यर्थी को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की प्रति या निर्वाचक नामावली से संबंधित भाग की प्रमाणित प्रति दाखिल करनी होगी। एक अभ्यर्थी एक ही निर्वाचन क्षेत्र के लिए 4 नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है।

## रणनीति

### पश्चिम बंगाल में राजनीति का अखाड़ा बन रही है दुर्गा पूजा

# भाजपा-टीएमसी राजनीतिक प्रभाव बढ़ाने में जुटे

**भाजपा ने पूजा पंडालों के उद्घाटन के लिए अमित शाह और जे.पी. नड्डा सहित कई वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतारा।**

**लोकसभा चुनाव को लेकर जनसंपर्क के लिए पूजा पंडालों का इस्तेमाल कर रहे राजनीतिक दल**

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की दुर्गा पूजा न केवल राज्य की सांस्कृतिक पहचान है बल्कि राजनीतिक दलों के लिए जनसंपर्क का भी जरिया बनती जा रही है। सूबे में इन दिनों दुर्गा पूजा की धूम है, वहीं प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी इस अवसर का उपयोग 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अपने राजनीतिक प्रभाव को बढ़ाने के लिए करने में लगे हैं। दोनों दल जनता से संपर्क साधने के लिए जुटे हैं और राज्य के चुनावी परिदृश्य में धर्म को विमर्श का विषय बनाने का प्रयास कर रहे हैं। दोनों दल वार्षिक पूजा समारोह को लोगों तक पहुंचने के लिए अवसर के रूप में देखते हैं और इसके दौरान उन्होंने लोगों तक अपने संदेश पहुंचाने के लिए व्यापक रणनीतियां तैयार की हैं। अपनी परंपरा को जारी रखते हुए सत्तारूढ़ तृणमूल ने कई



सामुदायिक पूजा के लिए अनुदान की घोषणा की है, हालांकि पार्टी की यह कहते हुए आलोचना की गई है कि वह सरकारी खजाने की मदद से धार्मिक भावनाओं को भड़का रही है। तृणमूल ने जनता से जुड़ाव के लिए विभिन्न पूजा पंडालों में बुक स्टॉल, स्वास्थ्य शिविर स्थापित करने जैसे कदम भी उठाए हैं।

दूसरी ओर भाजपा ने इस बार राज्य में कई सामुदायिक पूजा का उद्घाटन करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सहित कई वरिष्ठ नेताओं को उतारा। इसने राज्य सरकार की मदद से वंचित 400 से अधिक पूजा समितियों को पहली बार वित्तीय सहायता भी दी है। पार्टी ने राज्य में मंदिर से जुड़ी राजनीति लाने की भी कोशिश की और भाजपा नेता सजल घोष अयोध्या में निमार्णाधीन मंदिर की प्रतिकृति संतोष मित्रा चौराहा पूजा समिति के पूजास्थल पर लेकर आए। गृह मंत्री शाह ने पिछले हफ्ते इसका उद्घाटन किया था।

तृणमूल नेता सौगत रॉय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा सिर्फ त्योहार ही नहीं है, बल्कि एक सांस्कृतिक उत्सव है, जिसे राजनीतिक और धार्मिक सीमाओं से परे हर कोई मनाता है। उन्होंने कहा कि इस त्योहार का उपयोग अपनी पार्टी के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचने के साधन के रूप में किया जाता है। इस तरह के कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा लोगों से मिलने का मौका मिलता है। इसके साथ ही अपनी बात भी रखने का मौका मिलता है।

### बंगाल में एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने की आत्महत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। यह घटना शुक्रवार की रात कुल्टी थाना क्षेत्र के बराकर नालीपाड़ा इलाके में हुई। पीड़ितों की पहचान सुदीप्तो रॉय (66), उनकी पत्नी श्वेता रॉय (53) और उनके बेटे अग्निशंकर रॉय (29) के रूप में की गई। पुलिस ने कहा कि एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है जिसमें उन्होंने इतना बड़ा कदम उठाने के फैसले के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। जांच अधिकारी द्वारा प्राप्त प्रारंभिक सुरागों के अनुसार, वित्तीय समस्याएं इसका कारण हो सकती हैं।

स्थानीय लोगों का हवाला देते हुए सूत्रों ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के रिकवरी एजेंटों का दबाव आत्महत्या के पीछे का कारण हो सकता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More "
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# आतंकवाद व नक्सलवाद पर चोट, हिंसा में आई 65 फीसदी की कमी : अमित शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश में आतंकी हमले, उग्रवाद और नक्सली हमलों में 65 फीसदी कमी आई है। हिंसा फैलाने वाले ऐसे राष्ट्रद्रोहियों पर तगड़ी चोट की गई है। इसमें देश की पुलिस की अहम भूमिका रही है। उन्होंने यह बात शनिवार को दिल्ली में "पुलिस स्मृति दिवस" के अवसर पर "राष्ट्रीय पुलिस स्मारक" में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने और सीमा पर आजादी के बाद से अब तक जिन जवानों ने अपना बलिदान दिया है, उन्हें नमन। वह कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। शाह ने



सभी शहीदों के परिवारजनों से कहा कि आज देश दुनिया में अग्रसर हो रहा है। इसकी नींव में आपके परिवारजनों का सर्वोच्च बलिदान है। राष्ट्र कभी इसे भुला नहीं सकता।

शाह ने कहा कि देश की सीमा की सुरक्षा हो या आंतरिक सुरक्षा, सजग पुलिस तंत्र के बिना यह संभव नहीं है। सरकार के सभी कर्मियों में सबसे कठिन अगर किसी की ड्यूटी है तो वो पुलिस के जवान की है। चाहे गर्मी हो, सर्दी हो या कोई त्योहार हो, वो सुचारू रूप से देश चले, इसके लिए ड्यूटी पर तैनात रहता है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि चाहे आतंकवादियों से टक्कर लेनी हो, अपराध की रोकथाम करनी हो, विशाल भीड़ के सामने कानून-व्यवस्था को बनाये रखना हो या आपदाओं में ढाल बन आम नागरिक की सुरक्षा करनी हो, हमारे देश के पुलिस जवानों ने सभी मौकों पर खुद को साबित किया है। इनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के अलावा अन्य आला पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में सशस्त्र चीनी टुकड़ी द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में पुलिस के 10 वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इन बलिदानियों एवं ड्यूटी के दौरान बलिदान हुए अन्य सभी पुलिसकर्मियों की याद में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस बलिदान व राष्ट्रीय सुरक्षा और एकता बनाए रखने में पुलिस की उत्कृष्ट भूमिका का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुलिस स्मृति दिवस, 2018 के अवसर पर चाणक्यपुरी, नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक देश को समर्पित किया था।

## गागर में सागर

### सुप्रीम कोर्ट ने कैदी को तत्काल रिहा करने का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक कैदी को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है, जिसे पटना उच्च न्यायालय ने अगली तारीख से जमानत दे दी थी। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि उच्च न्यायालय ने कहा है कि 15 महीने की हिरासत पूरी करने के बाद आरोपी को जमानत पर रिहा किया जाएगा,हालांकि आदेश में स्पष्ट निष्कर्ष दर्ज है कि वह जमानत पर रिहा होने का हकदार है। पीठ ने गुरुवार को अंतरिम आदेश देते हुए कहा, (इस शर्त को छोड़कर कि याचिकाकर्ता को 15 महीने पूरे करने के बाद ही जमानत दी जाएगी) याचिकाकर्ता को लागू आदेश में शामिल नियमों और शर्तों पर तुरंत अस्थायी जमानत दी जाएगी।

### बंगाल पहुंचे जेपी नड्डा ने दुर्गापूजा पंडाल में की पूजा-अर्चना



**कोलकाता।** देवी दुर्गा की भव्य आराधना में डूबे पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शनिवार को पहुंचे। कोलकाता हवाई अड्डे पर उतरे नड्डा का पारंपरिक ढाक की थाप पर स्वागत किया गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। यहां से वे हावड़ा के एक पूजा पंडाल में पहुंचे। उन्होंने पार्टी नेताओं सुकांत मजूमदार, शुभेंदु अधिकारी और अग्निमित्रा पॉल के पूजा पंडाल में देवी दुर्गा की आरती की। इसके बाद मीडिया से बातचीत में नड्डा ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग दुनिया को एक दृष्टिकोण देने में सबसे आगे हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि इस भूमि में अच्छी शक्तियों को और अधिक ताकत मिले ताकि समाज का मंगल हो, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सफल कर सके। यहां से वे न्यू मार्केट सर्वजनिन और शोभा बाजार दुर्गा पूजा मंडप में भी पहुंचे। प्रदेश भाजपा की ओर से बताया गया है कि जनसंपर्क के तहत पार्टी अध्यक्ष अभी सूबे में कई अन्य दुर्गा पूजा पंडालों का दौरा करने वाले हैं।

# अमित शाह कल एनसीईएल का लोगो और वेबसाइट करेंगे लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नेशनल कोऑपरेटिव फॉर एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) द्वारा 23 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक दिवसीय 'सहकारी निर्यात पर राष्ट्रीय संगोष्ठी' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निर्यात बाजारों से जुड़ने के लिए सहकारी समितियों को मार्गदर्शन करने, भारतीय कृषि-निर्यात की संभावनाओं और अन्य विषयों के मद्देनजर सहकारी समितियों के लिए अवसर सहित कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

अमित शाह और पीयूष गोयल सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर मंत्री अमित शाह एनसीईएल का लोगो, वेबसाइट और विवरणिका भी लॉन्च करेंगे। सहकारिता मंत्रालय के एक वक्तव्य के अनुसार, वह एनसीईएल सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र वितरित करेंगे और एनसीईएल को चार्टर भी प्रदान करेंगे। अमित शाह के द्वारा सहकारी क्षेत्र द्वारा निर्यात के लिए एक अंब्रेला संगठन के रूप में कार्य करने के लिए एक राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी समिति की स्थापना की आवश्यकता पर जोर देने के पश्चात एनसीईएल अस्तित्व में आया। सहकारिता मंत्री के कुशल मार्गदर्शन में, सहकारिता मंत्रालय ने देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए पिछले 27 महीनों में 54 पहल की हैं। सहकारी समितियों के माध्यम से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर की सहकारी समिति की स्थापना 54 पहलों में से एक है जो सरकार के सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एनसीईएल 25 जनवरी, 2023 को बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत सहकारी क्षेत्र के निर्यात के लिए नव स्थापित अंब्रेला संगठन है। यह बड़ी संख्या में सहकारी समितियों का नामांकन करके कृषि और संबद्ध गतिविधियों के साथ-साथ हथकरघा और हस्तशिल्प वस्तुओं को भी सम्मिलित करता है तथा इसने अपने राजस्व को लगभग 2,160 करोड़ रुपये के मौजूदा स्तर से 2025 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।

# पीएम ने पुलिस स्मृति दिवस पर की पुलिसकर्मियों की सराहना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पुलिस कर्मियों के अथक समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें मजबूत स्तंभ करार दिया, और कहा कि सेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता वीरता की सच्ची भावना का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस बल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए 'एक्स', जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था, का सहारा लिया। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "हम अपने पुलिसकर्मियों के अथक समर्पण की प्रशंसा करते हैं। वे सहयोग, चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में नागरिकों का मार्गदर्शन करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने में मजबूत स्तंभ रहे हैं। सेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता वीरता की सच्ची भावना का प्रतीक है। अपना जीवन बलिदान



करने वाले उन तमाम पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि।" गौरतलब है कि 21 अक्टूबर को पूरे देश में पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर मुख्य समारोह आयोजित कर पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है, जिसकी अध्यक्षता परंपरागत रूप से केंद्रीय गृह मंत्री करते हैं।

## बैंक खाते को मोबाइल नंबर से जोड़ लें, वरना 1 नवंबर से डेबिट कार्ड सुविधा बंद

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

यदि आपका खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में है, और आपने उसको अपने मोबाइल नंबर से नहीं जोड़ा है , तो उस बैंक का डेबिट कार्ड 31 अक्टूबर के बाद काम नहीं करेगा। बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से पहले भी यह जानकारी दी जा चुकी है कि 31 अक्टूबर के बाद से बैंक के ग्राहक एटीएम डेबिट कार्ड के जरिये कोई ट्रांजेक्शन नहीं कर पाएंगे। बैंक कि ओर से यह निर्देश है कि यदि किसी ग्राहक ने अपने खाते से मोबाइल नंबर नहीं जोड़ा तो वे 31 अक्टूबर के बाद से डेबिट कार्ड की सुविधाओं का लाभ नहीं उठा पाएंगे। बैंक ने अपने ग्राहकों से अनुरोध किया है कि 31.10.2023 से पहले बैंक की अपनी शाखा में जाकर मोबाइल नंबर अपडेट जरूर करवा दें। यदि आप चाहें तो ऑनलाइन भी खाता से मोबाइल नंबर जोड़ सकते हैं या फिर अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदल सकते हैं। ऑफलाइन नंबर बदलने के लिए बैंक की ब्रांच जाकर एक फार्म भरना होगा। फार्म भरने के साथ ही आपको आधार कार्ड तथा पासबुक की फोटोकॉपी जमा करनी होगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को दिया आदेश

# मैनुअल सफाई की प्रक्रिया को खत्म करें

### सीवर में होने वाली मौतों पर मुआवजा 30 लाख होगा

**आरएनएम। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने के लिए कई निर्देश जारी किए कि मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में रोजगार के निषेध और उनके



पुनर्वास अधिनियम, 2013 को सख्ती से लागू करके मैनुअल स्कैवेंजिंग की घृणित प्रथा को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए। न्यायालय ने निर्देश दिया कि सीवरों की मैन्युअल सफाई की प्रक्रिया को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी व्यक्ति को किसी भी उद्देश्य के लिए मैन्युअल रूप से सीवर में प्रवेश न करना पड़े।

### सर्वोच्च न्यायालय ने इसके लिए कुछ निर्देश दिये हैं

- ▶▶ संघ को उचित उपाय करने चाहिए और नीतियां बनानी चाहिए और निगमों, रेलवे, छावनियों के साथ-साथ अपने नियंत्रण वाली एजेंसियों सहित सभी वैधानिक निकायों को निर्देश जारी करना चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि चरणबद्ध तरीके से मैन्युअल सीवर सफाई को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए। ऐसे दिशा निर्देश और निर्देश भी जारी करें कि किसी भी सीवर सफाई कार्य को आउटसोर्स किया जाए, या ठेकेदारों या एजेंसियों द्वारा या उसके माध्यम से निर्वहन करने की आवश्यकता हो, किसी भी उद्देश्य के लिए व्यक्तियों को सीवर में प्रवेश करने की आवश्यकता नहीं है।
- ▶▶ इसी तरह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया जाता है कि सभी विभाग, एजेंसियां, निगम और अन्य एजेंसियां (चाहे किसी भी नाम से जानी जाएं) यह सुनिश्चित करें कि संघ द्वारा बनाए गए दिशा निर्देश और निर्देश उनके अपने दिशानिर्देशों और निर्देशों में शामिल हैं; राज्यों को विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया जाता है कि ऐसे निर्देश उनके क्षेत्रों के भीतर कार्यरत सभी नगर पालिकाओं और स्थानीय निकायों पर लागू हों।
- ▶▶ केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया जाता है कि सीवेज श्रमिकों और मरने वालों के संबंध में पूर्ण पुनर्वास (निकटतम रिश्तेदारों को रोजगार, बच्चों को शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण सहित) उपाय किए जाएं।
- ▶▶ न्यायालय इसके द्वारा संघ और राज्यों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देता है कि सीवर से होने वाली मौतों के लिए मुआवजा बढ़ाया जाए (यह देखते हुए कि पिछली निर्धारित राशि, यानी 10 लाख) 1993 से लागू की गई थी। उस राशि का वर्तमान समतुल्य 30 लाख रुपये है। यह संबंधित एजेंसी, यानी, संघ, केंद्र शासित प्रदेश या राज्य, जैसा भी मामला हो, द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि होगी। दूसरे शब्दों में कहें तो सीवर में होने वाली मौतों पर मुआवजा 30 लाख होगा। यदि किसी पीड़ित के आश्रितों को इतनी राशि का भुगतान नहीं किया गया तो उन्हें उपरोक्त राशि देय होगी। इसके अलावा, यह वह राशि होगी जिसका भुगतान मुआवजे के रूप में किया जाएगा।
- ▶▶ इसी तरह विकलांग सीवर पीड़ितों के मामले में दिव्यांगता की गंभीरता के आधार पर मुआवजा वितरित किया जाएगा। हालांकि, न्यूनतम मुआवजा 10 लाख रुपये से कम नहीं होगा। यदि दिव्यांगता स्थायी है और पीड़ित को आर्थिक रूप से असहाय बनाती है तो मुआवजा 20 लाख रुपये से कम नहीं होगा।
- ▶▶ उपयुक्त सरकार (अर्थात, केंद्र, राज्य या केंद्र शासित प्रदेश) जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त तंत्र तैयार करेगी, खासकर जहां संविदात्मक या आउटसोर्स कार्य के दौरान सीवर से होने वाली मौतें होती हैं। यह जवाबदेही अनुबंध को तुरंत रद्द करने और मौद्रिक दायित्व लगाने के रूप में होगी, जिसका उद्देश्य इस प्रथा को रोकना होगा।
- ▶▶ संघ मॉडल अनुबंध तैयार करेगा, जिसका उपयोग संबंधित अधिनियम में, जैसे कि अनुबंध श्रम (निषेध और विनियमन अधिनियम), 1970, या किसी भी स्थान पर, उसके या उसकी एजेंसियों और निगमों द्वारा, जहां भी अनुबंध दिए जाने हैं, किया जाएगा। अन्य कानून, जो मानकों को अनिवार्य करता है - 2013 अधिनियम और नियमों के अनुरूप का सख्ती से पालन किया जाएगा और किसी भी दुर्घटना की स्थिति में एजेंसी अपना अनुबंध खो देगी और संभवतः ब्लैकलिस्ट कर दी जाएगी। इस मॉडल का उपयोग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा भी किया जाएगा।
- ▶▶ एनसीएसके, एनसीएससी, एनसीएसटी और सचिव, केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय आज से 3 महीने के भीतर राष्ट्रीय सर्वेक्षण के संचालन के लिए तौर-तरीके तैयार करेंगे।
- ▶▶ यह सुनिश्चित करने के लिए कि सर्वेक्षण का हश्र पिछले सर्वेक्षणों जैसा न हो, सभी संबंधित समितियों को शिक्षित और प्रशिक्षित करने के लिए उपयुक्त मॉडल तैयार किए जाएंगे।
- ▶▶ केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने के लिए स्कॉलरशिप देने की आवश्यकता है कि सीवर पीड़ितों (जिनकी मृत्यु हो गई है, या विकलांगता हो सकती है) के आश्रितों को सार्थक शिक्षा दी जाए।
- ▶▶ राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) भी उपरोक्त नीतियों को तैयार करने के लिए परामर्श का हिस्सा होगा। यह सर्वेक्षण की योजना और कार्यान्वयन के लिए राज्य और जिला कानूनी सेवा समितियों के साथ समन्वय में भी शामिल होगा। इसके अलावा, एनएएलएसए मुआवजे के आसान वितरण के लिए उपयुक्त मॉडल (अपराध के पीड़ितों को मुआवजे के वितरण के लिए अन्य मॉडलों के संबंध में अपने अनुभव के आलोक में) तैयार करेगा।
- ▶▶ केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को समयबद्ध तरीके से राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय समितियों और आयोगों की स्थापना के लिए सभी आयोगों (एनसीएसके, एनसीएससी, एनसीएसटी) के साथ समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है।




## 24 से एनटीआर जूनियर स्टारर 'देवरा' का दूसरा शेड्यूल शुरू करेंगी जान्हवी कपूर

**'गुंजन सक्सेना** – द कारगिल गर्ल', 'रूही' और 'बवाल' जैसी फिल्मों से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री जान्हवी कपूर 24 अक्टूबर को अपनी अंडर-प्रोडक्शन फिल्म 'देवरा' के दूसरे शूट शेड्यूल की शुरूआत करेंगी। फिल्म में



एनटीआर जूनियर भी हैं, जिन्होंने अपनी ऐतिहासिक फिक्शन फिल्म 'आरआरआर' से वैश्विक सफलता दर्ज की थी। यह फिल्म एनटीआर जूनियर को निर्देशक कोराताला शिवा के साथ उनके आखिरी सहयोग 'जनथा गैराज' के बाद फिर से जोड़ती है, जो 2016 में रिलीज हुई थी। एक सूत्र के मुताबिक, जान्हवी 24 अक्टूबर को एनटीआर जूनियर के साथ 'देवरा' के लिए दूसरा शूट शेड्यूल शुरू करेंगी। अभिनेत्री ने पहले शेड्यूल की शूटिंग केवल 3 दिनों के लिए की थी। वह अक्टूबर से गोवा में प्रोजेक्ट की शूटिंग में व्यस्त रहेंगी और शूटिंग शेड्यूल लगभग 3 से 4 महीने यानी जनवरी तक बढ़ाया जाएगा।

## एक्ट्रेस जैकलीन ने खरीदी लग्जरी कार



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस हमेशा चर्चा में रहती हैं। पिछले कुछ दिनों में वह अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहीं। ठग सुकेश चन्द्रशेखर के साथ रिश्ते के कारण जैकलीन को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। अब जैकलीन एक नई वजह से खबरों में हैं। जैकलीन ने हाल ही में एक लग्जरी कार खरीदी है। सोशल मीडिया पर जैकलीन का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें जैकलीन अपनी नई लग्जरी कार बीएमडब्ल्यू आई7 में बैठी नजर आ रही हैं। जैकलीन ने नई इलेक्ट्रिक कार खरीदी है। इस कार की कीमत दो करोड़ रुपये है। जैकलीन को महंगी कारों का बहुत शौक है।

## उपलब्धि: रक्षा मंत्री ने किया देश के पहले 'भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव' का उद्घाटन

# प्रोजेक्ट उद्भव से स्वदेशी को मिलेगा बढ़ावा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में पहले भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने सैन्य क्षेत्र में प्राचीन रणनीतिक कौशल के माध्यम से स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए प्रोजेक्ट उद्भव लॉन्च किया। इस मौके पर लगाई गई सैन्य प्रदर्शनी का भी रक्षा मंत्री ने निरीक्षण किया। राजनाथ सिंह का कहना है कि यह दो दिवसीय कार्यक्रम देश के युवाओं को प्रेरित करेगा। रक्षा मंत्री ने पहले सैन्य विरासत महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद कहा कि इस दो दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य बातचीत, कला, नृत्य के माध्यम से सदियों से विकसित भारत की समृद्ध सैन्य संस्कृति और विरासत का जश्न मनाना है। कार्यक्रम



के दौरान रक्षा मंत्री ने देश के प्राचीन रणनीतिक कौशल की खोज और समकालीन सैन्य क्षेत्र में एकीकरण के माध्यम से स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेना और यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सहयोग से प्रोजेक्ट उद्भव भी लॉन्च किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में देश की सुरक्षा के लिए सशस्त्र बलों की बेजोड़ बहादुरी और भूमिका रही है, जिसका इस 'भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव' में प्रदर्शन देश के युवाओं को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि इससे वे भारतीय सेना और उनके वीरतापूर्ण कार्यों के बारे में और अधिक जानने के लिए उत्साहित होंगे। इस मौके पर थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, आदि मौजूद थे।

### क्या है प्रोजेक्ट उद्भव

प्रोजेक्ट उद्भव स्वदेशी रणनीतिक विकास के केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार है। यह पहल एक रणनीतिक शब्दावली और वैचारिक ढांचे को बुनने के लिए डिजाइन की गई है, जो भारत की दार्शनिक और सांस्कृतिक विरासत में गहराई से अंतर्निहित है। यह प्रोजेक्टमजबूत, प्रगतिशील और भविष्य के लिए तैयार भारतीय सेना को एक मंच उपलब्ध कराता है, जो न केवल देश की ऐतिहासिक सैन्य दूरदर्शिता से मेल खाती है, बल्कि समकालीन युद्ध और कूटनीति का भी समर्थन करता है। यह परियोजना भारत के रणनीतिक विचार, सैन्य इतिहास के समृद्ध, विविध और खोए हुए खजानों की खोज करने के लिए गहन अनुसंधान, चर्चा, अध्ययन की एक शृंखला का संकेत देती है।

### क्या है सैन्य विरासत महोत्सव

सदियों पुराने गौरवशाली सैन्य इतिहास और रणनीतिक संस्कृति के बावजूद लोग इसके विभिन्न पहलुओं से काफी हद तक अनजान हैं। यह महोत्सव 21वीं सदी में सैन्य इतिहास और विरासत के साथ सार्वजनिक जुड़ाव स्थापित करना चाहता है। इसका उद्देश्य भारतीय सैन्य संस्कृति, परंपराओं और इतिहास के अध्ययन को बढ़ावा देने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल को मजबूत करना है। महोत्सव में सैन्य बैंड प्रदर्शन के माध्यम से सैन्य संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें आर्मी सिम्फनी बैंड की प्रस्तुति, ब्रास बैंड प्रदर्शन और एक सांस्कृतिक पर्व शाम शामिल है। देश के लंबे और शानदार सैन्य इतिहास का जश्न मनाने के लिए संस्कृति मंत्रालय के भारतीय विरासत संस्थान के सहयोग से एक प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

## अभिनेत्री पापिया सेनगुप्ता ने दुर्गा पूजा से जुड़ी बचपन की यादों को किया साझा

**'प्यार** की ये एक कहानी', 'अनामिका' और 'गौना एक प्रथा' जैसे शो में अपनी भूमिकाओं से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री पापिया सेनगुप्ता ने दुर्गा पूजा से जुड़ी अपनी बचपन की यादों के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि कैसे यह उनके जीवन का सबसे पसंदीदा त्योहार है। उत्सवों के बारे में बात करते हुए पापिया ने कहा कि बंगाली होने के नाते नवरात्रि हमारे लिए एक अनोखा स्वाद लेकर आती है, इसलिए यह 'दुर्गा पूजा' हमारे जीवन का सबसे प्रिय त्योहार है। इस त्योहारी सीजन के दौरान हमारी सुबह जल्दी शुरू होती है। हम मां दुर्गा की पूजा करने तक उपवास करते हैं। उन?होंने



कहा कि भोग में भाग लेने का आनंद एक ऐसी चीज है, जिसकी हम प्रतीक्षा करते हैं। शाम को हम पंडाल में इकट्ठा होते हैं, जहां हम दोस्तों और परिवार के साथ मिलकर स्वादिष्ट बंगाली व्यंजनों का स्वाद लेते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे शो 'गौना : एक प्रथा' में हमने एक विशेष नवरात्रि ट्रैक तैयार किया है, मुझे यकीन है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे। मैं ज्यादा कुछ नहीं बताऊंगी लेकिन मैं आपको हमारे साथ जुड़ने और इस अनूठी कहानी का आनंद लेने के लिए आमंत्रित करती हूं। ये ट्रैक हमारे लिए भी खास हैं क्योंकि ये हमारे ऑन-स्क्रीन परिवार को एक साथ लाता है। पापिया को 'सावधान इंडिया', 'फियर फाइल्स : डर की सच्ची तस्वीरें', 'ये कहां आ गए हम', 'ब्रह्मराक्षस' और 'कयामत की रात' में उनकी भूमिकाओं के लिए भी जाना जाता है। 'गौना एक प्रथा' गहना की यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है, जब वह संपन्न और घमंडी उर्वशी द्वारा पेश की गई चुनौतियों का सामना करते हुए अपने पति को वापस पाने की कोशिश करती है।

## गागर में सागर

### ईपीएफओ ने अब तक 16.99 लाख मेंबर्स को जोड़ा, 2.44 लाख नई महिला सदस्य जुड़ीं




**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन- एंप्लाई प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (ईपीएफओ) ने अगस्त, 2023 में शुद्ध रूप से 16.99 लाख सदस्य जोड़े हैं। नियमित वेतन पर नौकरी पाने वालों के बारे में विगत शुक्रवार को जारी आंकड़ों (पेरोल आंकड़ा) में यह जानकारी दी गई। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आंकड़ों की सालाना आधार पर तुलना करने पर अगस्त, 2022 के मुकाबले इस साल शुद्ध रूप से सदस्यों की संख्या में मामूली बढ़ोतरी दिखती है। आज जारी ईपीएफओ के प्रोविजनल पेरोल डेटा से पता चलता है कि ईपीएफओ ने अगस्त, 2023 के महीने में 16 ।99 लाख सदस्यों को जोड़ा है। पेरोल डेटा की साल-दर-साल तुलना पिछले साल अगस्त, 2022 की तुलना में शुद्ध सदस्यों में मामूली बढ़ोतरी को दिखाती है। डेटा से पता चलता है कि 3210 प्रतिष्ठानों ने महीने के दौरान अपना पहला ईसीआर भेजकर अपने कर्मचारियों को ईपीएफओ का सामाजिक सुरक्षा कवर बढ़ाया है। पेरोल डेटा के जेंडर-वार विश्लेषण से पता चलता है कि महीने के दौरान जोड़े गए कुल 9 ।26 लाख नए सदस्यों में से लगभग 2 ।44 लाख नई महिला सदस्य हैं, जो पहली बार ईपीएफओ में शामिल हुई हैं।

### दुनिया की आर्थिक तरक्की में भारत की भागीदारी 5 साल में बढ़कर 18 फीसदी हो जाएगी

**नई दिल्ली।** भारत अगले कुछ वर्षों तक सबसे तेजी से तरक्की करने वाला देश बना रहेगा। इसी वजह से अगले 5 साल में, यानी 2028 तक दुनिया की इकोनॉमिक ग्रोथ में भारत की भागीदारी बढ़कर 18% हो जाएगी। यह अभी 16% से कुछ कम है। ये बात आईएमएफ की ताजा रिपोर्ट में कही गई है। 2022 में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 262 लाख करोड़ रुपय था, जो 2028 तक 500 लाख करोड़ रुपय हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार भारत और चीन मिलकर दुनिया की आर्थिक तरक्की में 50% हिस्सेदारी रखते हैं। भारत में इस साल जीडीपी ग्रोथ रेट 6.3% रह सकता है, जो दुनिया में सर्वाधिक होगा। देश की मैन्युफैक्चरिंग इकाइयां बढ़ी हुई डिमांड के चलते अपनी उत्पादन क्षमता का 76.3% तक डिलीवर कर रही हैं। यह स्तर 2019 से भी ज्यादा है। उस समय कारखाने अपनी उत्पादन क्षमता का 75% तक उपयोग कर रहे थे।

देश में बेरोजगारी की दर मई 2023 में 8% से ज्यादा पहुंच गई थी। अब यह 7.1% पर आ गई। देश की 39.97% आबादी के पास रोजगार है। 40.87% योग्य श्रमशक्ति के पास अत्यधिक काम है।

### पोस्ट ऑफिस दे रहा ब्याज के साथ हर महीने 9000 रुपये



**नई दिल्ली।** अच्छी सेविंग भविष्य में आपके काम आ सकती है अगर वह सही जगह की जाए तो इसलिए सेविंग करने से पहले कुछ बातों का गंभीरता से ख्याल रखना चाहिए। वहीं अगर आप भी अपने भविष्य के लिए सोविंग करना चाहते है तो पोस्ट ऑफिस की सेविंग स्कीम्स आपके लिए सबसे बेस्ट आप्शन है। बता दें कि अगर आप पोस्ट ऑफिस मंथली इंकम स्कीम में निवेश करते है तो आप हर महीने 9,000 रुपये की नियमित आय खड़ी कर सकते है। पोस्ट आफिस में हर आयु वर्ग के लिए योजनाएं मौजूद हैं। पोस्ट ऑफिस मंथली इंकम स्कीम पोमाइज में निवेश के बाद आपको हर महीने एक फिक्स्ड इनकम होगी इतना ही नहीं आपका पैसा भी पूरी तरह से सुरक्षित रहेगा।.पोस्ट ऑफिस की इस शानदार स्कीम में बैंकों के मुकाबले ब्याज ज्यादा मिलता है। अगर आप 5 साल के लिए निवेश करते है तो ज्यादा अच्छी रिटर्न मिलती है। पोस्ट ऑफिस की मंथली सेविंग्स स्कीम में आप सिंगल अकाउंट के जरिये कम से कम 1,000 रुपये और अधिकतम 9 लाख रुपए तक निवेश कर सकते हैं। वहीं अगर आप ज्वाइंट अकाउंट ओपन कराते हैं, तो इसमें अधिकतम निवेश की सीमा 15 लाख रुपये है। 9,000 रुपये की हर महीने की नियमित आय के लिए आपको ज्वाइंट अकाउंट ओपन कराना होगा और इसके लिए आप इसमें 15 लाख रुपये का निवेश करते हैं, तो आपको सालाना 7.4 फीसदी की दर से मिलने वाले ब्याज की रकम 1.11 लाख रुपये होगी।

## फॉक्सकॉन की मानें तो दुनिया में भारत के युग की हो चुकी है शुरूआत

# मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में अब पूरी दुनिया में बजेगा डंका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वैश्विक विनिर्माण के गढ़ के रूप में भारत तेजी से उभर रहा है। एप्पल और गूगल जैसी कई नामी कंपनियों के उत्पाद अब भारत में बनने लगे हैं। एप्पल के आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग पहले ही भारत में शुरू हो चुकी है। अब गूगल ने अपने फ्लैगशिप स्मार्टफोन पिक्सल की मैन्युफैक्चरिंग भारत में शुरू करने का ऐलान किया है। दिग्गज कॉन्ट्रैक्ट इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग फर्म फॉक्सकॉन ने इसे लेकर एक बड़ी महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। फॉक्सकॉन की मानें तो दुनिया में भारत के युग की शुरूआत हो चुकी है और अब पूरी दुनिया में मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भारत का डंका बजने वाला है। यह टिप्पणी इस कारण भी खास हो जाती है क्योंकि स्मार्टफोन जैसे डिवाइसेज के बाद भारत में बड़े पैमाने पर सेमीकंडक्टर और ईवी की मैन्युफैक्चरिंग की तैयारियां चल रही हैं। फॉक्सकॉन के इंडिया रिप्रजेंटेटिव वी ली ने प्रोफेशनल सोशल नेटवर्क लिंक्डइन पर इस बारे में एक पोस्ट किया। उन्होंने 18 अक्टूबर को आयोजित हुए कार्यक्रम होन हाई टेक डे 2023 की तस्वीरें साझा की। तस्वीरों के साथ में उन्होंने लिखा, भारत को लेकर बेशुमार आकांक्षाएं लिए शानदार कार्यक्रम, यह भारत के युग की शुरूआत है, जो ईवी और सेमीकंडक्टर को समर्पित है।



**चीन से भारत में कर रही है शिफ्ट :** होन हाई प्रीसिजन इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड ताईवान में मुख्यालय वाली एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है। यह फॉक्सकॉन की पैरेंट कंपनी है। फॉक्सकॉन एप्पल के लिए आईफोन समेत अन्य डिवाइसेज को कॉन्ट्रैक्ट पर मैन्युफैक्चर करती है। कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग अभी तक चीन केंद्रित रही है, लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। फॉक्सकॉन अपनी मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा हिस्सा भारत में शिफ्ट कर रही है।

> **फॉक्सकॉन एप्पल के लिए आईफोन समेत अन्य डिवाइसेज को कॉन्ट्रैक्ट पर मैन्युफैक्चर करती है। कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग अभी तक चीन केंद्रित रही है**

**गूगल ने किया है ये ऐलान :** एप्पल के कई अन्य कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर भारत में आईफोन बना रहे हैं। हाल ही में लॉन्च आईफोन 15 का विनिर्माण भारत में हुआ है, जिसे कई अन्य बाजारों में यहां से निर्यात भी किया जा रहा है। गूगल ने इसी सप्ताह एक कार्यक्रम में ऐलान किया है कि उसके फ्लैगशिप पिक्सल फोन की मैन्युफैक्चरिंग भारत में शुरू होगी।

**भारत में फॉक्सकॉन की तैयारियां :** फॉक्सकॉन की बात करें तो हाल ही में कई मीडिया रपटों में बताया गया था कि कंपनी तमिलनाडु में ईवी मैन्युफैक्चर शुरू करने की तैयारी कर रही है। उसके अलावा कंपनी सेमीकंडक्टर के लिए लाई गई पीएलआई योजना का लाभ उठाते हुए सेमीकंडक्टर प्लांट लगाने की भी तैयारी में है।

### भारत-बांग्लादेश के प्रतिनिधियों का सम्मेलन शिक्षा और जनसम्पर्क पर जोर

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच सांस्कृतिक और जनसम्पर्क से संबंधों को और गहरा किया जा सकता है। यह बात इंडो इस्लामिक हेरिटेज सेंटर के एक दिवसीय सम्मेलन में मुखर होकर सामने आई। कार्यक्रम का पहला सत्र गालिब इंस्टीच्यूट और द्वितीय सत्र इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित किया गया। इंडो-इस्लामिक हेरिटेज सेंटर और तंजीम उलामा ए इस्लाम की तरफ से नई दिल्ली की गालिब इंस्टीच्यूट में आयोजित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बांग्लादेश इस्लामी फ्रंट के केंद्रीय संयुक्त सचिव अब्दुल रहीम ने कहाकि उनका दल इस्लामी फ्रंट सूफी/बरेलवी राजनीतिक विचारधारा वाला दल है, जो समाज में अनेकता में एकता का संदेश देती है। चटगांव से प्रकाशित बांग्लादेशी समाचार पत्र दैनिक पुरबोदेश के एसोसिएट एडिटर और सिटी कॉर्पोरेशन कॉलेज, चट्टोग्राम के प्रिंसिपल मोहम्मद अबू तालेब बेलाल ने कहाकि भारत के प्रति सूफी निष्ठाओं की यह स्थिति है।

# एब्जोल्यूट और सनबर्न ला रहा नाईटलाईफ का सर्वश्रेष्ठ अनुभव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सनबर्न के साथ अपनी तीन-वर्षीय साझेदारी के तहत दुनिया के #10 म्युजिक फेस्टिवल एवं एशिया के प्रीमियर ईडीएम फेस्टिवल एब्जोल्यूट ग्लासवेयर एक बार फिर से देश के युवाओं को रोमांचक अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार हैं। को-प्रेजेन्टिंग पार्टनर के रूप में एब्जोल्यूट ग्लासवेयर विश्वप्रसिद्ध म्युजिक फेस्टिवल के उत्साह को कई गुना बढ़ा देंगे जिसका आयोजन इस साल 28 से 31 दिसम्बर के बीच गोवा में हो रहा है, इसके अलावा 10 से अधिक शहरों में 24 शोज भी होंगे, जिनमें 6 विश्वस्तरीय कलाकार और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डीजे परफोर्म करेंगें। ब्राण्ड ने भारत में नाईटलाईफ के भविष्य को बदलने और सनबर्न एरिना के साथ जुड़ने का लक्ष्य रखा है जिसकी शुरूआत इसी माह बैंगलोर में हुई। अधिक समावेशी एवं पक्षपातरहित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सनबर्न का यह संस्करण, एब्जोल्यूट के साथ साझेदारी में महिलाओं सहित कई डीजे लेकर आएगा। विभिन्न पृष्ठभूमि से आए लोगों को एक दूसरे के साथ जोड़ना तथा संगीत की युनिवर्सल भाषा के माध्यम से एकजुटता की भावना को बढ़ावा देना इसका मुख्य उद्देश्य है। इस साल एब्जोल्यूट शीर्ष पायदान के विजुअल डिजाइनों का प्रदर्शन करेगा तथा नए दौर की टेक्नोलॉजी का उपयोग कर संगीत प्रेमियों को रोमांचक अनुभव प्रदान करेगा। म्युजिकल पावरहाउस जैसे एलेस्सो, टिम्मी ट्रम्पेट, चारलोटे डे विट्टे, आर्मिन वैन बुरेन, डीमित्री वेगास और लाईक माईक के लाईव परफोर्मेन्स के अलावा दर्शकों को एब्जोल्यूट का वाइब्रेन्ट अनुभव पाने का मौका मिलेगा। साथ ही चार लोकप्रिय इन्फ्लुएंसर्स भारत के सबसे बड़े म्युजिक फेस्टिवल एवं इसके शेज की झलकियां साझा करेंगे। इस साझेदारी पर बात करते हुए पुलकिथ मोदी, हैड ऑफ मार्केटिंग, इंटरनेशनल ब्राण्ड्स, पेरनोड रिकार्ड इंडिया ने कहा कि सनबर्न साल के सबसे बड़े और बहु-प्रतीक्षित म्युजिक फेस्टिवल्स में से एक है। युवाओं के लिए अधिक प्रगतिशील, समावेशी एवं रंगहीन दुनिया के निर्माण के दृष्टिकोण के साथ एब्जोल्यूट ग्लासवेयर ने इस साल सनबर्न के साथ कुछ असाधारण अनुभव प्रस्तुत किए हैं।

### पिछले साल तेल कंपनियों ने नौ लाख करोड़ रुपए मुनाफा कमाया

**नई दिल्ली।** 1950 के दशक में पश्चिमी देशों की सात कंपनियों (सेवन सिस्टर्स) का तेल के 85% कारोबार पर कब्जा था। 1970 के दशक में होड़ बढ़ गई। अरब देशों में तेल कारोबार के राष्ट्रीयकरण और फारस की खाड़ी में प्रोडक्शन बढ़ने से सेवन सिस्टर्स का दबदबा टूट गया। 1979 तक स्वतंत्र कारोबारियों के हाथ में 40% कारोबार आ गया। दुनिया में अब फिर उलटफेर की स्थिति है। इजराइल-हमास युद्ध, यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी देशों-चीन के बीच तनाव से तेल मार्केट्स में जबर्दस्त हलचल मच गई है। 2022 में तेल ट्रेडरों का मुनाफा 60% बढ़कर 9.55 लाख करोड़ रुपए हो गया। इस बार नई कंपनियों को फायदा नहीं हुआ है। सेवन सिस्टर्स के वारिसों और उनकी सहयोगी तेल कंपनियां अच्छा मुनाफा कमा रही हैं। उन्हें वायदा कारोबार (ट्रेडिंग) में भविष्य नजर आ रहा है।

## अंबानी-अडानी के बाद सबसे ज्यादा शिव नादर हैं दौलतमंद

# इनके पास कुल 92 अरब डॉलर की है संपत्ति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले दिनों फोर्ब्स ने भारत के 100 सबसे अमीर व्यक्तियों की नई लिस्ट जारी की थी। इसके मुताबिक, साल 2023 में भारत और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी हैं, जिनके पास कुल संपत्ति 92 अरब डॉलर है। वहीं फोर्ब्स की लिस्ट में दूसरे नंबर पर गौतम अडानी हैं। गौतम अडानी साल 2022 के दौरान भारत और एशिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स थे। जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद इनकी संपत्ति तेजी से गिरी और भारत के अमीरों की लिस्ट में खिसककर दूसरे नंबर पर आ गए। अब इनके पास कुल 68 अरब डॉलर की संपत्ति है। ये तो रही भारत के दो सबसे अमीरों की बात, लेकिन क्या आप देश की



राजधानी नई दिल्ली के सबसे अमीर आदमी के बारे में जानते हैं? इनका नाम शिव नादर है, जो ना सिर्फ दिल्ली के ही सबसे अमीर आदमी है, बल्कि भारत के तीसरे रिचेस्ट पर्सन हैं। साथ ही ये दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में 55वें नंबर पर हैं। अरबपति शिव नादर के पास 28.9 अरब डॉलर की संपत्ति है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ये दिल्ली के निवासी हैं। अरबपति शिव नादर की प्राथमिक शिक्षा तमिल में हुई है। ये 22 साल तक अग्रेंजी ठीक से नहीं बोल पाते थे। शिव नादर ने पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी से बैचलर ऑफ आर्ट्स/साइंस की डिग्री ली है। भारतीय आईटी दिग्गज शिव नादर ने 1976 में पांच दोस्तों के साथ कैलकुलेटर और माइक्रोप्रोसेसर बनाने के लिए एक गैरेज में एचसीएल की स्थापना की थी। आज उनके पास 12.6 बिलियन डॉलर के रेवेन्यू वाली कंपनी है।

> **भारत के तीसरे रिचेस्ट पर्सन हैं। साथ ही ये दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में 55वें नंबर पर हैं**

### लॉरेंस फॉसेट के सीने में धड़क रहा सूअर का दिल, एक माह पहले हुआ था प्रत्यारोपण

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक महीने पहले लॉरेंस फॉसेट नामक जिस व्यक्ति के शरीर में सूअर का दिल प्रतिरोपित किया गया था ऑपरेशन के बाद से वह सकुशल हैं। मैरीलैंड का यह शख्स दुनिया का ऐसा दूसरा व्यक्ति है जिसके शरीर में सूअर का दिल प्रतिरोपित किया गया है। अस्पताल ने शुक्रवार को एक वीडिया जारी किया जिससे पता चलता है कि फॉसेट ठीक होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। फॉसेट दिल की समस्या से ग्रस्त थे और इंसानी हृदय प्रत्यारोपण के लिए अयोग्य थे। इसके बाद ह्ययूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड स्कूल ऑफ मेडिसिन' के डॉक्टरों ने उन्हें प्रायोगिक सर्जरी की पेशकश की। यह प्रतिरोपण 20 सितंबर को किया गया था। फॉसेट (58) ने जोर से सांस लेते हुए लेकिन मुस्कुराते हुए कहा, यह मुश्किल होने जा रहा है लेकिन मैं इससे उबर जाऊंगा। मैरीलैंड टीम ने पिछले साल आनुवंशिक रूप से परिवर्तित सूअर के हृदय का विश्व का पहला प्रतिरोपण करते हुए इसे एक व्यक्ति डेविड बेनेट को लगाया था। हालांकि इसके दो महीने बाद उसकी खराब स्वास्थ्य स्थिति सहित कई कारकों के कारण मौत हो गई थी। हालांकि बेनेट की मौत के कारण पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं लेकिन बाद में अंग के अंदर 'पिग वायरस' के संकेत मिले थे। उस पहले प्रयोग से मिले सबक के कारण इस दूसरे प्रयास से पहले कई बदलाव किये गये जिसमें बेहतर वायरस परीक्षण भी शामिल था। मैरीलैंड टीम के ह्यकार्डियक जेनोट्रांसप्लांटेशन' प्रमुख डॉ. मोहम्मद मोहिउद्दीन ने कहा, ह्यह्यउनका (फॉसेट का) दिल अपने आप सब कुछ कर रहा है।'

## विदेश

# पाकिस्तान में मसूद अजहर का करीबी दाऊद मलिक मारा गया

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

वैश्विक आतंकवादी संगठन 'जैश-ए-मोहम्मद' सरगना मसूद अजहर का बेहद करीबी गुर्गा दाऊद मलिक भी आखिरकार मारा गया। वह 'जैश-ए-मोहम्मद' के अलावा लश्कर-ए-जब्बर और लश्कर-आई-जांगवी से भी जुड़ा था। पाकिस्तान की पुलिस ने माना है कि शुक्रवार सुबह उत्तरी वजीरिस्तान में आदिवासी जिले के मिराली इलाके में अज्ञात नकाबपोशों के लक्षित हमले में दाऊद मलिक ढेर हो गया। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

पुलिस ने बताया कि दाऊद मलिक को एक निजी क्लीनिक में सशस्त्र नकाबपोश लोगों ने निशाना बनाया, जो उसकी हत्या कर भागने में सफल रहे। उल्लेखनीय है कि मसूद अजहर, हाफिज सईद, लखवी और दाऊद इब्राहिम आदि की भारत को लंबे समय से तलाश है। भारत सरकार इन सबको आतंकी घोषित कर चुकी है। इन वांछितों में पठानकोट हमले का मास्टर माइंड शाहिद लतीफ पहले ही पाकिस्तान में मारा जा चुका है। इसके अलावा आईएसआई एजेंट मुल्ला बाहौर उर्फ होर्मुज को भी पाकिस्तान में ढेर किया जा चुका है। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बालाकोट एयर स्ट्राइक में दाऊद मलिक बच गया था। पुलवामा हमले के बाद भारतीय सेना ने बालाकोट पर एयर स्ट्राइक की थी। उस वक्त दाऊद मलिक की वहां पर उपस्थिति बताई जाती है। मलिक आईएसआई की हिफाजत में रहता था।

आईएसआई एजेंट मुल्ला बाहौर उर्फ होर्मुज को बलूचिस्तान में गोली मारी गई थी। बाहौर के बारे में कहा जाता है कि उसने ही ईरान से भारतीय कुलभूषण जाधव को अगवा कर आईएसआई के हवाले किया था। जाधव को पाकिस्तान की कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ भारत ने हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दस्तक दी थी। वहां से कुलभूषण की मौत की सजा पर रोक लगाई गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पिछले माह लश्कर ए तैयबा प्रमुख हाफिज सईद के करीबी अबु कासिम को भी रावलकोट में गोली मारकर उड़ा दिया गया। खालिस्तान कमांडो फोर्स का दुर्दांत आतंकी और भारत में मोस्ट वॉन्टेड परमजीत सिंह पंजवड़ की भी पाकिस्तान में गोली मारकर हत्या की जा चुकी है। पाकिस्तान में हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकी बशीर मीर उर्फ इम्तियाज आलम और जैश के खूंखार आतंकी जहूर मिस्त्री भी मारे जा चुके हैं। जहूर मिस्त्री कंधार विमान अपहरण कांड में शामिल था।

## पेज एक के शेष

### पलामू के...

वालों में उपेंद्र बैठा (38), बिजेंद्र बैठा (36), कांति देवी (30), ज्योति (12), सुरेश पुत्र श्रीकांत कामत बैठा (45) हैं। घायलों में सूरज (16), आयुष (8), आर्यन (10) हैं। सभी जेजे कॉलोनी फेस-3 मदनपुर खादर थाना कालिंदी कुंज साउथ दिल्ली में रहते थे। बताया जाता है कि ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा थाना इलाके में यमुना एक्सप्रेस-वे पर ग्रेटर नोएडा से आगरा की तरफ जाते समय यह हादसा तब हुआ जब शुक्रवार देर रात करीब एक बजे अज्ञात वाहन ने एक कार को टक्कर मार दी। सभी यमुना एक्सप्रेस-वे के रास्ते दिल्ली से झारखंड के लिए इको कार से जा रहे थे।

### इसरो ने...

और यह एकल दीवार वाली बिना दबाव वाली एल्यूमीनियम संरचना है। उड़ान के लगभग 61 सेकंड में और 11.9 किमी की ऊंचाई पर, परीक्षण वाहन/रॉकेट और चालक दल की भागने की प्रणाली अलग हो जाएगी। उड़ान भरने के 91 सेकंड बाद और 16.9 किमी की ऊंचाई पर क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम अलग हो जाएंगे।

इसरो ने कहा, इसके बाद, क्रू एस्केप सिस्टम को अलग करने और पैराशूट की श्रृंखला की तैनाती के साथ शुरू होने वाले निरस्त अनुक्रम को स्वायत्त रूप से निष्पादित किया जाएगा, जो अंततः श्रीहरिकोटा के तट से लगभग 10 किमी दूर समुद्र में क्रू मॉड्यूल के सुरक्षित लैंडिंग में समाप्त होगा। वास्तविक मानव अंतरिक्ष मिशन के दौरान क्रू मॉड्यूल अंतरिक्ष यात्रियों को दबावयुक्त पृथ्वी जैसी वायुमंडलीय स्थिति में रखेगा। वर्तमान में गगनयान मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल विकास के विभिन्न चरणों में है। टीवी-डी1 एक बिना दबाव वाला संस्करण है, लेकिन इसमें वास्तविक गगनयान क्रू मॉड्यूल का समग्र आकार और द्रव्यमान है और इसमें मंदी और पुनर्प्राप्ति के लिए सभी सिस्टम होंगे। क्रू मॉड्यूल में एवियोनिक्स सिस्टम नेविगेशन, सीक्वेंसिंग, टेलीमेट्री, इंस्ट्रूमेंटेशन और पावर के लिए दोहरे निरर्थक मोड कॉनफि गरेशन में हैं। इसरो के अनुसार, इस मिशन में क्रू मॉड्यूल को विभिन्न प्रणालियों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए उड़ान डेटा को कैप्चर करने के लिए बड़े पैमाने पर उपकरण दिया गया है। क्रू मॉड्यूल की गति को पायरो सिस्टम वाले पैराशूट से किया जाएगा। पैराशूट तैनाती की शुरूआत तब की जाएगी जब क्रू मॉड्यूल लगभग 17 किमी की ऊंचाई पर होगा। रॉकेट के उड़ान भरने के लगभग 531 सेकंड बाद क्रू मॉड्यूल श्रीहरिकोटा में लॉन्च पैड से लगभग 10 किमी दूर समुद्र में गिर जाएगा और भारतीय नौसेना द्वारा इसे बरामद किए जाने तक तैरता रहेगा।

रिकवरी जहाज क्रू मॉड्यूल के पास पहुंचेंगे और गोताखोरों की एक टीम एक बोया संलग्न करेगी, इसे जहाज क्रेन का उपयोग करके फहराया जाएगा और किनारे पर लाया जाएगा। क्रू एस्केप सिस्टम श्रीहरिकोटा से लगभग 14 किमी दूर समुद्र से टकराएगा। इस क्रू मॉड्यूल के साथ यह परीक्षण वाहन मिशन समग्र गगनयान कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि उड़ान परीक्षण के लिए लगभग पूर्ण प्रणाली को एकीकृत किया गया है। इसरो ने कहा कि इस परीक्षण उड़ान की सफलता शेष योग्यता परीक्षणों और मानवरहित मिशनों के लिए मंच तैयार करेगी, जिससे भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहला गगनयान मिशन शुरू होगा।

### हाईकोर्ट ने ...

नियुक्त किया था। अधिवक्ता कुमार वैभव ने आरोपियों की ओर से केस लड़ने के लिए कोई फीस नहीं ली। मामले की सुनवाई जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की खंडपीठ में हुई।

### लालू से मिले...

कांग्रेस ने अगर बंधु तिर्की की इच्छा का सम्मान नहीं किया तो वे राजद का रुख कर सकते हैं। हालांकि, फिलहाल इसके आसार कम लगते हैं।

जिस दूसरी सियासी मुलाकात से झारखंड की राजनीति में खूब चर्चा है, वह है हेमंत सोरेन सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्री बन्ना गुप्ता का ओडिशा के नवनियुक्त राज्यपाल एवं भाजपा नेता रघुवर दास से मिलना। बन्ना गुप्ता एक बड़ा गुलदस्ता लेकर रघुवर के जमशेदपुर स्थित आवास पहुंचे। इस मुलाकात के बाद बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड गठन के बाद संभवतः यह पहला अवसर है कि यहां के किसी विधायक को राज्यपाल का महत्ती दायित्व प्रदान किया गया है। यह ना केवल रघुवर जी बल्कि पूरे कोल्हान प्रमंडल एवं झारखंड प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

दरअसल, बन्ना गुप्ता और रघुवर दास के बीच हाल के वर्षों में नजदीकियां तेजी से बढ़ी हैं। बीच-बीच में बन्ना गुप्ता के भाजपा में शामिल होने के कयास भी लगाए जाते रहे हैं। रघुवर और बन्ना दोनों राज्य में वैश्य राजनीति के बड़े चेहरे माने जाते हैं। रघुवर के ओडिशा जाने के बाद स्वाभाविक तौर पर बन्ना वैश्य राजनीति के सबसे बड़े झंडाबरदार माने जाएंगे। कहा तो यह भी जा रहा है कि बन्ना ही रघुवर की वैश्य राजनीति की विरासत को आगे बढ़ाएंगे।

## शक्तिशाली

## चीन का उदय : वैश्विक संभावनाओं का एक नया युग

# अर्थव्यवस्था में संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर

**एजेंसी। बीजिंग**

चीन काफी समय से आधुनिकीकरण की राह पर अग्रसर है। देखा जाए तो यह साम्यवादी देश से पूंजीवादी देश में परिवर्तित हो रहा है। यकीनन, इस बदलाव का विश्व अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर पड़ा है। अब, चीन को सबसे शक्तिशाली देशों में से एक माना जाता है। चीन के आधुनिकीकरण का एक प्रमुख हिस्सा इसकी आर्थिक वृद्धि है। चीन अब वैश्विक अर्थव्यवस्था में संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर एक बड़ा खिलाड़ी है। यह वृद्धि कुछ चीजों की वजह से है। चीन ने अधिक निवेश किया है और तकनीकी रूप से उन्नत किया है और सरकार ने नए विचारों और व्यवसायों को प्रोत्साहित किया है। पिछले कुछ दशकों में चीन ने टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। अब यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में बहुत आगे है। इन प्रगतियों से न केवल चीन, बल्कि बाकी दुनिया को भी मदद मिली है। उन्होंने नवाचार और साझेदारी के लिए नए अवसर खोले हैं। जैसे-जैसे चीन आधुनिक हो रहा है, वह सांस्कृतिक रूप से भी अधिक प्रभावशाली होता जा रहा है। दुनिया भर में लोग फैशन, मनोरंजन, भोजन और कला जैसी चीजों में चीनी संस्कृति का आनंद ले रहे हैं और उससे प्रभावित हो रहे हैं। भविष्य में जैसे-जैसे चीन की अर्थव्यवस्था और विश्व में उपस्थिति बढ़ेगी, यह प्रवृत्ति संभवतः जारी रहेगी। इससे विभिन्न संस्कृतियों को साझा करने और उनकी सराहना करने के नए अवसर पैदा होंगे। हालांकि, चीन का आधुनिकीकरण कई मायनों में अच्छा रहा है, लेकिन यह चुनौतियां भी लेकर आया है। इसमें मानवाधिकार, पर्यावरण और देशों के बीच तनाव की समस्याएं शामिल हैं। लेकिन यह सहयोग और प्रगति के अवसर भी लाता है, खासकर व्यापार, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसी चीजों में। चीन के आधुनिकीकरण ने दुनिया के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। इससे आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा मिला है। जैसे-जैसे चीन विकास और परिवर्तन करता रहेगा, उसे चुनौतियों और अवसरों दोनों का सामना करना पड़ेगा। यदि इसे अच्छी तरह से प्रबंधित किया जाए, तो यह प्रक्रिया दुनिया को अधिक समृद्ध और सभी के लिए जुड़ा हुआ बना सकती है।



> **भविष्य में जैसे-जैसे चीन की अर्थव्यवस्था और विश्व में उपस्थिति बढ़ेगी, यह प्रवृत्ति संभवतः जारी रहेगी**



# विश्व कप : श्रीलंका की पहली जीत

## नीदरलैंड्स को 5 विकेट से हराया, समरविक्रमा की नाबाद अर्धशतकीय पारी



**एजेंसी। लखनऊ**

श्रीलंका ओम ने आखिरकार सदीरा समरविक्रमा की बेहतरीन पारी की बदौलत क्रिकेट विश्व कप में अपनी पहली जीत हासिल कर ली। लखनऊ के मैदान पर नीदरलैंड ने पहले खेलते हुए साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट के 70, वेन बीक के 59 रनों की बदौलत 262 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी श्रीलंका ने पाथुम निसांका के 54, असलांका के 44 तो समरविक्रमा के 91 रनों की बदौलत 5 विकेट से जीत हासिल कर ली। श्रीलंका इससे पहले दक्षिण अफ्रीका से 102 रन, पाकिस्तान से 6 विकेट तो ऑस्ट्रेलिया से 5 विकेट से हार झेल चुका है।

इससे पहले नीदरलैंड ने साइब्रेंड एंगलब्रेट (70) और लोगन वैन बीक (59) के बीच 130 रन की शतकीय साझीदारी की बदौलत 262 रनबनाए थे। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर नीदरलैंड्स एक समय 91 रन पर शुरूआती छह विकेट गंवा कर संघर्ष की स्थिति में था मगर साइब्रेंड और वैन बीक ने जबरदस्त बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया। दोनों बल्लेबाजों ने क्रीज पर समय देते हुए बाउंड्री की बजाय सिंगल्स और डबल्स रन लेने में रुचि दिखाई और ढीली गेंदों पर प्रहार भी किए। नतीजन नीदरलैंड्स का स्कोरबोर्ड चल निकला और 45 ओवर की समाप्ति पर स्कोर 221 हो गया। इस बीच कप्तान कुसल मेंडिस ने अपने स्ट्राइक गेंदबाज दिलशान मदुशंका को गेंद थमाई और उन्होंने इसे सही फैसला करार देते हुए साइब्रेंड को क्लीन बोल्ड आउट कर पार्टनरशिप को तोड़ने में सफलता हासिल की। उन्होंने अपने अगले ही ओवर में रूलाफ वैन डर मर्व को विकेट के पीछे कैच करा कर नीदरलैंड्स को 250 से कम टोटल पर रोकने की कोशिश की मगर एक छोर पर जम वैन बीक ने पुछल्ले बल्लेबाजों के सहारे टीम के स्कोर को चुनौतीपूर्ण बना दिया।

मदुशंका और कसुन रजिता ने 4-4 विकेट झटके वहीं महीश थीक्षणा को एक सफलता मिली। आखिरी विकेट के रूप में पाल वैन मीकरेन (4) नो बॉल पर रन आउट करार दिए गए। श्रीलंका की ओर से दिलशान मधुशंका और रजिथा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4-4 विकेट लिए। इसी तरह ठीकषाना ने 44 रन देकर 1 विकेट लिया। जवाब में खेलने उतरी श्रीलंका की शुरूआत भी खराब रही। कुसल परेरा 5 तो कुसल मेंडिस केवल 11 रन बनाकर आऊट हो गए। लेकिन इसके बाद निसांका और समरविक्रमा ने पारी को संभाला। निसांका 52 गेंदों पर 9 चौकों की मदद से 54 रन बनाकर 17वें ओवर में आऊट हो गए। तभी श्रीलंका का स्कोर 104 रन था। इसके बाद समरविक्रमा ने चरिथ असलांका के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। असलांका इस दौरान बेहतरीन टच में नजर आए। उन्होंने डिफेंसिव मोड अपनाए रखा और 33वें ओवर में आऊट होने से पहले 66 गेंदों पर 2 चौके और एक छक्के की मदद से 44 रन बनाए। समरविक्रमा 45वें ओवर तक 86 रन बना चुके थे लेकिन तभी धनंजय ने जोरदार हिट लगानी शुरू कर दी और श्रीलंका को जीत तक पहुंचा दिया। समरविक्रमा को 91 रनों पर संतोष करना पड़ा। जबकि धनंजय ने 37 गेंदों पर एक चौके और 2 छक्कों की मदद से 30 रन बनाए। नीदरलैंड की ओर से आर्यन दत्त 44 रन देकर 3 विकेट लेने में सफल रहे।

### स्कोर बोर्ड

| नीदरलैंड्स | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विक्रमजीत सिंह | 4 | 13 | 1 | 0 |
| मैक्स ओ'डाउड | 16 | 27 | 1 | 1 |
| कॉलिन ऐकरमैन | 29 | 31 | 5 | 0 |
| बास डलीडे | 6 | 21 | 0 | 0 |
| एन अनिल तेजा | 9 | 16 | 0 | 0 |
| स्कॉट एडवर्ड्स | 16 | 16 | 0 | 0 |
| साइब्रैंड एंगलब्रेख्त | 70 | 82 | 4 | 1 |
| लोगन वैन बीक | 59 | 75 | 1 | 1 |
| रुलॉफ वैन डर मर्व | 7 | 7 | 0 | 0 |
| आर्यन दत्त | 9 | 6 | 1 | 0 |
| पॉल वैन मीकरेन | 4 | 5 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 33, **कुल :** 262/10 (49.4 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-7, 2-48, 3-54, 4-68, 5-71, 6-91, 7-221, 8-244, 9-252, 10-262 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** दिलशान मदुशंका 9.4-1-49-4, कसुन रजिता 9-0-50-4, चमिका करुणारत्ना 9-1-58-0, महीश थीक्षणा 10-0-44-1, दुशान हेमंता 8-0-42-0, धनंजय डीसिल्वा 4-0-13-0

| श्रीलंका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पथुम निसंका | 54 | 52 | 9 | 0 |
| कुसल परेरा | 5 | 8 | 1 | 0 |
| कुसल मेंडिस | 11 | 17 | 2 | 0 |
| सदीरा समराविक्रमा | 91 | 107 | 7 | 0 |
| चरिथ असलंका | 44 | 66 | 2 | 1 |
| धनंजय डीसिल्वा | 30 | 37 | 1 | 2 |
| दुशान हेमंता | 4 | 3 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त :** 24, **कुल :** 263/5 (48.2 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-18, 2-52, 3-104, 4-181, 5-257 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** आर्यन दत्त 10-0-44-3, लोगन वैन बीक 10-0-57-0, पॉल वैन मीकरेन 8-1-39-1, बास डलीडे 3-0-29-0, रुलॉफ वैन डर मर्व 9-0-42-0, कॉलिन ऐकरमैन 8.2-0-39-1

# आज भारत-न्यूजीलैंड के बीच होगा महामुकाबला



**एजेंसी। धर्मशाला**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में रविवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप का महामुकाबला खेला जाना है। इस मैच को जीतकरभारत जहां प्वाइंट टेबल में नम्बर एक की पोजीशन हासिल करना चाहेगा वहीं न्यूजीलैंड भी अपने आप को नम्बर एक पर बने रहने की पुरजोर कोशिश करेगा। धर्मशाला में खेला जाने वाला यह मैच हाई वोलटेज होने वाला है। दोनों ही टीमें फिलहाल विश्व कप के अब तक खेले गए चार-चार लीग मैच जीतकर पहले और दूसरे नम्बर पर बनी हुई हैं। यह मैच दोनों ही टीमों के लिए नम्बर एक बनने के नाते काफी अहम है। भारत जहां धर्मशाला में अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखने के लिए एड़ी चोटी का जोर लाने वाला है वहीं न्यूजीलैंड भी इस मैच को जीतकर अपनी बादशाहत कायम रखना चाहेगा। विश्व कप के धर्मशाला को मिले पांच मैचों में से यहां भारत का यह एक मात्र मैच होगा। रविवार को खेले जाने वाला यह महामुकाबला डे-नाइट खेला जाना है। मैच दोपहर बाद दो बजे शुरू होगा। विश्व कप के हाई वोल्टेज मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त क्रेज

धर्मशाला में खेले जाने वाले विश्व क्रिकेट कप के इस हाई वोल्टेज मैच को देखने के लिए दर्शकों में काफी उत्साह है। धर्मशाला को मिले पांच मैचों में टीम इंडिया यहां एक मात्र मैच न्यूजीलैंड के साथ खेलेगी। इस मैच को देखने के लिए क्रिकेट प्रेमियों में भी जबरदस्त उत्साह है। मैच को देखने के लिए न सिर्फ प्रदेश के कौने कौने से बल्कि साथ लगते राज्यों से भी क्रिकेट के दीवाने धर्मशाला पंहुच रहे हैं। इस मैच के लिए दर्शकों की मौजूदगी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मैच की सभी टिकटें ऑनलाइन ही बिक चुकी हैं।

# झारखंड मलखंब टीम राष्ट्रीय खेल में हिस्सा लेने गोवा रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मलखंब टीम राष्ट्रीय खेल में भाग लेने शनिवार को गोवा रवाना हुई। झारखंड खेल विभाग के सहयोग से झारखंड ओलंपिक संघ ने टीम के सभी सदस्यों को किट्स देकर रवाना किया। मलखंब प्रतियोगिता 26 से 28 अक्टूबर तक कैम्पल खेल गांव पणजी में होगी।

**झारखंड पुरुष-महिला मलखंब टीम**

**पुरुष वर्ग :** निखिल कुमार (कप्तान), राकेश नायक (उप कप्तान), रोहण कुमार, पिंटू कुमार, कौशल कुमार, मनमीत सिंह गिल, विवेक कुमार (प्रशिक्षक)।

**महिला वर्ग :** अनुशिखा कुमारी (कप्तान), सरिता कुमारी (उप कप्तान), आरुषी कुमारी, काबेरी कुमारी, साक्षी कुमारी, नेहा कुमारी, प्रीति रानी (प्रशिक्षक), अजय झा (मुख्य प्रशिक्षक) अजय झा, शुभम सिंह (टीम प्रबंधक)।

## ऑस्ट्रेलियाई तैराक कायली ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में बनाया विश्व रिकॉर्ड

**बुडापेस्ट।** ऑस्ट्रेलिया की तैराक कायली मैककेन ने बैकस्ट्रोक स्पधाओं में अपना दबदबा कायम रखते हुए विश्व कप प्रतियोगिता में महिलाओं की 50 मीटर बैकस्ट्रोक में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। मैककेन ने 26.86 सेकंड का समय लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने चीन की लियू जियांग के 2018 में बनाए गए 26.98 सेकंड के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। मैककेन 50, 100 और 200 मीटर बैकस्ट्रोक स्पधाओं में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली पहली महिला बन गईं हैं। उन्होंने जुलाई में विश्व चैंपियनशिप में इन तीनों स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीता था। इससे पहले उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में 100 और 200 मीटर बैकस्ट्रोक में स्वर्ण पदक हासिल किया था। 50 मीटर बैकस्ट्रोक ओलंपिक में शामिल नहीं है।

# इंगलैंड की शर्मनाक हार, द. अफ्रीका ने 229 रन से हराया



**एजेंसी। मुंबई**

क्रिकेट विश्व कप 2019 की चैंपियन इंगलैंड को शनिवार के दिन वानखेड़े स्टेडियम में सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर इंग्लैंड को 400 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया था। हेनरिक क्लासेन ने 109 तो रीजा हेंड्रिक्स ने 85 रन बनाए थे। जवाब में इंगलैंड की टीम 170 रन ही बना पाई। यह क्रिकेट विश्व कप में उनकी 7वीं बड़ी हार है। सबसे बड़ी हार का नाम अफगानिस्तान के नाम पर हैं जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2015 विश्व कप के दौरान 275 रन से मैच गंवाया था।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने 7 विकेट पर 399 रन बनाए। यह विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका का सर्वोच्च स्कोर है। क्लासेन ने अपनी चौथी शतकीय पारी के दौरान 4 छक्के और 12 चौके जड़े। उन्होंने 67 गेंद में 109 रन बनाए। यानसेन ने 42 गेंद की नाबाद पारी में तीन चौके और छह छक्के की मदद से 75 रन बनाए। यह उनके करियर का पहला अर्धशतक है। इससे पहले रीजा हेंड्रिक्स (75 गेंद में 85 रन) और रासी वेन डर डुसेन (61 गेंद में 60 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। क्लासेन को उमस भरी गर्मी में अपनी पारी के दौरान नियमित रूप से तरल पदार्थ के सेवन करते देखा गया। वह ऐंठन की समस्या के बीच मैदान पर डटे रहे। वही दूसरी ओर इंग्लैंड के कुछ गेंदबाजों को मैदान से बाहर जाना पड़ा। क्लासेन ने मार्क वुड (सात ओवर में 76 रन) के खिलाफ छक्का और चौका लगाकर पारी के 47वें ओवर में 61 गेंद में इस साल का अपना तीसरा शतक पूरा किया। क्लासेन और यानसेन ने छठे विकेट के लिए सिर्फ 77 गेंदों पर 151 रन जोड़े, जो अब वनडे के साथ-साथ विश्व कप इतिहास में इंग्लैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के लिए एक रिकॉर्ड है। नियमित कप्तान तेम्बा बावुमा के बीमार पड़ने और क्विंटन डिकॉक (चार) के जल्दी आउट होने के कारण, दक्षिण अफ्रीका को दमदार बल्लेबाजी की जरूरत थी और उनके बल्लेबाजों ने यह सुनिश्चित किया। दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी 10 ओवरों में 143 रन बटोरे जिसमें से 46वें से 50वें ओवर में 84 रन बने। पारी की शुरूआत में रीस टॉपली (88 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर जोस बटलर के कैच को मैदानी अंपायर ने नकार दिया लेकिन रिव्यू के बाद डिकाक को पवेलियन की राह नापनी पड़ी। डुसेन ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी की जबकि हेंड्रिक्स ने कुछ करारे प्रहार किये।

### स्कोर बोर्ड

| साउथ अफ़्रीका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक | 4 | 2 | 1 | 0 |
| रीजा हेंड्रिक्स | 85 | 75 | 9 | 3 |
| रासी वान दर दुसें | 60 | 61 | 8 | 0 |
| एडन मारक्रम | 42 | 44 | 4 | 0 |
| हेनरिक क्लासेन | 109 | 67 | 12 | 4 |
| डेविड मिलर | 5 | 6 | 1 | 0 |
| मार्को यानसन | 75 | 42 | 3 | 6 |
| जेराल्ड कट्जी | 3 | 3 | 0 | 0 |
| केशव महाराज | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 15, **कुल :** 399/7 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-4, 2-125, 3-164, 4-233, 5-243, 6-394, 7-398 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** रीस टॉप्ली 8.5-0-88-3, डेविड विली 9-1-61-0, जो रूट 6.1-0-48-0, गस ऐटकिंसन 9-0-60-2, मार्क वुड 7-0-76-0, आदिल रशीद 10-0-61-2

| इंग्लैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जॉनी बेयरस्टो | 10 | 12 | 1 | 1 |
| डाविड मलान | 6 | 11 | 1 | 0 |
| जो रूट | 2 | 6 | 0 | 0 |
| बेन स्टोक्स | 5 | 8 | 1 | 0 |
| हैरी ब्रूक | 17 | 25 | 2 | 1 |
| जॉस बटलर | 15 | 7 | 2 | 1 |
| डेविड विली | 12 | 12 | 1 | 1 |
| आदिल रशीद | 10 | 14 | 1 | 0 |
| गस ऐटकिंसन | 35 | 21 | 7 | 0 |
| मार्क वुड | 43 | 17 | 2 | 5 |
| रीस टॉप्ली | - | - | - | - |

**अतिरिक्त :** 15, **कुल :** 170/9 (22 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-18, 2-23, 3-24, 4-38, 5-67, 6-68, 7-84, 8-100, 9-170 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** लुंगिसानी एनगिडी 5-1-26-2, मार्को यानसन 5-0-35-2, कगिसो रबाडा 6-1-38-1, जेराल्ड कट्जी 4-0-35-3, केशव महाराज 2-0-27-1

### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 4 | 4 | 0 | 8 | 1.923 |
| भारत | 4 | 4 | 0 | 8 | +1.659 |
| सा. अफ़्रीका | 4 | 3 | 1 | 6 | +2.212 |
| ऑस्ट्रेलिया | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.193 |
| पाकिस्तान | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.456 |
| बांग्लादेश | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.784 |
| नीदरलैंड्स | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.790 |
| श्रीलंका | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.048 |
| इंग्लैंड | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.248 |
| अफगानिस्तान | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.250 |

# एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता रुतुजा की निगाहें पेरिस ओलंपिक में भाग लेने पर



**एजेंसी। पुणे**

हांगझोउ एशियाई खेलों में रोहन बोपन्ना के साथ मिश्रित युगल में स्वर्ण जीतने के बाद उत्साहित भारतीय टेनिस स्टार रुतुजा भोसले का लक्ष्य अब 2024 पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करना और शीर्ष 200 में जगह बनाना है। भोसले, जिन्होंने सुपर टाईब्रेकर में चीनी ताइपे के लियांग एन-शुओ और हुआंग त्सुंग-हाओ पर जीत के लिए बोपन्ना के साथ साझेदारी की थी, फिलीपींस की एलेक्स एला से हारने से पहले महिला एकल में तीसरे दौर में पहुंची थी। भोसले हांगझोउ में अपने प्रदर्शन से काफी आत्मविश्वास महसूस कर रही हैं और उम्मीद कर रही हैं कि इसे अगले साल ओलंपिक खेलों के लिए एक सीढ़ी के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। मैंने पेरिस ओलंपिक पर अपनी नजरें जमा ली हैं। टेनिस में, अन्य खेलों की तरह एशियाई खेलों में जीत के बावजूद कोई ओलंपिक कोटा बुक नहीं कर सकता है। भोसले ने अपने प्रायोजकों पुनित बालन समूह (पीबीजी) के अध्यक्ष पुनित बालन द्वारा सम्मानित किए जाने के बाद टिप्पणी की, मुझे अपनी रैंकिंग में सुधार करना होगा और ग्रैंड स्लैम में सुरक्षित प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए 320 से शीर्ष 200 तक अपना रास्ता बनाना होगा। 27 वर्षीय भोसले ने पीबीजी की सहायता से अपनी विश्व रैंकिंग में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसके परिणामस्वरूप एकल में उनके करियर की सर्वोच्च रैंकिंग 313 हो गई है। उन्होंने पिछले दो वर्षों में सात आईटीएफ खिताब भी जीते हैं जिनमें छह युगल वर्ग में शामिल हैं।

**पैरा एशियाई खेल**

# प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने जीत के साथ की अभियान शुरू



**एजेंसी। हांगझू**

शीर्ष भारतीय शटलर प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने जीत के साथ अपने पैरा एशियाई खेलों के अभियान की शुरूआत की। प्रमोद भगत ने चीनी ताइपे के हि्संग चिह हुआंग पर आसान जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। यह मुकाबला खेल 31 मिनट तक चला और प्रमोद ने 21-9, 21-18 से जीत दर्ज की। अगले दौर में अब उनका सामना मालदीव के अब्दुल लतीफ मोहम्मद से होगा। मिश्रित युगल स्पर्धा में, प्रमोद भगत और मनीषा रामदास ने थाईलैंड के चानिडा श्रीनावाकुल को केवल 19 मिनट तक चले मैच में सीधे सेटों में 21-08, 21-14 से हराया। इस बीच, सुकांत कदम ने भी चीनी ताइपे के येह एन-चुआन के खिलाफ जीत दर्ज कर अपने टूर्नामेंट की शुरूआत की। सुकांत ने यह मुकाबला 25-23, 21-5 से जीता। अब अगले दौर में उनका मुकाबला मालदीव के अहमद फयाज से होगा। अन्य परिणामों में नितेश कुमार और मुरुगेसन थुलासिमथी ने मिश्रित युगल में एसएल3-एसयू5 ग्रुप स्टेज मैच में सीरिया के शीहा फेरस और मटर अल्ताफ को 2-0 से हराया। पुरुष एकल एसएच6 ग्रुप स्टेज मैच में कृष्णा नागर ने चीन के किंगताओ जेंग को 2-1 से हराया।

**पेरिस 2024 ओलंपिक** | **झारखंड में इंटरनेशनल हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी की तैयारी**

# 13जनवरी से रांची में फिह हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड इंटरनेशनल हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। एफआईएच ने महिला एफआईएच हॉकी (फिह हॉकी) ओलंपिक क्वालिफायर को चीन के चांगझौ से रांची में स्थानांतरित कर दिया है। यह फैसला चीनी महिला हॉकी टीम द्वारा हांगझू में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में जीत दर्ज कर पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए सीधे क्वालिफाई करने के बाद तय हुआ। महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर 13 से 19 जनवरी, 2024 तक रांची (झारखंड) के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। भारतीय महिला हॉकी टीम के अलावा आठ टीमें पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए एक-दूसरे से भिड़ेंगी। इसके अलावा अन्य एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर ओमान (मस्कट, पुरुषः15-21 जनवरी 2024) स्पेन (वालेंसिया, महिला और पुरुषः13-21 जनवरी) में खेले जाएंगे।

रांची द्वारा महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर की मेजबानी पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि रांची में वैश्विक हॉकी बिरादरी का स्वागत करना सम्मान की बात है। हम आने वाले समय में कुछ सर्वश्रेष्ठ एशियाई हॉकी टीमों की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जो 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक रांची में होना है, उसकी मेजबानी कर रहा है। इस आयोजन की मेजबानी से देश में बढ़ते खेल केंद्र के रूप में झारखंड की स्थिति और मजबूत होगी। हमारे पास खेलों का समर्थन करने का एक लंबा इतिहास है। हम इस तरह के प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी करके रोमांचित हैं।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पद्मश्री डॉ दिलीप तिर्की के मुताबिक हमें खुशी है कि एफआईएच ने हमें महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर की मेजबानी करने के भारत के प्रस्ताव का समर्थन किया है। यह हमारे खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा आयोजन है। हम रोमांचित हैं। भारतीय प्रशंसक निस्संदेह हमारे खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और पेरिस 2024 ओलंपिक में अपना स्थान सुरक्षित करने के दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देंगे। इस आयोजन की मेजबानी में सहायता के लिए झारखंड सरकार और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी धन्यवाद देना चाहते हैं।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह के मुताबिक एफआईएच द्वारा हमें रांची में क्वालिफायर खेलने की अनुमति देने के भारत के प्रस्ताव का समर्थन करना अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय हॉकी के बढ़ते प्रभाव को उजागर करता है। हमें यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए हम एफआईएच और उनके अटूट समर्थन के लिए झारखंड सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। घरेलू दर्शकों के सामने महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर में खेलने के अवसर पर भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा कि रांची में ओलंपिक क्वालिफायर की मेजबानी करना शानदार खबर है। यह हमें जगह पक्की करने के लिए पहले से कहीं अधिक प्रेरित करेगा। पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए भारतीय टीम रांची में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को उत्सुक है। भारतीय महिला हॉकी टीम ने हाल ही में संपन्न 19वें एशियाई खेलों हांग्जो में जापान पर 2-1 की जीत के बाद कांस्य पदक जीता है। इस जीत ने टीम के आत्मविश्वास को बढ़ा दिया है। अब पेरिस 2024 ओलंपिक में स्थान सुरक्षित करना है। उल्लेखनीय है कि रांची में महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर से पहले भारतीय टीम 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची में खेलेगी। उनका सामना जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया से होगा। इसमें थाईलैंड जैसी टीम भी शामिल है।